आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 78 | उज्जैन, शनिवार 04 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पाकिस्तान में गाय-भैंस पालने पर गोबर टैक्स लगाने की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब राज्य में गाय और भैंस पालने पर अब टैक्स लगाने की तैयारी हो रही है। पाकिस्तानी अखबार डेली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मरियम नवाज की सरकार हर गाय और भैंस पर रोजाना 30 पाकिस्तानी रुपए फीस देने का नियम बना सकती है। सरकार इस कदम को ग्रीन एनर्जी के रूप में पेश कर रही है। यह योजना सुथरा पंजाब बायोगैस प्रोग्राम का हिस्सा बताई जा रही है। यह प्रोग्राम दिसंबर 2024 में पंजाब राज्य में शुरू किया गया था। इसका मकसद कचरे को साफ करना और उससे बायोगैस बनाकर ऊर्जा तैयार करना है। वहीं विपक्षी दलों ने इस फैसले की कड़ी आलोचना कर इसे 'गोबर टैक्स' का नाम दिया है। उनका कहना है कि यह कदम दिखाता है कि सरकार आर्थिक दबाव में है और अब नए-नए तरीकों से पैसा जुटाने की कोशिश कर रही है।

### असम में यूसीसी लाएंगे, इससे आदिवासी बाहर रहेंगे : शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के गोलपाड़ा में चुनावी सभा में कहा कि राज्य में यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कोई चार शादी नहीं कर सकेगा। यूसीसी में कांग्रेस आदिवासियों को डराती है कि आप पर भी यूसीसी लगेगी लेकिन आदिवासियों को इससे बाहर रखा जाएगा। वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट में घुसपैठियों के नाम थे, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी उनके वोट से जीत चुके हैं। ऐसे में पहले उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। ममता ने दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी रैली के दौरान कहा कि बंगाल में अधिकारियों के तबादले इस तरह किए गए, जिससे बाहरी लोगों का राज्य में आना आसान हो सके। मालदा में दो दिन पहले न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना पर ममता बनर्जी ने एआईएमआईएम और आईएसएफ को जिम्मेदार ठहराया।

#### सैयारा के बाद

### अहान पांडे को मिली दूसरी फिल्म



डायरेक्टर ने शूटिंग से एक्टर का लुक शेयर किया, शरवरी के साथ करेंगे रोमांस

**मुंबई।** फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म अभी अनटाइटल्ड है और यह यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनेगी। जिसमें सैयारा से डेब्यू करने वाले अहान पांडे लीड रोल में होंगे। इसके अलावा फिल्म में शरवरी वाघ, ऐश्वर्य ठाकरे और बॉबी देओल भी होंगे। फिल्म को लेकर जानकारी देते हुए अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, और यह शुरू होता है। साथ ही उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें अहान पांडे की इंटेंस आंखें और एक क्लैपबोर्ड दिखाई दे रहा है। यह उनके किरदार की शुरुआती झलक मानी जा रही है, जिसमें एक्शन और रोमांस के एलिमेंट्स मिले हुए हैं। बता दें कि यह फिल्म आदित्य चोपड़ा और अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म होगी। इससे पहले दोनों मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है, में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म को लेकर आईएएनएस के साथ बातचीत में एक सूत्र ने बताया कि सैयारा की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद अहान पांडे को जेन जेड के प्रमुख मेल एक्टर्स में माना जा रहा है। वहीं शरवरी मुंज्या जैसी 100 करोड़ रुपए की फिल्म का हिस्सा रह चुकी हैं। सूत्र के अनुसार, दोनों कलाकारों ने अपनी एक्टिंग के दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने की क्षमता दिखाई है। इसी वजह से बड़े फिल्ममेकर इन पर भरोसा जता रहे हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि अली अब्बास जफर इस जोड़ी के साथ एक ऐसी फिल्म बना रहे हैं जिसमें रोमांस मुख्य होगा और साथ में एक्शन भी शामिल रहेगा। लंबे समय बाद नए कलाकारों के साथ ऐसी फिल्म बनाई जा रही है, जिनकी बॉक्स ऑफिस पर पहचान बन चुकी है।

### सीएम मान बोले- संसद में पंजाब के बजाय समोसे की बात करते हैं राघव

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर जमकर निशाना साधा है। राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने और उनके द्वारा जारी किए गए वीडियो संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम मान ने स्पष्ट किया कि चड्ढा ने संसद में कभी भी पंजाब के असली मुद्दे नहीं उठाए। मुख्यमंत्री ने उन पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि एक सांसद के रूप में राघव चड्ढा ने कभी भी पंजाब के हकों की बात नहीं की। मान ने सीधा आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के रोके गए हजारों करोड़ रुपये के फंड के बारे में राघव ने संसद में कभी कोई सवाल नहीं पूछा, लेकिन समोसे जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को संसद में जरूर उठाया।

### हाथियों ने चार मजदूरों को कुचला, तीन की दर्दनाक मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में शुक्रवार को हाथियों के हमले ने दहशत फैला दी। गोला और मुरपा इलाके में जंगली हाथियों ने चार मजदूरों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह उस समय हुई जब मजदूर अपने काम में लगे हुए थे। अचानक हाथियों का झुंड वहां पहुंचा और मजदूरों को निशाना बना लिया। हमले में मजदूरों को कुचल दिया गया, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पतरातू के तालाटांड निवासी धीरज भुइंया, कुजू के युगल भुइंया और मुरपा गांव के श्यामदेव के रूप में हुई है। श्यामदेव की उम्र करीब 70 साल बताई जा रही है, जबकि अन्य दो मजदूर अपेक्षाकृत कम उम्र के थे। घटना में एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

#### अमेरिका का एफ-35 फाइटर जेट गिराया, पूरे इलाके में अमेरिकी ठिकाने तबाह करने की धमकी


# ईरान का अमेरिकी पायलट को हिरासत में लेने से इनकार

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

ईरान ने दावा किया है कि उसने शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट गिरा दिया है। हालांकि उसके पायलट को हिरासत में लेने की खबरों से इनकार कर दिया।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि इस जेट का पायलट ईरान की हिरासत में है। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान गिरने से पहले पायलट ने कूदकर अपनी जान बचाई और वह ईरान के अंदर ही कहीं उतरा।

अपने पायलट को ढूंढने के लिए अमेरिकी सेना ने कोहगिलुयेह और बोयेर-अहमद जिले में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर और सी-130 हरक्यूलिस विमान लगाए गए। वहीं ईरानी सेना ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजराइल ने उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले बढ़ाए, तो वह पूरे मिडिल ईस्ट में उनके ठिकानों को निशाना बनाएगा। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम मिडिल ईस्ट में आपके पूरे ठिकाने खत्म कर देंगे।





**ईरान ने एफ-35 विमान के मलबे की तस्वीर जारी की**

ईरान ने एक विमान के कुछ टुकड़ों की तस्वीर जारी की हैं। ईरान का दावा है कि यह मलबा अमेरिकी एफ-35 विमान का है, जिसे उसने आज गिराया है।

**ईरान जंग की वजह से ईयू बजट नियमों में ढील दे सकता है-** इटली के अर्थव्यवस्था मंत्री ने कहा है कि यूरोपियन यूनियन (ईयू) अपने बजट घाटा नियमों में ढील दे सकता है। अभी एव देशों को जीडीपी के 3% से ज्यादा घाटा रखने की इजाजत नहीं है। लेकिन ईरान युद्ध के कारण ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, इसलिए अगर हालात ऐसे ही रहे तो नियमों में बदलाव करना पड़ सकता है।

### भारत बोला- हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए



ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे।

### ईरान की चेतावनी- पूरे इलाके में अमेरिकी ठिकाने तबाह करेंगे

ईरान की सेना ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजराइल ने उसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले बढ़ाए, तो वह पूरे मिडिल ईस्ट में उनके ठिकानों को निशाना बनाएगा। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा- अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम आपके पूरे क्षेत्र के ठिकाने खत्म कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं उन्हें भी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### बी1 ब्रिज पर हमला

अमेरिका और इजराइल ने कल ईरान के करज शहर में बी1 ब्रिज पर दो बार हमला किया था। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और पुल पूरी तरह तबाह हो गया।

---

#### प्रदेश में 35 साल की सेवा पर चतुर्थ क्रमोन्नति के सरकार ने जारी किए आदेश

## शिक्षकों को मिलेगा पौने 2 लाख का एरियर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए चतुर्थ क्रमोन्नति (फोर्थ टाइम स्केल) लागू करने का फैसला कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अब शिक्षकों को 12, 24 और 30 साल की सेवा के बाद मिलने वाले लाभ के साथ 35 साल की सेवा पूरी करने पर भी अतिरिक्त वेतनमान का फायदा मिलेगा।

यह नया वेतनमान 1 जुलाई 2023 से लागू माना जाएगा। इससे प्रदेश के करीब 1.5 लाख शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा। इन शिक्षकों को सवा लाख से लेकर करीब 1.80 लाख रुपए तक का एरियर मिलने का अनुमान है।

सरकार के इस फैसले से उन शिक्षकों को राहत मिलेगी, जो पदोन्नति के पात्र नहीं बन पाए, लेकिन लंबी सेवा पूरी कर चुके हैं। अब उन्हें क्रमोन्नति के जरिए उच्च वेतनमान दिया जाएगा। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को उनके पद के अनुसार यह लाभ मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के मुताबिक, 35 साल की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को उच्चतर पे-लेवल का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी सैलरी में भी बढ़ोतरी होगी। वित्त विभाग ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।



### शिक्षक दिवस पर सीएम ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस के मौके पर इस योजना की घोषणा की थी। इसके बाद कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे लागू कर दिया गया है।

### सरकार पर करीब 117 करोड़ रुपए का भार

1 जुलाई 2023 तक 35 साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को एरियर का लाभ मिलेगा, जबकि 2023 से 2026 के बीच सेवा पूरी करने वालों को उनकी पात्रता की तारीख से एरियर दिया जाएगा। इस फैसले से राज्य सरकार पर करीब 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में एवलांच की आशंका

एजेंसी ▸▸ शिमला

देश के कई राज्यों में अगले तीन दिन मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में एवलांच की आशंका जताई गई है। हिमाचल के अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल इलाके में एवलांच के खतरे को देखते हुए पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी है। वहीं जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में लोगों को पहाड़ी और बर्फीले क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

## पत्नी ने सुपारी देकर कराई बीएसएफ जवान की हत्या

#### शादी के जेवर बेचकर शूटर को 6 लाख दिए

एजेंसी ▸▸ मेरठ

मेरठ में बीएसएफ के जवान की हत्या उसकी पत्नी ने सुपारी देकर कराई थी। इसमें उसके बॉयफ्रेंड ने साथ दिया था। बॉयफ्रेंड ने अपने 3 दोस्तों को 6 लाख रुपए में जवान की हत्या की सुपारी दी थी। ये रुपए पत्नी ने अपने जेवर बेचकर दिए थे। इसी पैसों से उसने तमंचा भी खरीदा था।

बॉयफ्रेंड बीएसएफ जवान का मौसेरा भाई है। उसके और जवान की पत्नी के बीच अवैध संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन, बीएसएफ जवान इसका विरोध कर रहा था। इसके चलते पत्नी ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर जवान की हत्या की प्लानिंग की। 27 मार्च की देर रात बॉयफ्रेंड ने जवान की हत्या करा दी। पुलिस ने पत्नी कोमल और बॉयफ्रेंड गुलशन समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। इस दौरान कोमल बेहाश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मामला इंचौली थाना क्षेत्र का है।



#### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में

## आत्मघाती कार बम हमला

एजेंसी ▸▸ बन्नू


पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती कार बम हमला हुआ। हमले में 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 13 लोग घायल हुए हैं, इनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। डॉन के मुताबिक विस्फोटकों से भरी कार पुलिस स्टेशन के पिछले हिस्से से टकराई, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद कुछ देर तक फायरिंग भी हुई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पुलिस स्टेशन का सेंट्री पोस्ट पूरी तरह नष्ट हो गया और इमारत का बड़ा हिस्सा मलबे में बदल गया। आसपास के कई घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा और कुछ मकान ढह गए, जिससे कई लोग मलबे में दब गए।

#### पाकिस्तान में डीजल 55% और पेट्रोल 43% महंगा

## पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपये के पार पहुंचा

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हो गया है। एक लीटर पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपए (पाकिस्तानी रुपए) के पार पहुंच गया है। सरकार ने पेट्रोल में 43% और हाई-स्पीड डीजल के दाम में 55% का इजाफा किया है। यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद लिया गया है। नई दरें गुरुवार आधी रात से लागू हो गई हैं। पाकिस्तान में पेट्रोल 137.23 बढ़कर 458.41 और डीजल 184.49 बढ़कर 520.35 रुपया प्रति लीटर पर पहुंच गया। केरोसिन के दाम भी 34.08 रुपया बढ़ाकर 457.80 रुपया प्रति लीटर कर दिए हैं।



पिछले महीने पेट्रोल-डीजल 55 रुपया महंगा हुआ था। तब पेट्रोल 321.17 और डीजल 335.86 रुपया था। पाकिस्तान के 1 रुपए की वैल्यू भारत के 33 पैसे बराबर होती है। यानी भारत के 100 रुपए की वैल्यू पाकिस्तान में करीब 300 रुपए के बराबर है।

## दतिया विधायक की विधानसभा सदस्यता खत्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

विधानसभा सचिवालय ने दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म करने का आदेश जारी कर दिया है। गुरुवार देर रात करीब साढ़े दस बजे प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा विधानसभा पहुंचे। इसके बाद सचिवालय खोलकर भारती की सीट रिक्त घोषित करने का पत्र चुनाव आयोग को भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई।

शर्मा आदेश टाइप करा रहे थे, इसी बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और दूसरे नेता भी विधानसभा पहुंच गए। दोनों नेता सीधे प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा के चैंबर में पहुंचे और पूछा कि इतनी रात में विधानसभा क्यों खोली गई?

#### बिहार के मोतिहारी जिले में कई घरों के चिराग बुझा दिए

## जहरीली शराब से 4 की मौत

### 15 बीमार, 6 ने खोई आंखों की रोशनी

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार के पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले में जहरीली शराब ने कई घरों के चिराग बुझा दिए हैं। रघुनाथपुर और तुरकौलिया थाना क्षेत्र के बालगंगा और आसपास के गांवों में शराब पार्टी के बाद लोगों की तबीयत बिगड़नी शुरू हुई। देखते ही देखते मौतों का सिलसिला शुरू हो गया, जिस कारण पूरे इलाके में कोहराम मच गया। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 लोग जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। साथ ही इस कांड में 6 लोगों की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए चली गई है।

जानकारी के मुताबिक, इस शराबकांड में पहली मौत गुरुवार सुबह और दूसरी गुरुवार रात को हुई थी, जिसके बाद शुक्रवार को परीक्षण मांझी (46 वर्ष) और हरदिया निवासी हीरालाल भगत की मौत से हड़कंप मच गया। अब तक इस त्रासदी में जान गंवाने वालों में पुलवा घाट के 28 वर्षीय चंदू कुमार भी शामिल हैं, जिनका परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। इसके अलावा, शंकर सरैया परसौना निवासी 30 वर्षीय प्रमोद यादव और परीक्षण मांझी की मौत हुई है।

### एसएचओ निलंबित चौकीदार गिरफ्तार



इस घटना से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने तुरकौलिया के थाना प्रभारी उमाशंकर मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस बीच गांव के चौकीदार भारत राय को शराब माफिया के साथ मिलीभगत के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक प्रमोद यादव और हीरालाल भगत के परिवारों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर पुलिस ने रघुनाथपुर और तुरकौलिया पुलिस स्टेशनों में हत्या के मामले दर्ज किए हैं।
जहरीली शराब का असर इतना जानलेवा था कि बीमार पड़े 15 लोगों में से 6 से 7 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई है। सदर अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक अब तक 8 से 9 लोगों को भर्ती किया गया है, इनमें से दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि जिस किसी ने भी यह शराब पी है, वह घबराए नहीं, बल्कि तुरंत इलाज के लिए अस्पताल आए।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जल जीव संकट में जिम्मेदार नजरअंदाजी में...

महाआयोजन के लिए तैयारी जमकर की जा रही है। इसके चलते निमार्णों की बाढ बह निकली है। शहर से लेकर पास के शहर तक निर्माण ही निर्माण चल रहे हैं। सडक चौडीकरण , गंदगी का डायवर्शन,उत्तर वाहिनी के घाट निर्माण एवं चौडीकरण किया जा रहा है। इन निमार्णों में नियमों का मात्र ठेके में हवाला दिया गया है।




धरातल पर नियमों को कोई नहीं देख रहा है। जिम्मेदारों को निमार्णों की पूर्णता की चिंता सताने लगी है। निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार भी धडाधड काम निपटाने में लगे हैं। उत्तर वाहिनी के तटों को बंध लगाने वाले निर्माण में ठेकेदार के नियमों की अनदेखी जल जीवों के जीवन का संकट बन रहा है। काम के दौरान फैल रही गंदगी और प्रदुषण को लेकर जिम्मेदार विभाग पूरी तरह से नजरअंदाजी किए हुए है। तमाम अधिकारी स्थलों पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी के तहत काम को करवाने में लगे हैं लेकिन अब तक इस विभाग के जिम्मेदारों को उनकी जिम्मेदारी ही समझ नहीं आ रही है। न तो ये ऐसे निर्माण स्थलों पर पहुंची ही रहे हैं और न ही ऐसे स्थलों पर जाकर संबंधित निर्माण करने वालों को गंदगी और प्रदुषण न फैले इसके लिए चेता ही रहे हैं। इससे काम करने वाले अगर अंजाने में कोई गलती कर रहे हैं तो उसे भी रोकने की स्थिति नहीं बन पा रही है और गंदगी प्रदुषण की स्थिति बराबर बढ रही है। बराबर इसका प्रभाव जलीय जीवों के जीवन पर संकट के रूप में रहना तय है। खुसूर-फुसूर है कि बोर्ड नाम का यह विभाग में बोर्ड पर और कागजों के दरमियान ही चल रहा है। इसके धरातल पर काम की स्थिति सफेद हाथी सी ही है। दिग्गज अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान भी इस विभाग के जिम्मेदारों की अनुपस्थिति रहती है। ऐसा भी संभव नहीं है कि निर्माण हों और प्रदुषण को कम करने और रोकने की दिशा में बोर्ड की पहल और समझाईश की जरूरत न हो । इसके बाद भी इस बोर्ड का होना और न होना बराबर सामने ही है। महाआयोजन निर्माण को पूर्ण कराने में व्यस्त अधिकारी भी इस बोर्ड को बोर्ड ही मान रहे हैं।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर आकर्षक श्रृंगार



**उज्जैन।** सिूर्य मुखी हनुमान महाकाल परिसर में गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव पर आकर्षक श्रृंगार कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया।

## ट्रैंडिंग




### कनाडा में मृत उज्जैन के छात्र गुरकीरत के पार्थिव शरीर का उज्जैन में अंतिम संस्कार

# एंबूलेंस ड्रायवर के हाथ जोडकर मां बोली धन्यवाद आपका जो पुत्र के अंतिम दर्शन करवाए

### शव यात्रा मार्ग में अनेक संस्थाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की, गुरूद्वारा श्री सुखसागर साहब भी ले जाया गया शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

21 दिन पूर्व कनाडा में एमबीए करने गए उज्जैन के निवासी छात्र गुरूकीरत पिता गुरजीत मनोचा की मृत्यु हो गई थी। उनके शव को शुक्रवार सुबह अहमदाबाद से उज्जैन लाया गया। इस दौरान गुरकीरत की मां रीतू मनोचा को जानकारी लगने पर वे एंबूलेंस ड्रायवर के पास पहुंची और हाथ जोडकर रूंधे गले से बोली झ धन्यवाद आपका जो पुत्र गुरकीरत के अंतिम दर्शन करवाए। इस दृश्य को देख रही उनके साथ की महिलाओं के साथ वहां खडे पुरूष भी अपने आंसू नहीं रोक सके।

14 मार्च को गुरूकीरत की कनाडा के Fort St. John, British Columbiaमें जघन्य हत्या कर दी गई थी। सवा साल पहले गुरूकीरत उज्जैन से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करने फोर्ट सेंट जॉन, ब्रिटिश कोलंबिया नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज गए थे। वे नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट पोस्ट-डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे।इसके बाद से उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया की जा रही थी।




### एंबूलेंस से लाया गया उज्जैन

गुरूवार रात को छात्र गुरकीरत का शव अहमदाबाद एयरपोर्ट लाया गया था। वहां आवश्यक कस्टम क्लियरेंस एवं दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पार्थिव शरीर परिजनों को सुपुर्द किया गया। अहमदाबाद की एक संस्था की एंबूलेंस से पार्थिव शरीर को शुक्रवार सुबह उज्जैन पार्श्वनाथ कालोनी देवास रोड लाया गया। एंबूलेंस का चार्ज रूपए 25 हजार रेडक्रास सोसायटी से कलेक्टर रोशनसिंह के आदेश पर भूगतान किया गया।

### एंबूलेंस चालक के आंसू छलक पडे

गुरूकीरत के पार्थिव शरीर को लाने की जानकारी मिलते ही मां रीतू कौर मनौचा विचलित होकर घर के द्वितीय तल से नीचे आई और एंबूलेंस चालक के पास जाकर रूंधे गले से हाथ जोडकर बोली धन्यवाद आपका जो पुत्र गुरकीरत के अंतिम दर्शन करवाए। इस स्थिति के दौरान रोज इस तरह के काम अंजाम देने वाला गुजरात निवासी ड्रायवर भी भावुक हो गया और अपने आंसू नहीं रोक सका। इस दौरान वहां उपस्थित अन्य महिलाएं एवं पुरूष भी भावुक हो गए।

### मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

अंतिम यात्रा से पूर्व गुरूकीरत के पार्थिव शरीर को घर के नीचे बनाएं गए स्थान पर रखा गया था । यहीं पर आकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने पहुंचकर गुरूकीरत के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मृतक के पिता गुरजीत मनौचा एवं मां रीतू कौर को ढांढस बंधाया।

### रास्ते भर अनेक समाज ने दी पुष्पांजलि

मनौचा परिवार के किराए के मकान के नीचे से ही शव यात्रा निकाली गई जो देवासरोड होते हुए अंतिम यात्रा संजीवनी हॉस्पिटल चौराहा, सुख सागर गुरुद्वारा साहिब (फ्रीगंज) में अरदास, टावर चौक, चामुंडा माता मंदिर, आगर रोड, मंगलनाथ मार्ग, पीपलीनाका रोड होते हुए चक्रतीर्थ श्मशान घाट पहुंची। इस दौरान रास्तेभर अनेक समाज एवं संगठनों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। श्री सुखसागर साहब गुरूद्वारा पहुंची यहां दर्शन और अरदास किया गया। घंटाघर पर सिंधी समाज ने बडी संख्या में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत शव यात्रा चक्रतीर्थ श्मसान पहुंची । चक्रतीर्थ पर विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया गया। इसके उपरांत चक्रतीर्थ पर शोक सभा में शव यात्रा में शामिल सिख समाज के वरिष्ठ,कनिष्ठ समाजजनों के साथ शहर के प्रतिष्ठित नागरिक,राजनेता सहित समाज सेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सिंहस्थ के लिए डलेगी नई रेल लाइन

### विकसित होगी '32 एक्स्ट्रा' ट्रेनों की संचालन क्षमता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ को देखते हुए रेलवे भी तैयारी कर रहा है। रेलवे इंदौर से उज्जैन के बीच कई सुविधाएं देगा, जिससे सिंहस्थ में ज्यादा से ज्यादा ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। नई लाइनों के साथ रेलवे बायपास लाइन भी बनाएगा, जिससे ट्रेनें इंजन बदले बिना मुड़ सकेंगी। इंदौर-उज्जैन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल भी लगेंगे, जिससे ट्रेन यात्रा सुरक्षित हो सकेगी। रेलवे रतलाम मंडल के प्रमुख स्टेशनों इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर (महू), लक्ष्मीबाई नगर और उज्जैन पर कोचिंग एवं टर्मिनल विकास कार्य चल रहे हैं। ये स्टेशन मालवा क्षेत्र के प्रमुख यात्री, धार्मिक और पर्यटन केंद्र है। इंदौर और उज्जैन के आसपास के स्टेशनों को भी संवारा जाएगा। इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में 7 नई पिट लाइनें और 16 नई स्टेबलिंग लाइनों की सुविधाएं जुटाई जाएंगी, जिससे प्रतिदिन 21 प्राइमरी मेंटेनेंस और 11 प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों सहित 32 अतिरिक्त ट्रेनों की संचालन क्षमता विकसित होगी।

## उमेश यादव महाकाल मंदिर पहुंचे, लिया आशीर्वाद



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में वैशाख मास के पहले दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। दोनों ने अपनी-अपनी पत्नियों के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहे। इस दौरान वे पारंपरिक धोती-सोला में थे। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया और नंदी को जल अर्पित किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने उनका स्वागत किया।



# गुड फ्राइडे पर निकाला धार्मिक जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रभु ईसा मसीह की याद मे पवित्र शुक्रवार को इसाई धर्मावलंबी गुड फ्राइडे मनाते हैं। आज शाम 6 बजे शहर के कैथोलिक इसाई लोगों ने मारिया नगर चर्च से हाथ मे क्रास लेकर एक जुलूस निकाला जो ऋषिनगर , पुष्पामिशन अस्पताल होते हुए पुनः कैथोलिक चर्च पहुंचा। ऋषिनगर मे लोगों ने पुष्पवर्षा की। कैथोलिक चर्च मे इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा हुई और ईसा मसीह को याद किया गया । फादर ने सभी धर्मावलंबियों से ईसा मसीह की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को शांति व भाईचारे के साथ जीने की अपील की। इस धार्मिक जुलूस मे समस्त कान्वेंट स्कूल की सिस्टर्स व कैथोलिक धर्मावलंबी सम्मिलित हुए।

## उज्जैन साइंस सेंटर के लोकार्पण मुख्यमंत्री बोले धार्मिक नगरी के साथ उज्जैन बनेगी विज्ञान नगरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, वरिष्ठ लेखक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी ने शुक्रवार को नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण, महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं इस विषय पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। । कार्यक्रम में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की वेबसाइट, ब्रोशर एवं पुस्तिका का विमोचन किया। आगामी सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन में 725 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

उन्होंने सैटेलाइट मेकिंग वर्कशॉप में छात्रों से चर्चा कर उत्साहवर्धन किया।अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनः महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शनी में विज्ञान पर आधारित मॉडलों का अवलोकन किया, प्राचीन भारतीय कालगणना की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में मेडिकल ड्रोन, एयर टैक्सी ड्रोन, एग्री ड्रोन आदि का प्रदर्शन भी हुआ।


चिंतक एवं लेखक सुरेश सोनी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में काल (समय) की अवधारणा अत्यंत गहन और वैज्ञानिक है। भारतीय कालगणना खगोलीय पिंडों की गति, ऋतु चक्र और प्रकृति के नियमों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य की समग्र प्रगति के लिए विज्ञान एवं तकनीक, कला, अध्यात्म, सामाजिकता और सामाजिक अर्थशास्त्र के बीच संतुलित समन्वय आवश्यक है। उज्जैन में स्थापित कालयंत्र इस प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से भारतीय वैज्ञानिक विरासत को समझने, प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने और विज्ञान को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया।

# आज से मौसम का अलर्ट, 60किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी आंधी; 7 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। शुक्रवार को सुबह से भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। आज पूरे प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है। श्योपुर, मुरैना, धार, शाजापुर, देवास, खरगोन, खंडवा, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, दमोह, पन्ना, सतना और रीवा में ओले गिर सकते हैं।

वहीं, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया, कटनी, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में आंधी, बारिश का अलर्ट है। दोपहर बाद मौसम बदलने लगेगा। शाम से आंधी का दौर शुरू हो सकता है।



### 7 अप्रैल तक ऐसा मौसम रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन यानी 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी भी चलेगी। कुछ जिलों में इसकी अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। बाकी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी।

### रात में 36 जिलों में हुई बारिश, 7 में ओले भी गिरे

इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के 36 जिलों के कुल 87 शहर या कस्बों में बारिश हुई। इनमें 7 जिलों में ओले भी गिरे। वहीं, 17 जिलों में तेज आंधी चली। सागर में रफ्तार सबसे ज्यादा 74किमी प्रतिघंटा रही। वहीं, सीहोर में 67 किमी और भोपाल में 60 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से आंधी चली।

अशोकनगर में 52किमी, विदिशा और आगर-मालवा में 50किमी, इंदौर में 49किमी, शिवपुरी में 48किमी, गुना में 46किमी, उज्जैन में 43किमी, बड़वानी में 41किमी, पचमढ़ी में 39किमी, धार में 37किमी, राजगढ़ में 31किमी, बैतूल-मंदसौर में 30किमी, नर्मदापुरम में 26किमी प्रतिघंटा रही। तेज आंधी की वजह से आधे भोपाल में बिजली 1 से 6 घंटे तक गुल रही। वहीं, 100 से ज्यादा शिकायतें बिजली कंपनी के पास पहुंची।

मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, रतलाम, नीमच, मंदसौर, भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, छिंदवाड़ा, भिंड में बारिश दर्ज की गई। वहीं, धार, राजगढ़, बैतूल, देवास, उज्जैन, अलीराजपुर और भिंड जिलों में ओलावृष्टि भी हुई।

सबसे ज्यादा बारिश अलीराजपुर के सेंधवा में सवा इंच तक हो गई। धार के डही, खरगोन के झिरन्या में पौन इंच से ज्यादा पानी गिरा। आ

### भोपाल में चली तेज आंधी, रात में बारिश

इससे पहले गुरुवार शाम को भोपाल में तेज आंधी चली। कोलार, रायसेन रोड, अवधपुरी, होशंगाबाद रोड, पुराने शहर समेत लगभग आधे से ज्यादा हिस्से की बिजली गुल हो गई। रात में बारिश होने लगी, जो तड़के तक छुटपुट होती रही।

### अक्षय तृतीया पर किए गए शुभ कार्य, दान-पुण्य और खरीदारी का फल अक्षय रहता है और जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आता है। यही कारण है कि, इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, नए कार्य की शुरूआत आदि जैसे शुभ काम किए जाते हैं।

# 19 अप्रैल को शुभ संयोग में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुभ योग के साथ वैशाख माह प्रारंभ हो चुका है और इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अत्यंत शुभ माना जाता है। बता दें, इस दिन को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है, जिसे आखा तीज भी कहते हैं। मान्यता है कि, इस दिन सोना-चांदी, गाड़ी-घर व अन्य चीजों की खरीदारी करना कल्याणकारी होता है। इसके शुभ प्रभाव से व्यक्ति के धन-धान्य में वृद्धि होती हैं और घर में बरकत भी होती हैं। शास्त्रों में अक्षय तृतीया को वर्ष के सबसे शुभ मुहूर्तों में गिना जाता है, क्योंकि इसका अर्थ ही कभी न खत्म होने वाला फल है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, इस दिन क्या खरीदना लाभकारी होता है।



### कब है अक्षय तृतीया 2026

इस साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारंभ 19 अप्रैल को सुबह 10:50 से होगा। इसका समापन 20 अप्रैल 2026 को सुबह 7:28 पर हो रहा है।चूंकि मध्याह्नव्यापिनी तृतीया तिथि 19 अप्रैल की दोपहर में ही मिलेगी। इसलिए अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को मनाई जाएगी।

### अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें?

अक्षय तृतीया पर सोना और चांदी खरीदना शुभ होता है। यह सुख-समृद्धि और वैभव का प्रतीक है। इस दिन इसे घर लाने पर बरकत होती हैं और खुशियां बढ़ती हैं।

आप भगवान के लिए नए वस्त्र की खरीदारी भी कर सकते हैं। इससे मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं।

अक्षय तृतीया के दिन नए वाहन, घर या किसी संपत्ति की खरीदारी भी कर सकते हैं। यह लाभकारी होता है और सभी तरह की बाधाएं भी दूर होती हैं।

इस दिन आप पीतल के बर्तन भी खरीद सकते हैं। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं और मान-सम्मान बढ़ता है।

तुलसी का पौधा घर लाना बेहद शुभ होता है। इससे देवी लक्ष्मी का वास घर में होता है।

पीले रंग की वस्तुएं खरीदना भी अच्छा माना जाता है। इससे समृद्धि और शुभता बढ़ती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नरवाई प्रबंधन के बारे में जनजागरण के लिए रथ

**इंदौर।** फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। नरवाई जलाते पाये जाने पर 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा। नरवाई प्रबंधन के बारे में जनजागरण के लिए गाँव-गाँव तक रथ पहुँचेगा। इस रथ को अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। किसानों को नरवाई प्रबंधन के तौर-तरीके बताये जाए तथा उन्हें जागरूक करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया करायें। निदेर्शानुसार 02 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि से संबंधित मैदानी अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के पटवारी/पंचायत विभाग के पंचायत सचिव के साथ समन्वय कर कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों से किसानों को अवगत कराया जायेगा तथा फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन की तकनीकी जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

### होटल मैनेजमेंट में करियर बनाने का सुनहरा अवसर

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत संचालित एवं नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) नोएडा से मान्यता प्राप्त स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) इंदौर होटल उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है। राऊ स्थित यह संस्थान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रदान करता है। साथ ही इंदौर सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ यहाँ सौम्य जलवायु, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, आईआईटी आईआईएम जैसे शीर्ष स्तरीय शैक्षणिक केंद्र होने के कारण विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। उज्जैनझ्ओंकारेश्वर की निकटता और व्यावसायिक गतिशीलता भी इंदौर शहर की प्रमुख विशेषता है। यह जानकारी देते हुए स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर के प्राचार्य डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि एसआईएचएम (राऊ) इन्दौर में पाठ्यक्रम राऊ में स्थित एस.आई.एच.एम. इन्दौर में जवाहरलाल नेहरु वि.वि. द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमुख कोर्स, बी.एस.सी. हॉस्पिटैलिटी और होटल एडमिनिस्ट्रेशन (3 वर्ष) हेतु नामांकन करा सकते हैं।

### गर्मी के मौसम में पशुओं से कार्य लेने पर प्रतिबंध, आदेश जारी

**इंदौर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग इंदौर द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गर्मी के दौरान पशुओं के उपयोग पर दोपहर के समय प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार एक अप्रैल 2026 से 10 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच, जब तापमान अधिक रहता है, उस अवधि में भार वाहक पशुओं से किसी भी प्रकार का कार्य लेना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान बैलगाड़ी, तांगा, ऊंटगाड़ी, भैंसागाड़ी, खच्चर, टट्टू एवं गधों पर वजन ढोने या सवारी कराने से पशुओं के बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पशु मालिकों से अपील की गई है कि वे इस अवधि में पशुओं को कार्य में न लगाएं। निदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित पशु मालिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है। साथ ही, पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे पशुओं को छायादार स्थान पर विश्राम दें और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराएं पशुपालन विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं पशुओं के साथ क्रूरता या नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जा सकती है।

### हनुमान लोक मंगल, विनम्रता, सेवा भाव के हैं प्रतीक

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तीर्थ, परंपराओं, लोक कलाओं और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए सतत कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक चेतना का जो नव जागरण हुआ है, मध्यप्रदेश उसका साक्षी बन रहा है। मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार सुशासन, जनकल्याण और समन्वय के माध्यम से प्रदेश में रामराज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य पर्व की मंगल बेला में पांढुर्णा के जामसांवली में रघुकुलनंदन के प्रिय भक्त के दिव्यधाम श्री हनुमान लोक के पहले चरण का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विश्वास है कि अतुलित बल के स्वामी, परम ज्ञानी, दयालु, श्रीराम के प्रिय भक्त, पवन पुत्र हनुमान जी, लोक मंगल-कर्मठता-विनम्रता-सेवा भाव और समर्पण के प्रतीक हैं। व्यक्ति में सामर्थ्य होने पर वह अक्सर अहंकारी हो जाता है, लेकिन हनुमान जी ने सिखाया कि सच्चा बल वही है, जो सेवा में लगे और जो समर्पित भाव से कार्य करें। मन की एकाग्रता और अनुशासन, पवन पुत्र हनुमान के विशेष गुण हैं। वे कर्मकांड नहीं अपितु सतत प्रयासों से उद्देश्य प्राप्ति के लिए हमें प्रेरित करते हैं। इन्हीं विचारों और मूल्यों को जामसांवली का श्री हनुमान लोक जीवंत करेगा।

### घटना को सोची-समझी साजिश बताया; निष्पक्ष जांच की मांग

# सत्तन गुरु की बेटी कनुप्रिया का पीएम को खुला पत्र

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

29 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित नगर निगम के भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन (सत्तन गुरु) के साथ हुई कथित अपमानजनक घटना अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। सत्तन गुरु की बेटी कनुप्रिया सत्तन, जो हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुई हैं, ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम को सुनियोजित साजिश करार दिया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कनुप्रिया सत्तन ने अपने पत्र में लिखा है कि यह घटना न केवल उनके पिता के साथ अपमानजनक है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भी है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम में अनावश्यक विवाद पैदा करने की सोची-समझी चाल बताया है। कनुप्रिया ने पत्र में उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयार की गई मंच अतिथि सूची में सत्यनारायण सत्तन का नाम पूर्व निर्धारित रूप से शामिल था। कार्यक्रम स्थल पर उनकी नामांकित सीट से नाम की स्लिप हटाए जाने की घटना जानबूझकर की गई कार्रवाई प्रतीत होती है। उनका कहना है कि यह एक सुनियोजित प्रयास लगता है, जिसका उद्देश्य मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अनावश्यक विवाद और व्यवधान उत्पन्न करना था। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम एक मुख्यमंत्री-विरोधी मंत्री के इशारे पर किया गया बताया जा रहा है, जिससे राजनीतिक असहजता पैदा हो सके। उन्होंने यह भी लिखा कि सत्तन गुरु ने वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहकर संगठन, विचारधारा और राष्ट्रहित के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पत्र में कनुप्रिया ने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।



#### क्या हुआ था दशहरा मैदान पर?

29 मार्च को नर्मदा चौथे चरण से जुड़े बड़े सरकारी कार्यक्रम में मंच पर 69 अतिथियों की सूची तैयार की गई थी। सूची में सत्तन जी का नाम 26वें नंबर पर था और उनकी कुर्सी भी लगाई गई थी। लेकिन मंच पर पहुंचते ही एक कार्यकर्ता ने उन्हें रोक लिया और कहा कि सूची में नाम नहीं है। नाम की स्लिप गायब थी। इससे आहत होकर सत्तन गुरु कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वापस लौट गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई बड़े नेता मौजूद थे।

#### भाजपा का डैमेज कंट्रोल कांग्रेस का हमला



घटना के अगले दिन भाजपा इंदौर शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सत्तन गुरु के घर पहुंचे। उन्होंने बंद कमरे में लंबी बातचीत की और कहा, सत्तन गुरु हमारे मार्गदर्शक हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम 25 बार माफी मांग लेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी व्यक्तिगत रूप से फोन कर खेद जताया और गलती से पर्ची न लग पाने की बात कही। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस मौके को भुनाया। कांग्रेस के जिला सेवादल कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश जोशी और अन्य नेताओं ने सत्तन गुरु के घर पहुंचकर उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया और भाजपा पर तीखा हमला बोला।

### मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड रिजल्ट की उलटी गिनती शुरू

# 15 के पहले नतीजे संभव, 16 लाख छात्रों को इंतजार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब सबसे बड़ा इंतजार खत्म होने की कगार पर है। 10वीं और 12वीं के करीब 16 लाख छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल जल्द ही परिणाम जारी करने वाला है। विभाग की कोशिश है कि 15 अप्रैल से पहले ही रिजल्ट घोषित कर दिया जाए, जबकि संभावित तारीख 7 से 12 अप्रैल के बीच मानी जा रही है।इस बार शिक्षा विभाग समयबद्ध परिणाम पर खास फोकस कर रहा है ताकि छात्रों का अगला सत्र प्रभावित न हो। कॉपियों की जांच, डेटा एंट्री और क्रॉस वेरिफिकेशन जैसे सभी अहम काम अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस बार रिजल्ट पूरी तरह सटीक और त्रुटिरहित रहेगा।






#### परीक्षा में बड़ी भागीदारी

इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में रिकॉर्ड स्तर पर छात्र शामिल हुए। करीब 9.07 लाख विद्यार्थियों ने 10वीं और लगभग 7 लाख ने 12वीं की परीक्षा दी। पूरे प्रदेश में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिससे परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से पूरा कराया गया। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी निगरानी और वीडियोग्राफी जैसी व्यवस्थाएं लागू की गईं। इसके बावजूद प्रदेशभर में करीब 100 नकल के मामले सामने आए। मुरैना में सबसे ज्यादा 41 केस दर्ज हुए, जबकि भोपाल दूसरे स्थान पर रहा जहां 20 प्रकरण बने। रिजल्ट जारी करने से पहले हर स्तर पर डबल चेकिंग की जा रही है। बोर्ड यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसी भी छात्र के परिणाम में त्रुटि न हो। इसी कारण अंतिम प्रक्रिया को बेहद सावधानी से पूरा किया जा रहा है।

#### हर साल बदलता प्रदर्शन



बीते वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि रिजल्ट का प्रतिशत लगातार उतार-चढ़ाव से गुजरता रहा है। कभी पास प्रतिशत गिरा तो कभी सुधार देखने को मिला। ऐसे में इस साल के नतीजे को लेकर भी उत्सुकता बनी हुई है। यदि तय समयसीमा के भीतर परिणाम जारी हो जाता है, तो छात्रों को कॉलेज एडमिशन और अगली पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। यही वजह है कि इस बार शिक्षा विभाग रिजल्ट को जल्द जारी करने पर पूरी ताकत लगा रहा है।

### लोहे का सरिया गले में घुसने के बावजूद युवक की बचाई जान



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आनंद नगर, जिला खरगौन निवासी 30 वर्षीय सद्दाम, जो पेशे से मिस्त्री है, एक गंभीर हादसे का शिकार हो गया। 01 अप्रैल 2026 को प्रातः लगभग 10:30 बजे कार्य के दौरान उसके गले में लोहे का सरिया घुस गया, जिससे उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल खरगौन से उसे तत्काल इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। एमवाय अस्पताल पहुंचने पर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द शुक्ला के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आपातकालीन सर्जरी की। चिकित्सकीय टीम में डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. उपेन्द्र पाण्डेय, डॉ. रामेंद्र गुर्जर, सीनियर रेजिडेंट डॉ. सुब्रजीत नायक सहित अन्य जूनियर डॉक्टर शामिल रहे। टीम ने कुशलता एवं तत्परता से ऑपरेशन कर युवक के गले से लोहे का सरिया सफलतापूर्वक निकाल दिया।

# शातिर वाहन चोर इंदौर पुलिस की गिरफ्त में आया

### आरोपी से चोरी की 8 लाख रुपये कीमती की बोलेरो कार बरामद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर नगरीय क्षेत्र में चोरी/नकबजनी वाहन चोरी आदि के अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-1 कृष्ण लालचंदानी एंव अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग गांधीनगर निधि सक्सेना द्वारा दिये निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना राजेन्द्रनगर ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा गया है।

पुलिस थाना राजेन्द्रनगर पर दिनांक 18.03.2026 को फरियादी संदीप जायसवाल ने अपनी बोलेरो कार क्रमांक एमपी09.कर.6184 को अज्ञात बदमाश द्वारा रात्री के समय चोरी किये जाने के सम्बंधी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना राजेन्द्रनगर पर अपराध क्रमांक-55/2026 धारा 303(2) बीएनएस.2023 का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एंव मार्गदर्शन में अज्ञात वाहन चोर की पतारसी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा द्वारा घटना स्थल से प्रारंभ कर करीबन 200-300 सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तथा सीसीटीव्ही कैमरे में अज्ञात के हुलिये के मुताबिक संदिग्धों की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र को मजबूत कर अज्ञात वाहन चोर की पतारसी की गई। लगातार कई सीसीटीव्ही कैमरे देखने के बाद चोरी गया वाहन सांईनाथ कालोनी केट रोड राऊ इंदौर के आसपास देखा गया। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली की पूर्व आभ्यासिक अपराधी विनोद ठाकुर उम्र 45 साल निवासी ओम साँई नाथ कालोनी केट रोड़ राऊ इन्दौर ने उक्त चोरी की घटना का अंजाम दिया है।



#### आरोपी के पूर्व में भी तीन आपराधिक रिकार्ड

मुखबिर सूचना एंव सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की जानकारी मिली की काफी दिनों से घर से गायब है तब आरोपी की लगातार पतारसी तलाश की गई। पुष्टि होने पर विनोद ठाकुर को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी द्वारा पूछताछ के दौरान बोलेरो चोरी की घटना करना स्वीकार किया आरोपी द्वारा दिये गये मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया वाहन को जप्त किया गया। आरोपी का आपराधिक रिकार्ड चेक करने पर आरोपी के विरुद्ध 3 आपराधिक रिकार्ड इसी आशय के होना पाये गये। आरोपी के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं तथा अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही हैं।

# फर्जी दस्तावेजों से प्लॉट नामांतरण कराने का आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में जमीन विवाद से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ने कुख्यात बदमाश और कुछ नगर निगम अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट अपने नाम कराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता कार्तिक शास्त्री निवासी बजरंग नगर के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2018 में न्याय नगर एक्सटेंशन क्षेत्र में स्थित प्लॉट नंबर 167 और 168 पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदे थे। दोनों प्लॉट 1500-1500 वर्गफीट के हैं और प्रत्येक की कीमत 30 लाख रुपए बताई गई है। शिकायत के मुताबिक प्लॉट नंबर 167 कार्तिक शास्त्री के नाम पर तथा प्लॉट नंबर 168 उनकी माता सुनीता शास्त्री के नाम से खरीदा गया था। कार्तिक ने आरोप लगाया कि प्लॉट खरीदने के बाद उन्होंने दोनों भूखंडों पर अपने स्वामित्व का बोर्ड भी लगाया था, लेकिन बाद में उन्हें जानकारी मिली कि कुख्यात बदमाश हेमंत यादव द्वारा कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर नगर निगम के राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण कराने की कोशिश की गई। शिकायत में यह भी आरोप है कि इस पूरे मामले में नगर निगम के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ कर रिकॉर्ड में बदलाव कराया

### राऊ थाने में प्रधान आरक्षक पर दुर्व्यवहार के आरोप

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच और निलंबन की मांग उठाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राऊ थाना क्षेत्र में पदस्थ प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी पर एक महिला के साथ कथित दुर्व्यवहार और अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। जानकारी के अनुसार एक पीड़ित महिला अपनी समस्या लेकर थाने पहुंची थी, जहां उसे अपेक्षित सम्मान और संवेदनशीलता नहीं मिली, बल्कि उसके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना के बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई और वे महिला के समर्थन में थाने पहुंचे।

बताया जा रहा है कि जब कार्यकर्ता महिला के साथ न्याय की मांग को लेकर थाना परिसर पहुंचे तो वहां प्रधान आरक्षक और कार्यकताओं के बीच विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि प्रधान आरक्षक ने कार्यकताओं के साथ भी बदसलूकी की और उन्हें हाथ पकड़कर थाने से बाहर निकालने का प्रयास किया। इस दौरान थाना परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया।





मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब यह पूरा घटनाक्रम थाना प्रभारी के सामने रखा गया। आरोप है कि संबंधित प्रधान आरक्षक ने थाना प्रभारी के समक्ष भी अनुशासनहीन रवैया अपनाया और वरिष्ठ अधिकारी की बातों को गंभीरता से नहीं लिया। इससे उपस्थित लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

#### कठोर कार्रवाई होना चाहिए

कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा थाने के पिछले 24 घंटे के सीसीटीवी फुटेज, वॉइस रिकॉर्डिंग सहित, सुरक्षित रखकर उसकी गहन जांच की जाए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। साथ ही दोषी पाए जाने पर प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई है। जिला सह मंत्री राम दांगी ने कहा कि यदि थाने में अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाली महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार होगा तो आमजन का पुलिस व्यवस्था से विश्वास उठेगा। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उस पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। पुलिस विभाग की गरिमा बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती और इस प्रकार के आचरण पर विशेष कठोर कार्रवाई होना चाहिए।

### उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन किया। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री शुक्ल का स्वागत एवं सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने केंद्रीय शिक्षा और कौशल मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का उज्जैन पहुंचन पर वीवीआईपी गेस्ट हाउस पर गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## न्यूज कालम



## विद्यार्थी मन लगाकर पढ़े और अनुशासन मे रहें, तभी भविष्य बनेगा

**मंडलेश्वर ।** महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्रवेश उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्य समिति सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा थे। विशेष अतिथियों मे राज्य शासन द्वारा नगर परिषद मंडलेश्वर मे मनोनीत एल्डरमैन अनिरुद्ध हल्वे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरी गाड़गे एवं पार्षद नितिन पाटीदार शामिल थे। प्राचार्य जे के सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियो का आव्हान किया की वे विद्यालय मे मन लगाकर पढ़े अनुशासन मे रहकर अपने शिक्षकों का सम्मान करें तभी उनका भविष्य बनेगा। आभार व्याख्याता ए के तिवारी ने किया संचालन अजित सिंह चौहान ने किया।

## वृंदावन गांव के रूप में विकसित होगा बनेडिया, सीईओ ने किया निरीक्षण



**देपालपुर।** ग्राम पंचायत बनेडिया को वृंदावन गांव के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में जनपद पंचायत देपालपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) पूजा मालाकार सैनी ने गुरुवार को ग्राम का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने वृंदावन गांव की अवधारणा के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े तालाब की पाल पर घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए, ताकि क्षेत्र को धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से विकसित किया जा सके। इसके अतिरिक्त जैन मंदिर के सामने निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल निर्माण के निर्देश दिए। सीईओ मालाकार ने कहा कि वृंदावन गांव योजना के तहत शासन से जारी होने वाली गाइडलाइन के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत बनेडिया के सचिव योगेश शर्मा सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सम्पन्न हुआ

**सनावद।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। स्वागत भाषण भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने दिया। शिविर के प्रथम सत्र की अध्यक्षता लोकेंद्र जैन,द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष मीना शर्मा,तृतीय सत्र की अध्यक्षता विष्णु ठेकेदार एवं चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष रामचरण कुशवाह ने की।शिविर के प्रथम वक्ता जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने भाजपा के इतिहास और उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।द्वितीय वक्ता विधायक सचिन बिरला ने प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित मानदंडों एवं आदर्शों के अनुरूप भाजपा ने समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक परिवार तक विकास योजनाओं का लाभ सफलतापूर्वक पहुंचाया है।



## मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज संसंघ का मंगल प्रवेश

**सनावद।** पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज 4 पिच्छी संसंघ का मंगल प्रवेश शुक्रवार तीन अप्रैल को प्रातः 8 बजे बड़वाह से सनावद नगर में हुआ।सन्मति काका ने बताया की सभी समाजजन ट्रेंगल चौराहे पर पहुंच कर मुनि संघ की मंगल आगवानी करेंगे। मुनि श्री निरन्तर इंदौर से मंगल पद विहार कर खंडवा में आप के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव में अपना सानिध्य प्रदान करने के लिए विहाररत हे। आप की मंगल देशना एवं आहार चर्या भी नगर सनावद में ही संपन्न होगी।



## विधायक चिटनिस एवं पंधाना विधायक छाया मोरै बनी प्रदेश प्रवक्ता

**खंडवा।** भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा निमाड़ संभाग के खंडवा बुरहानपुर जिले से प्रदेश स्तर की दो नियुक्तियां की गई है जिसमें पूर्व मंत्री बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस एवं पंधाना विधायक छाया मोरै को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इन दोनों भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान उत्साह के साथ चल रहा है। अभ्यास वर्ग के साथ ही प्रदेश संगठन में कई नियुक्तियां कर कार्यकताओं को पार्टी के कार्यों में लगाया जा रहा है। सत्ता और संगठन में नियुक्तियां की जा रही है। सुनील जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रदेश में 33 प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्तियां की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक -जामवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरूवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर मंडल, बुरहानपुर जिले के शाहपुर एवं फोपनर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि हर समाज वर्ग का कल्याण व उत्थान करना है। पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। जामवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक होता है। भाजपा संगठन हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमें पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना है।

जामवाल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश में खुशहाली और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व संगठनात्मक शक्ति से भाजपा को चुनावों में लगातार विजय मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को राजनीति के असली उद्देश्य को समझना है। भाजपा के लिए राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सेवा का एक महत्वपूर्ण साधन है।

जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के कार्यकताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आप सभी पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। आने वाले दिनों में बूथों पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे, जिनमें आप में से कई कार्यकर्ता प्रशिक्षण व वक्ता बनकर जाएंगे।

# कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन



कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे उज्जैन पुलिस को आत्मसमर्पण करने के बाद जिले के भीलगांव में कारोबारी के घर की गई फायरिंग मामले का भी पर्दाफाश हो गया है। जिले में दहशत फैलाकर अपना वर्चस्व जमाने का प्रयास कर रहे कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 12 गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े है।

इन आरोपियों में पिछले माह भीलगांव के एक प्रतिष्ठित कारोबारी दिलीप राठौर के घर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। इस हमले के बाद सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग भी की थी। इस गैंग के जिले में पैर पसारने से पहले गिरफ्तारी से पुलिस के साथ ही बड़े कारोबारी भी राहत महसूस कर रहे है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि प्रकरण में शूटर, रेकी करने वाले, गोली चलवाने वाले, संसाधन उपलब्ध/ सहायता करने वाले, बिश्नोई गैंग के गुर्गे व उससे पहचान करवाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली हे। यह खुलासा लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे राजपाल के उज्जैन में आत्मसमर्पण करने के बाद हुआ है।

# आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों के बीच पहुंची अर्चना चिटनिस, नुकसान का निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने शुक्रवार को बुरहानपुर में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और असमय वर्षा से प्रभावित किसानों की पीड़ा साझा करने हेतु प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने ग्राम मोहद, खामनी, मालवीर सहित आसपास के कई गांवों में पहुंचकर खेतों में जाकर फसलों को हुए भारी नुकसान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

**राहत दिलाने के लिए प्रशासन को दिए निर्देश**

श्रीमती चिटनिस ने देखा कि तेज हवाओं और तूफान के कारण खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जमीन पर गिर गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसानों के मकानों की छतें, टपरें एवं अन्य संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर नुकसान के पारदर्शी आंकलन के निर्देश दिए।

**किसानों को आश्वस्त किया**

श्रीमती चिटनिस ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी हैं और नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिलाने के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी, ताकि उन्हें शीघ्र मुआवजा मिल सके और वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकें।

**प्रशासन को निर्देश**

श्रीमती चिटनिस ने बुरहानपुर कलेक्टर से चर्चा कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे दल गठित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल पटवारी स्तर पर सर्वे करने से प्रक्रिया में विलंब होगा, इसलिए बहु-स्तरीय दल बनाकर व्यापक सर्वे कराया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

# फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी।



जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी में आयोजित फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज तृतीय एवं अंतिम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दोनों चरणों के प्रशिक्षण में कुल 57 फील्ड ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु आसपास के ग्रामों में फील्ड विजिट कराई गई, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका का प्रत्यक्ष अभ्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर जनगणना कार्य की प्रक्रिया को समझा, प्रश्न पूछने की विधि का अभ्यास किया तथा वास्तविक परिस्थितियों में डेटा संग्रहण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को अनुभव किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अनिल पाटीदार एवं डॉ. राजाराम मुवेल, सहायक प्राध्यापक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का समापन अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनरों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## ग्राम बनेडिया में 65 लाख से बना मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक



**देपालपुर।** तहसील के सबसे बड़े गांव बनेडिया के मुख्य चौराहे पर करीब 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) भवन तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। भवन पूर्ण होने के बावजूद सेवाएं प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। क्षेत्र के रहवासी क्लीनिक के शीघ्र शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते वर्ष स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, जो निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया गया। हालांकि प्रशासनिक प्रक्रिया एवं शेष औपचारिकताओं के कारण क्लीनिक अब तक शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्लीनिक चालू होने के बाद उन्हें उपचार के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

गांव के मुख्य चौराहे पर स्थित इस क्लीनिक से वार्ड सहित आसपास की करीब पांच हजार से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में ग्रामीणों को उपचार के लिए चार किलोमीटर दूर शासकीय सिविल अस्पताल या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी व भंडारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर नर्मदा तट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर सहित नगर के सभी हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से सुबह 7 बजे भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी का यह चतुर्थ वर्ष है।प्रभात फेरी में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रभात फेरी में श्री हनुमान जी के विग्रह को सुसज्जित पालकी में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया गया। ढोल-ताशों की मंगल धुन और सामूहिक भजनों के साथ निकली प्रभात फेरी में श्रद्धालु खूब नाचे आनंद लिया पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने घंटाघर चौक के पास प्रभात फेरी का स्वागत किया, वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा,समाजसेवी नितिन पाटीदार ने भी श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची, जहां समापन के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रभात फेरी में पंडित पंकज मेहता (गुरुजी), नीरज कानूनगो, दीपक पाटीदार,आकाश सोनी, गणेश मामा पाटीदार, रवि शुक्ला, प्रदीप पाटीदार,रौनक सोनी, रत्नदीप मोयदे,अमित कानूनगो, राजेश अग्रवाल, रोहित केवट ,पीयूष अग्रवाल, राहुल केडिया, पवन अग्रवाल सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे। श्री बजरंगबली जी का श्रृंगार, मंदिरों में साज सज्जा की और भंडारे हुए ।

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर हेतु बैठक संपन्न

**रतलाम।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संचालन समिति की बैठक नगर पालिक निगम रतलाम कार्यकारी अधिकारी निगम आयुक्त अनिल भाना व सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम स्व निधी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3760 लक्ष्य के विरूद्ध 3797 का लक्ष्य 100.98 प्रतिशत प्राप्त किया गया जिस पर समिति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके अलावा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 7522 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, पीएम पुर्नगठित पीएम स्वनिधी योजना में 15-25-50 हजार के ऋण आवेदन होंगे तथा हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड का लाभ प्रदान करना, डिजिटल पेमेंट के लिये हितग्राहियों को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की गई।

# दिव्यांग महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सम्मान हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

प्रगति दिव्यांग सेवा समिति, खंडवा द्वारा आज दिव्यांग महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सम्मान के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष, खंडवा में किया गया।

समिति सचिव रविन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य विषय च्दिव्यांग महिलाओं का सशक्तिकरण एवं सम्मानज्ञ रहा। कार्यक्रम में दिव्यांग महिलाओं की समाज में भागीदारी, आत्मनिर्भरता एवं सम्मान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती सरोज जैन, किरण पाटीदार (प्रदेश सचिव, मध्य प्रदेश विकलांग मंच), समिति की सह सचिव मंजू तंवर (एडवोकेट), समाजसेवी श्रीमती मोना दफ्तरी हक्ररुरू तलेजा सर, बिरला सर (स्टार प्रशिक्षण केंद्र), समिति अध्यक्ष आनंद मालाकार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का सफल संचालन आरती पवार द्वारा किया गया। इस दौरान दिव्यांग महिलाओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में रीना गूगल, जमुना मालाकार, शारदा गुर्जर, पिंकी दीदी, ज्योति राठौर, ललिता मुजाल्दे, ममता महाजन, शारदा मौर्य, माया चौहान एवं कीर्ति सहित अनेक महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में समिति की सह सचिव मंजू तंवर द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## उजालिया के पास गंभीर नदी सूखने की कगार पर

**देपालपुर।** क्षेत्र से करीब 15 किलोमीटर दूर उजालिया गांव के समीप बहने वाली जीवनरेखा कही जाने वाली गंभीर नदी इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। नदी में अब केवल कुछ गड्ढों (गढ़ों) में ही पानी शेष बचा है, जबकि अधिकांश हिस्सा पूरी तरह सूख चुका है। मार्च के अंतिम सप्ताह में ही यह स्थिति सामने आना आने वाले महीनों में संभावित जलसंकट का संकेत दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण नदी की सतत जलधारा टूटने लगी है। पुलिया के सामने स्थित वह घाट, जो वर्षभर पानी में डूबा रहता था, अब पूरी तरह दिखाई देने लगा है। नदी तल की चट्टानें भी उजागर हो गई हैं, जिससे जलस्तर में आई गिरावट स्पष्ट परिलक्षित हो रही है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने किया शासकीय सांदीपनि विद्यालय तराना के छात्रों से संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर अनुभाग तराना का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एसडीएम श्री बृजेश सक्सेना, तराना जनपद पंचायत सीईओ, कृषि विभाग के अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत कायथा का सघन निरीक्षण

कलेक्टर श्री सिंह ने जनपद तराना की ग्राम पंचायत कायथा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायत भवन, शासकीय विद्यालय कायथा, आंगनवाडी केंद्र कायथा का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान शासकीय विद्यालय कायथा में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त कर बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भवन के निर्माण का शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ और ग्राम पंचायत सचिव से ग्राम में पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन और अन्य सामाजिक पेंशनों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम में विधवा पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को प्राप्त हो इस पर विशेष ध्यान देंने के निर्देश दिए। पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि लगभग सभी 1200 घरों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम कायथा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 141 आवासों में से 107 पूर्ण हो गए है।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय कायथा के औचक निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि विद्यालय में 20 बच्चों ने कक्षा 1 में प्रवेश लिया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान यू डाइस पोर्टल पर सभी नवीन शाला प्रवेशी बच्चों के ऑनलाइन पंजीयन की स्थिति, शिक्षकों का हाजिरी रजिस्टर देखा और ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्रों से चर्चा कर पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कायथा का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत किए गए कार्य की जानकारी ली। मेडिकल अधिकारी ने जानकारी दी कि 20 में से 7 छात्राओं का टीकाकरण किया जा चुका है। पंचायत स्तर पर गठित दलों द्वारा घर-घर जाकर जागरुक करने से शीघ्र ही शत-प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण कर लिया जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### चोरी का खुलासा, 2 किलो चाँदी के जेवरात बरामद

**उज्जैन।** नागदा पुलिस ने सोने चांदी के व्यवसायी के यहां हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी सुरेश पिता कैलाश राठौड़, निवासी दातोद, महू, जिला इंदौर को गिरफ्त में लेकर उससे पूछताछ की गई। उसकी निशान देही पर इंदौर में कमाठीपुरा के व्यापारी मनीष पिता गट्टूलाल से 2 किलो चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के अनुसार आवेदक प्रकाशचन्द्र सोनी पिता रामनिवास सोनी, निवासी नागदा द्वारा थाना नागदा पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी सोने-चाँदी की दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगभग 02 किलोग्राम चाँदी के जेवरात (कीमत करीब ?4,60,000) चोरी कर लिए गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना नागदा में अपराध क्रमांक 138/2026 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, नक्शा मौका तैयार किया गया तथा आसपास के दुकानदारों एवं व्यक्तियों से पूछताछ की गई। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से परीक्षण किया गया। साइबर टीम की सहायता से तकनीकी साक्ष्य संकलित कर संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए गए। प्राप्त साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा थाना सिमरोल, जिला इंदौर क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी सुरेश पिता कैलाश राठौड़, निवासी दातोद, महू, जिला इंदौर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा बताया गया कि चोरी माल इंदौर के सराफा क्षेत्र में एक व्यापारी को बेचा/रखा गया है। आरोपी के मेमो कथन के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मनीष पिता गट्टूलाल, निवासी कमाठीपुरा, इंदौर की दुकान पर पहुंचकर आवश्यक पूछताछ की गई। प्रकरण में चोरी गए 02.039 किलोग्राम चाँदी के जेवरात (कीमत लगभग 4,60,000) को विधिवत बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने पर वहां से 3 दिन का रिमांड मिला है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का मामला.. 6 माह की गर्भावस्था ने बढ़ाई कठिनाई

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना तब उजागर हुई जब बालिका के गर्भवती होने की जानकारी परिवार को मिली। जांच में सामने आया कि बालिका करीब 6 माह की गर्भवती है। बताया जाता है कि बालिका कक्षा पांचवी की छात्रा है। परिजनों ने बालिका के शारीरिक बदलाव को देखकर डॉक्टर से जांच करवाई। जांच में गर्भावस्था की पुष्टि हुई। पूछताछ में बालिका ने बताया कि गांव के एक युवक ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया और बाद में धमकाकर कई बार शोषण करता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट दुष्कर्म धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। भेरूगढ़ एसआई शोभाराम किरार के अनुसार बालिका 6 माह की गर्भवती है उसके परिवार में कोर्ट में गर्भपात के लिए अर्जी लगाइए है मामले में बोर्ड निर्णय लेगा। फिलहाल बालिका को उसके माता-पिता के हवाले किया गया है साथ ही महिला पुलिसकर्मी भी बालिका का ध्यान रख रही है।

### छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट

**उज्जैन।** उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित ऋषि नगर के देवसरा फिलिंग स्टेशन पर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मंदसौर के मेलखेड़ा निवासी और उज्जैन में पॉलिटेक्निक फाइनल ईयर के छात्र पवन कुणावत ने पेट्रोल पंप मालिक के मित्र गोपाल कृष्ण सोनी पर बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित छात्र का कहना है कि महज 10 से 15 रुपये के हिसाब में कमी आने की छोटी सी बात पर गोपाल कृष्ण सोनी ने उसे केबिन में बुलाकर थप्पड़ों और अंगूठी पहने हाथों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान आए हैं। पवन कुणावत ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आरोपी गोपाल कृष्ण सोनी न तो पंप का मालिक है और न ही कर्मचारी, वह केवल मालिक का मित्र होने की धौंस जमाकर आए दिन कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करता है। घटना के समय मैनेजर विशाल योगी और अन्य कर्मचारी वहां मौजूद थे, जिन्होंने बीच-बचाव कर छात्र की जान बचाई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने गंदी गालियां देते हुए कहा कि उसकी पहुंच ऊपर तक है और यदि पुलिस में रिपोर्ट की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पीड़ित ने बताया कि घटना सीसीटीवी में कैद हुई है, लेकिन अब साक्ष्य छुपाने के लिए कैमरों के बंद होने का बहाना बनाया जा रहा है। छात्र ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि माधवनगर थाने में केवल साधारण धाराओं में केस दर्ज किया गया है, जिसके चलते आरोपी खुलेआम घूम रहा है और उसे जान का खतरा बना हुआ है। पढ़ाई के साथ अपनी आजीविका चलाने के लिए रात में नौकरी करने वाले इस छात्र ने अब डर के मारे काम छोड़ दिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 889-5 | 370-0 |
| मेन बाजार | 689-3 | 137-1 |
| कल्याण नाइट | 670-3 | 350-8 |
| मिलन डे | 177-5 | 678-1 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 446-4 |
| मधुर डे | 345-2 | 346-4 |
| मधुर नाइट | 367-6 | 446-4 |
| शुभांक | 2 5 | 8 |

# गैरेज में एमडी ड्रग फैक्ट्री खोलने की साजिश नाकाम

## चिमनगंज थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 75 किलो खतरनाक केमिकल और 8.5 लाख नकद जब्त, फर्जी बिलिंग से मंगवाया गया था केमिकल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चिमनगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आगर रोड स्थित एक मोटर गैरेज में सिंथेटिक ड्रग (एमडी) बनाने की फैक्ट्री खुलने की तैयारी को नाकाम कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 75 किलो खतरनाक केमिकल, फर्जी बिल, एक कार और 8.5 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार, तस्कर गैरेज में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री स्थापित करने की तैयारी में थे। इसके लिए उन्होंने गुजरात की कंपनियों से फर्जी केमिकल विक्रेता बनकर प्रतिबंधित और खतरनाक केमिकल मंगवाए थे।

**मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई-** थाना प्रभारी गजेन्द्र पचोरिया ने बताया कि 3 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आगर रोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज में भारी मात्रा में संदिग्ध केमिकल रखा गया है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने डिजिटल सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए घेराबंदी कर दबिश दी। दबिश के दौरान मौके से 75 किलो ब्रोमोपोल क्रिस्टल






### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता (निवासी तिरुपति धाम, उज्जैन) रंजीत पिता करण सिंह(निवासी गरोठ, जिला मंदसौर) ओमप्रकाश शर्मा पिता घनश्याम(निवासी बड़ौद, जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया है।

### फर्जी बिलिंग से मंगवाया गया केमिकल

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने केमिकल खरीदने के लिए तीन फर्जी बिल तैयार किए थे। यह केमिकल सामान्यत: केवल लाइसेंसधारी कीटनाशक या पेंट उद्योग से जुड़े लोगों को ही उपलब्ध होता है। गौरतलब है कि इस केमिकल के दुरुपयोग को देखते हुए केंद्र सरकार ने 11 मार्च को इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद आरोपियों ने फर्जी पहचान और दस्तावेजों के जरिए इसे मंगवाया।

पाउडर (मिथाइल प्रोपियोफिनोन) बरामद किया गया, जो एमडी ड्रग बनाने में उपयोग होने वाला महत्वपूर्ण केमिकल माना जाता है।थाना प्रभारी गजेन्द्र पचोरिया ने बताया कि 3 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आगर रोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज में भारी मात्रा में संदिग्ध केमिकल रखा गया है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने डिजिटल सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए घेराबंदी कर दबिश दी। रेड के दौरान मौके से 75 किलो ब्रोमोपोल क्रिस्टल पाउडर (मिथाइल प्रोपियोफिनोन) बरामद किया गया, जो एमडी ड्रग बनाने में उपयोग होने वाला महत्वपूर्ण केमिकल माना जाता है। तीनों आरोपियों से नेटवर्क और सप्लाई चेन के बारे में पूछताछ जारी है।

# फर्जी शेयर ट्रेडिंग एवं काल सेंटर का भंडाफोड, चार गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जीवाजीगंज थाना पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले काल सेंटर का भंडाफोड करते हुए मुख्य संचालक सहित 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंदौर में चल रहे फर्जी ALICE BLUE ऑफिस पर दबिश, संगठित गिरोह का पर्दाफाश का दावा किया गया है। इनसे लाखों का माल जब्त किया गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार आवेदक सूरज राठौर निवासी राधामोहन की गली, अंकपात मार्ग, उज्जैन ने 25मार्च को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर कुल 70,000/- की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत साइबर पोर्टल पर पंजीबद्ध होने के उपरांत थाना जीवाजीगंज पुलिस को प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल तकनीकी एवं मैनुअल जांच प्रारंभ की गई, जिसमें मोबाइल नंबर, बैंक खातों, ब्ह्ल ट्रांजेक्शन एवं डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया गया। प्राथमिक जांच में शिकायत सत्य पाए जाने पर अपराध क्र. 76/2026 धारा 319(2), 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66-ष्ठ आईटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। Mahindra Trading एप के डेवलपर एवं तकनीकी सहयोगियों की पहचान की जा रही है। फर्जी बैंक खातों के स्रोत एवं अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है । गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

**ऐसे पहुंची पुलिस आरोपियों तक-** जांच के दौरान प्राप्त मोबाइल नंबरों एवं बैंक खातों के विश्लेषण से संदेही सौरभ यादव निवासी इंदौर की पहचान की गई। उक्त संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा फर्जी शेयर ट्रेडिंग नेटवर्क के संचालन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।सौरभ यादव से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना विजयनगर, जिला इंदौर अंतर्गत ऑर्बिट मॉल के पीछे क्क-4 क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 230 की एक मल्टी के तृतीय तल पर ब्रोकरेज फर्म के नाम से संचालित फर्जी कार्यालय की जानकारी प्राप्त हुई। इस पर 2 अप्रेल को पुलिस टीम ने दबिश देकर मुख्य संचालक - अरुण लोधी पिता इमृतलाल लोधी 27 वर्ष के साथ उसके सहयोगी नीरज आदिवासी पिता मुंशी आदिवासी 33 वर्ष निवासी 304 स्मार्ट लिविंग पेरीडॉट दोनों निवासी देवास नाका जिला इंदौर, स्थायी पता ग्राम मामोनीखुर्द तहसील करेरा जिला शिवपुरी,राहुल पाटीदार पिता राधेश्याम पाटीदार 31 वर्ष निवासी मकान नंबर 263 सेक्टर श्च स्लाइस-4 स्कीम नंबर 78 जिला इंदौर (रवि शर्मा का किराये का मकान), स्थायी पता ग्राम कालूखेड़ा तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ के अतिरिक्त नेटवर्क समन्वयक (पूर्व से हिरासत में) - सौरभ यादव पिता विजय यादव 25 वर्ष निवासी 685 न्यू गौरी नगर मिलन होटल के पास थाना हीरानगर जिला इंदौर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया।

**बेनामी सिम एवं डेबिट कार्ड जब्त-**दबिश के दौरान कार्यालय से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक एवं आपत्तिजनक सामग्री जप्त की गई, जिसमें 06 बेनामी सिम कार्ड, 03 बेनामी डेबिट कार्ड (स्टेट बैंक एवं जना बैंक), 15 (कंप्यूटर यूनिट),19 मॉनिटर,मोबाइल फोन, राउटर, कीबोर्ड, माउस,विभिन्न व्यक्तियों के डाटा (डिमेट/ मोबाइल/ बैंक विवरण),रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

**नकली ग्राफ एवं प्राफिट दिखाकर लेते थे झांसे में-** इस फर्जी कंपनी में लगभग 10-12 कर्मचारी कार्यरत थे । कर्मचारियों को स्क्रिप्ट आधारित कॉलिंग कर निवेशकों को फंसाने का प्रशिक्षण दिया जाता था । विभिन्न स्रोतों से डिमेट अकाउंट धारकों एवं निवेशकों का डाटा खरीदा जाता था । उसकी गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना की गई है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा 21. भरतपूरी उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-01 यह कि, श्रीमती शकीला पति जाकिर हुसैन व जाकिर हुसैन पिता रसूल खां निवासीगण 46, चन्द का कुआं उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य का म्यू. गृ. क्रमांक स्थित 03 नया नम्बर 3/2, रविन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, (साकडीया सुल्तान), पथ व गलिया उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 81.14 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर-विद्यालय बच्चू भाई का. पश्चिम की ओर गली आम रास्ता, उत्तर की ओर -मकान व बाडा संमदर सिंह का तथा दक्षिण की ओर शेष मकान विक्रेता का स्थित है। 02. यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्रीमती शकीला पति जाकिर हुसैन व जाकिर हुसैन पिता रसूल खां निवासीगण 46, चन्द का कुआं उज्जैन मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रसुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो या किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। दिनांक 03/04/26

**रसिक सुगन्धी अभिभाषक**
**अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन**
**मो. 9827560776**

## जाहिर सुचना

सर्व साधारण आम जनता

मेरे पक्षकार गोविन्द पिता रामसिंह जाति बागरी निवासी सिंचाई कालोनी मक्सी जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार निम्न आशय की जाहिर सूचना प्रकाशित की जा रही है कि-1 यह कि मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र दीपक को जायदाद से बेदखल कर दिया है तथा घर से भी निकाल दिया है तथा अब मुझ प्रार्थी व मेरे परिवार एवं मुझ प्रार्थी की चल अचल संपत्ति में मेरे पुत्र दीपक का किसी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है। 2-यह कि मुझ प्रार्थी की चल अचल संपत्ति का मेरे पुत्र दीपक से किसी अन्य व्यक्ति संस्था इत्यादि को दान बिक्री द्वारा अंतरित नहीं करें व भारग्रस्त नहीं करें तथा राजस्व अभिलेख की प्रविष्टि में भी कोई परिवर्तन नही करावे तथा सर्व साधारण को भी सूचित किया जाता है कि इस जाहिर सूचना में वर्णित मुझ प्रार्थी के स्वामित्व व आधिपत्य की चल अचल संपत्ति को कोई भी व्यक्ति संस्था अपने पक्ष में क्रय नही करें तथा भारग्रस्त नही करें अन्यथा इस स्थिति में जो भी दस्तावेज अनुबंधित के विपरित करवाया गया तो वह मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नहीं होगा तथा ऐसा दस्तावेज प्रभावशून्य होगा।

अत: सर्व साधारण को भी सूचित किया जाता है कि मेरी चल अचल संपत्ति को कोई भी व्यक्ति संस्था अपने पक्ष में क्रय नही करें तथा भारग्रस्त नहीं करें अन्यथा इस स्थिति में जो भी दस्तावेज स्वत्व के विपरित करवाया गया तो वह मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नहीं होगा। तथा ऐसा दस्तावेज प्रभावशून्य होगा। सूचित हो । दिनांक 03/04/2026

**मीना शर्मा एड्व्होकेट**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन**
**मोन 9893003508**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री वीरेन्द्रसिंह आंजना पिता श्री रामचन्द्रजी आंजना, निवासी-114 ग्राम चौरडिया तहसील महु जिला इन्दौर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नं.-80/3 (एस) रकबा 1.0000 हेक्टर, 80/4/1 (एस) रकबा 0.5000 हेक्टर, 80/4/2/2 (एस) रकबा 0.5100 हेक्टर, 80/4/2/1 (एस) रकबा 0.6300 हेक्टर, 80/5/1 (एस) रकबा 0.2400 हेक्टर एवं 80/6 (एस) रकबा 0.1300 हेक्टर कुल किता 06 कुल रकबा 3.0100 हेक्टर ग्राम गुरला प. ह. नं.-23 तहसील नागदा / वर्तमान उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है एवं भूमि स्वामी श्रीमती उंमा पति श्री वीरेन्द्र आंजना, निवासी-114 ग्राम चौरडिया तहसील महु जिला इन्दौर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नं.-463 (एस) रकबा 0.3600 हेक्टर, 464 (एस) रकबा 0.5200 हेक्टर, 465 (एस) रकबा 0.2300 हेक्टर, 467 (एस) रकबा 0.3600 हेक्टर, 468 (एस) रकबा 0.8200 हेक्टर, 469 (एस) रकबा 0.1500 हेक्टर, 472 (एस) रकबा 0.0500 हेक्टर, 477 (एस) रकबा 0.1100 हेक्टर एवं 478/2 (एस) रकबा 0.1700 हेक्टर कुल किता 09 कुल रकबा 2.7700 हेक्टर ग्राम पासलोद, प. ह. नं-24 तहसील नागदा / वर्तमान उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोड़ा, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों। इति दिनांक-03.04.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन ( म. प्र. ) मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती कृष्णा बाई पति श्री प्रकाशदास, निवासी-ग्राम जैथल, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-553/2/1/1 (एस) रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम जैथल, प. ह. नं.-00095 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री नरेन्द्रसिंह राठौर पिता श्री मेहरबानसिंह राठौर, निवासी-ग्राम जैथल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री नरेन्द्रसिंह राठौर के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों। इति दिनांक-03.04.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**


### पैर के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती बच्चे की मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार को आरडी गाडी अस्पताल में एक मासूम की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। घटना शुक्रवार सुबह 10:00 बजे के लगभग की बताई जा रही है। नागझरी निवासी प्रियांशु चंदेल के डेढ़ वर्षीय बेटे राहुल चंदेल को दुर्घटना में पैर में चोट लगने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह बच्चे के पैर के ऑपरेशन के लिए उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। जहां उसका ऑपरेशन किया जा रहा था लेकिन डेढ़ से 2 घंटे ऑपरेशन चलने के बाद भी डॉक्टरों द्वारा परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी गई बाद में बताया गया कि बच्चे की सांस थम गई है। यह सुन परिजनों के होश उड़ गए और उनका अस्पताल में रो-रो कर बुरा हाल हो गया इधर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हालांकि मामले में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कुछ भी कहने से इनकार किया गया है डॉक्टरों ने सिर्फ इतना बताया कि बच्चे को एनेस्थीसिया के दौरान कार्डियक अरेस्ट आया था। लेकिन मौत के स्पष्ट कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।

**ऑपरेशन से पहले बच्चा बिल्कुल स्वस्थ था -** परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की सांस रुक गई है और उसे बचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया और उन्होंने इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का कहना था कि बच्चा ऑपरेशन से पहले बिल्कुल स्वस्थ था और अचानक ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे के पिता ने बताया कि जब बच्चे को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया जा रहा था तब वह अच्छा हंसता खेलता अंदर गया था वही मां पूजा चंदेल ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने समय पर सही जानकारी नहीं दी और बाद में उसकी मौत की सूचना दे दी।

### भाटपचलाना पुलिस की कार्रवाई.. 1.84 किलो गांजा और बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**उज्जैन।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत थाना भाटपचलाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 840 ग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। कुल जब्ती का मूल्य करीब 68 हजार रुपये आंका गया है।


पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 3 अप्रैल 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम खरसोदकला क्षेत्र के झाबरी रोड पुलिया के पास मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर खड़ा है और तस्करी के उद्देश्य से सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।संदिग्ध व्यक्ति की पहचान महेश पिता अमर सिंह भीलवाड़ा (37 वर्ष), निवासी खरसोदकला के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने 1 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 18,000 बताई जा रही है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 50,000 कुल 68,000 जब्ती की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है (अपराध क्रमांक 129/2026)। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विवेचना जारी है।

**अभियान का असर दिखने लगा-** उज्जैन पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई से साफ संकेत है कि पुलिस अब छोटे स्तर के तस्करों के जरिए बड़े नेटवर्क तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है।

**पुलिस की अपील-**पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मादक पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि इस अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

**इनका रहा अहम योगदान-** इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ङ्क सउनि शैतान सिंह डिण्डोर, प्रआर 773 पुष्पराज सिंह, प्रआर 1683 शैलेन्द्र सिंह, प्रआर 627 अमर सिंह, आर 1835 राजेश सोयल, आर 736 मुकेश नागर, आर 1344 उदय सिंह, म.आर. 1376 सीमा सिंघाड़ एवं सैनिक कृष्णा धाकड़ की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## अवगुण नहीं है झुकना



वह एक बचकानी बुद्धि है, जो चीजों का विश्लेषण करती है और फौरन नतीजे पर पहुंच जाती है। अगर आपकी बुद्धि विकसित है, तब आप जितना ज्यादा विश्लेषण करते हैं, आपको उतना ही अधिक यह एहसास होता है कि आप किसी निष्कर्ष और नतीजे से बहुत दूर हैं। आज वैज्ञानिकों ने पानी को उसके अवयवों में अलग कर लिया है। अगर आप पूछेंगे, पानी क्या है? तो वे कहेंगे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन। लेकिन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन पानी क्यों बन जाती हैं? ऐसा क्यों होता है? एक कंकड़ को लीजिए और उसे देखिए। वह ऐसा क्यों है? अगर आपको किसी दूसरी चीज में दिलचस्पी नहीं है, तो आप बस खुद को ही देखिए कि आप ऐसे कैसे बन गए? ऐसा क्यों होता है? इसका आधार क्या है?

अगर आप किसी भी पहलू को लें और सचमुच विश्लेषण करें, तो आप उसे जितनी ज्यादा गहराई से देखेंगे, किसी निष्कर्ष से उतना ही दूर होते चले जाएंगे। जीवन पहले से भी कहीं ज्यादा रहस्यमय लगता है। किसी गहरे विश्लेषण के साथ जानने की कोशिश के बजाय अगर आप बस यहां बैठते हैं और सांस लेते हैं, तब आप जीवन को बेहतर जानेंगे। आप जीवन में जितनी ज्यादा गहराई में जाएंगे, उसे उतना ही अथाह पाएंगे। आप उसे समझ नहीं सकते, क्योंकि आप ही जीवन हैं। आपको अपने अनुभव में जब एहसास होता है कि हर परमाणु, रेत का हरेक कण, हर कंकड़ और हरेक जीवन अथाह है, तो आप स्वाभाविक रूप से हर चीज के आगे परम-भक्ति से नत-मस्तक हो जाएंगे। भारत में यह परंपरा रही है कि आप जिस भी चीज को देखते हैं, उसके आगे सिर झुकाते हैं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि वह एक पेड़ है या गाय है या सांप है या बारिश है या बादल है, आप बस सिर झुकाते हैं। आप ऐसा करते हैं, क्योंकि आप या तो मूर्ख हैं या फिर आप ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि आपने जीवन को पूरी गंभीरता के साथ चरम गहराई में देखा है। एक मूर्ख और आत्मज्ञानी इंसान के बीच जरा सा फर्क होता है। यह उसी चीज के बारे में है, फिर भी जमीन-आसमान का फर्क होता है। एक मूर्ख जो थोड़ा-बहुत जानता है, वह बस उतने का आनंद उठाता है, और दूसरा जिसने जीवन को चरम गहराई में देखा है, वह इसका संपूर्ण आनंद लेता है। इनके बीच में आने वाले लोग वे हैं, जो लगातार संघर्ष करते हैं और दुख झेलते हैं। जब आप किसी चीज को खुद से बहुत विशाल अनुभव करेंगे, तो स्वाभाविक रूप से उसके आगे झुक जाएंगे। अगर आप एक भक्त बनना चाहते हैं, तो जीवन के जागते हुए क्षणों में हर पल झुकें। बस अपने मन में झुकें। एक बार जब यह आपके होने का तरीका बन जाता है, तब आप भक्त होते हैं।

सम्पादकीय

# निराश करते ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान गहरी निराशा ही नहीं, कड़ी समीक्षा के विषय भी हैं। वह एक कदम आगे बढ़ाते हैं, तो दो कदम पीछे खींच लेते हैं। कभी लगता है, वह युद्ध-विराम चाहते हैं, तो कभी युद्ध को और घातक बनाते नजर आने लगते हैं। आश्चर्य नहीं, अपने देश के नाम 19 मिनट के संबोधन में ट्रंप ने यह समझाने की कोशिश की है कि यह युद्ध क्यों जरूरी था। लगे हाथ उन्होंने युद्ध में तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत का भी बखान कर दिया। वह वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या को सही बता रहे हैं। वह दावा करते हैं कि उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमता को बहुत कम कर दिया है और अमेरिका अपने रणनीतिक मकसद को हासिल करने के करीब पहुंच गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संबोधन में खुद अपनी पीठ ठोकने की भरपूर कोशिशें की हैं, लेकिन सवाल यही है कि क्या अमेरिका वाकई युद्ध जीत रहा है? ट्रंप ने अपने मुसलसल बयानों से ऐसे अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या दुनिया में अमेरिका आज तक कोई जंग नहीं हारा है? क्या ट्रंप यह युद्ध शुरू करके अमेरिकी बच्चों और भावी पीढ़ी के लिए सही निवेश कर रहे हैं?

दरअसल, खुद अमेरिका में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो ट्रंप को अमेरिका और दुनिया के लिए खतरा मानने लगे हैं। ट्रंप एक ऐसे नेता के रूप में अपनी छवि बना रहे हैं, जिसके कूटनीतिक-राजनीतिक बयानों में ज्यादा गंभीरता नहीं है। जो कहने के लिए कुछ भी कह सकते हैं। ट्रंप का समय-समय पर कुछ भी कह देना वास्तव में दुनिया को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, वह नाटो को कमजोर करने में लगे हुए थे, लेकिन खाड़ी युद्ध में उन्होंने नाटो देशों से बार-बार मदद की गुहार लगाई। अमेरिका का सबसे मजबूत साथी रहा ब्रिटेन भी आज उसके साथ नहीं खड़ा है। लोग भूले नहीं हैं, टैरिफ वार के समय ट्रंप ने अपने पारंपरिक मित्र देशों को भी नहीं छोड़ा था, जिसके नतीजे वह अब भुगत रहे हैं। ट्रंप के झगड़े में उनके ज्यादातर साथी पड़ना नहीं चाहते हैं। दुनिया के ज्यादातर देश चाहते हैं कि युद्ध जल्दी खत्म हो जाए, पर इजरायल, अमेरिका और खाड़ी के कुछ देश जल्दी समापन के लिए तैयार नहीं हैं। युद्ध को समाप्त कर शांति की स्थापना के लिए इस जंग में कूदे नेताओं को तथ्य और तर्क का सहारा लेना पड़ेगा। यही वह मोर्चा है, जहां ट्रंप दुनिया को बुरी तरह निराश कर रहे हैं। उन्होंने अपने स्वभाव के अनुरूप यहां तक दावा कर दिया कि ईरानी राष्ट्रपति ने युद्ध-विराम की मांग की है। हालांकि, तेहरान ने तुरंत इस दावे को खारिज करते हुए इसे झूठा और निराधार करार दिया है। ट्रंप के कुछ बयान तो बेहद निराश करते हैं, जिन्हें इतिहास स्याह अक्षरों में दर्ज करेगा। वह कहते हैं- हम ईरान को पूरी तरह नष्ट कर देंगे, उसे पाषाण युग में वापस भेज देंगे। कभी वह कहते थे कि होर्मुज मार्ग को बाधित नहीं होने देंगे।

### अपनी जिम्मेदारी निभाए

# पर्यावरण का संरक्षण करना पृथ्वीवासियों के हित में होगा

पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है।लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है। पृथ्वी दिवस को मनाया जाने के पीछे मूल कारण था पर्यावरण क्षरण और पर्याव रण में परिवर्तन का सुधारना



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

होनोवर्तमान में बढ़ते प्रदूषण,वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन ने पृथ्वी की स्थिति डावाडोल कर दीपृथ्वी का तापमान बढ़ता ही जाने लगोलोग एसी,फ्रिज का अत्याधिक उपयोग करने लगेतापमान बढ़ने से लोग अपने वाहनों एवं स्वयं को छांव की तलाश में जुटने लगे है`अगर हम अभी से पर्यावरण को बचाने के लिए कदम नहीं उठाएंगे तो भविष्य में पृथ्वी की क्या स्थिति होगी वो भयानक मंजर अभी से नजर आने लगा है`पृथ्वी को बचाने हेतु जैसे पेड़ लगाना,पानी बचाना और प्लास्टिक का उपयोग कम करना,बिजली की बचत करना,सोलर एनर्जी जैसी हरित ऊर्जा का उपयोग करना ,कचरे को रिसाइकिल ही श्रेष्ठ उपाय हैपेड़ो की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलित हुआ है`वही ग्रीनहाउस गैस कम करने के तरीकों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है`वर्तमान में खेती में रासायनिक उर्वरकों,खरपतवार नाशक एवं कीटनाशकों का ज्यादा उपयोग के कारण हानिकारक तत्वों से फसल भी प्रभावित हो रही है।जिसका प्रभाव पर्यावरण, मृदा उर्वरता तथा मानव एवं अन्य जीवों के स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता दिखलाई दे रहा है।जैविक खेती पद्धति एवं उत्पादों को बढाने हेतु जैविक खेती प्रारम्भ करना चाहिऐयुद्ध से भी पर्यावरण को क्षति पहुँचती है `युद्ध में उपयोग किए जाने वाले विध्वंस हथियारों से प्रदूषण फैलता है जिससे पर्यावरण को क्षति पहुँचती है`स्वच्छ पर्यावरण एवं विश्व शांति के लिए परमाणु व जैविक हथियारों पर अंकुश की पहल की जाना चाहिऐपर्यावरण में ध्वनि प्रदूषण का बढ़ना भी चिंताजनक है`जो की स्वास्थ्य पर खतरे को आगाह करता है`ध्वनि प्रदूषण को देखे तो 60 से अधिक डेसिबल भी ध्वनि को शोर या प्रदूषण मानते है`प्रेशर हार्न पर अंकुश होना चाहिए`डीजे ,माइक की ध्वनि में भी ज्यादा शोर नहीं होना चाहिए`ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्कूल कॉलेज,अस्पताल आदि की बाउंड्री पर फेंसिंग मेहंदी की झाड़ी,अन्य पौधो की होना चाहिए` ये ध्वनि प्रदूषण को अवशोषित कर सकें। साथ ही सड़कों के किनारों के दोनों और हरे वृक्ष लगाने से भी ध्वनि की तीव्रता को कम किया जा सकता है `ध्वनि प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेवे ताकि बढ़ती ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने से शरीर स्वस्थ बना रहकर हम सभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर सके।

माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश में 'लाडली लक्ष्मी उत्सव' के निमित्त 'एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नाम' अभियान के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया था। पर्यावरण की दृष्टि से पुनीत कार्य की पहल निसंदेह प्रशंसनीय है`यह अभियान बेटियों के उज्जवल भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के दोहरे उद्देश्य को साकार करने की अनूठी पहल है। इस अभियान के द्वारा मध्य प्रदेश में न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना भी प्रबल होगी। विगत वर्ष मध्यप्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान वृक्षारोपण के हित में अभियान चलाया गया था। वर्तमान में पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है`बढ़ते तापमान को कम करने में वृक्ष की भूमिका अहम् रहेगी। पृथ्वी सुरक्षित रहेगीपर्यावरण को स्वच्छ बनाने में छोटी छोटी बातों पर अमल कर सहयोग कर सकते है`पर्यावरण के पक्ष में तनिक दूसरी और गौर करें तो निकोटिन भी हमारे पर्यावरण को जहरीला बनाता है।महज 8 या 10 मिनट तक के परोक्ष धूम्रपान से व्यक्ति के रक्तचाप में वृद्धि, हृदय की धड़कनों में वृद्धि, खून की नलिकाओं में सिकुड़न जैसे घातक प्रभाव पड़ते है। धूम्रपान का धुँआ पर्यावरण और इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है। यदि व्यक्ति अपनी,अपनों की एवं सारे संसार की खुशहाली जिंदगी चाहता है तो उसे आज से ही तंबाकू का सेवन बंद कर देना चाहिए` दृढ़ इच्छाशक्ति के बिना इसे छोड़ा नहीं जा सकता हैअपनी व अपने परिवार की खुशहाली के लिए तंबाकू ,धूम्रपान से दूर रहने का प्रयत्न करना चाहिए`प्रदूषण और महामारियों जैसी आधुनिक चुनौतियों का समाधान पौधरोपण में निहित है।वृक्षारोपण के दौरान पोधो रोपण करें क्योंकि औषधीय पौधे का आयुर्वेद में महत्व है।जिनसे महामारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। वृक्षों को प्राचीन समय से लोग पूजते आ रहे है ,इसके पीछे भीषण गर्मी मे ठंडी सुखद छाँव प्राप्त होना, शुद्द हवा ,उदर- पोषण, सांसारिक जीवन के अंतिम पड़ाव में दाहसंस्कार में उपयोगी बनना ,पृथ्वी के तापमान को कम ० वर्षा के बादलों को अपनी और आकर्षित कर वर्षा कराना ( उदाहरण -चेरापूंजी ) ,दैनिक जीवन की आवश्यकता की आर्थिक रूप से पूर्ति करना एवं ईश्वर के रूप मनोकामनाओं का आशीर्वाद देना ही पेड का कर्तव्य है। फिर भी लालची इन्सान पेड को काटने हेतु अपने स्वार्थ को सिद्द करने मे लगा रहता है। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के हर गांव में अब सबसे पुराने पेड़ को जननी वृक्ष का दर्जा दिए जाने की वृक्ष के सम्मान में प्रशंसनीय पहल की गई है।वृक्षो की सुरक्षा और इनकी देखभाल इस योजना में बरगद ,खेजड़ी पीपल ,आम ,महुआ, नीम ,सेमल, गुलर ,मोलश्री ,रायणी ,अर्जुन, इमली, कल्पवृक्ष आदि को ( मदर ट्री ) जननी के रूप में चयन किया गया है । ऐसी योजना हर प्रदेश में लागू होना चाहिए मिट्टी के कटाव रोकने हेतु नदी के तट पर फलदार वृक्ष ज्यादा मात्रा में लगाया जाना चाहिए प्राचीन वृक्षों को जो अंदर से खोखले या गिरने की कगार पर हो उसका उपचार भी किया जाना चाहिए । नए पौधरोपण इस तरह करें ताकि बड़े होने पर उसे काटा ना जा सके` पौधारोपण करते समय उसकी सुरक्षा का इंतजाम पहले से करे। यदि हो सके तो अपनों की स्मृति में या उसे गोद लेकर पौधारोपण का संकल्प लेवे तो ये पुनीत कार्य सफल सिद्ध होगा`वृक्षों से ही जंगल, पहाड़ो का सोंदर्य है`वृक्ष ही इन्सान के मददगार एवं अंतिम पड़ाव तक का साथी होता है व पशु,पक्षियों को आसरा होता है` साथ ही कई पौधे हमें वृक्ष के रूप में आक्सीजन देकर पर्यावरण को शुद्ध करते है।

## डियर मोमोज

उस सफेद, चिपचिपे और रहस्यमयी मैदे के गोले की शारीरिक संरचना किसी दार्शनिक गुत्थी से कम नहीं है। वह मैदा, जिसे डॉक्टर 'आंतों का फेविकोल' कहते हैं, मोमोज वाले के जादुई हाथों में आकर एक ऐसी पारदर्शी और महीन चादर बन जाता है, जिसके आर-पार पत्तागोभी का भविष्य और दुकानदार की नियत साफ नजर आती है। इसकी बनावट ऐसी है मानो किसी ने बहुत ही सलीके से एक 'लजीज अपराध' को सफेद कफन में लपेट दिया हो। ऊपर से वे नन्हीं-नन्हीं बारीक चुन्नटें... जैसे किसी महाकंजूस ने अपनी पूरी वसीयत को मोड़-तरोड़ कर एक छोटी सी पोटली में कैद कर दिया हो।

जब स्टीमर के अंधेरे और उमस भरे कमरों से बाहर निकलता है, तो उसकी देह पर चढ़ी वह भाप उसे किसी डिजिटल फिल्टर सा अहसास देती है। वह इतना नाजुक और लचीला होता है कि अगर उसे थोड़ा जोर से घूर भर लिया जाए, तो उसकी 'मैदे वाली खाल' शर्म से फट जाए। उसकी गोलाई में वह वल्गर आकर्षण है, जिसे देखकर डाइट-चार्ट बनाने वाले न्यूट्रिशनिस्ट भी अपनी थ्योरी डस्टबिन में डाल देते हैं। लोग उसे प्लेट में ऐसे निहारते हैं जैसे वह कोई खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि मोक्ष का कोई गुप्त 'शॉर्टकट' हो।

मोमोज असली पागलपन तो उस लाल चटनी के उस 'अग्निपथ' में है, जो दिखने में किसी खतरे के सिग्नल जैसी है, पर जिसका हमला सीधे नर्वस सिस्टम पर होता है। यह वह चटनी है जिसे बनाने वाला शायद पूरी मानवता से अपनी किसी पुरानी रंजिश का बदला ले रहा होता है। जुबान पर लगते ही ऐसा अहसास होता है मानो किसी ने 440 वोल्ट का नंगा तार छुआ दिया हो। आंखों से जो पानी निकलता है, वह दुख का नहीं, बल्कि उस 'मिर्ची-क्रांति' का गवाह होता है जो भीतर के पूरे भूगोल को हिलाकर रख देती है। लोग सिसकारियां भरते हैं, चेहरा टमाटर की तरह लाल होकर जलने लगता है, पर उस 'अश्लील तीखेपन' से हाथ नहीं खींच पाते। यह वह नशा है जहाँ इंसान खुद जल रहा होता है और साथ में 'एक्स्ट्रा मेयोनीज' की रिश्वत देकर अपनी जलन को शांत करने का ढोंग करता है। सोसाइटी के उन 'फिटनेस फ्रीक्स' का हाल तो और भी विचित्र है, जो सुबह पार्क में घास पर नंगे पैर चलकर 'शुद्ध जीवन' का प्रवचन देते हैं। वही लोग शाम ढलते ही किसी अंधेरे कोने में मोमोज की रेहड़ी पर 'एक प्लेट और भैया' का गुप्त कीर्तन करते पाए जाते हैं। यह मोमोज का वह उन्माद है जिसने पिज्जा और बर्गर जैसे विदेशी सामंतों की चूलें हिला दी हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 अप्रैल 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:20 सूर्यास्त 18:40
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दुतिया 10:09 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - स्वाति 21:35 उपरांत विशाखा
योग - हर्षण 14:19 उपरांत वज्र
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 15 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी।

**कर्क-** रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**सिंह-** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे।

**कन्या-** कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा।

**तुला-** घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**वृश्चिक-** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है।

**धनु-** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**मकर-** विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कुंभ-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी।

**मीन-** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच?छी खबर मिलेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## शव यात्रा की सैर

विक्रम उत्तरीय लपेट कर सैर के लिए निकला ही था कि पेड़ पे लटका हुआ वेताल उड़ कर उसके कंधों पे लटक गया था। चल विक्रम आज तुझे शव यात्रा की सैर करवाता हूं। शर्त वही है तू बोलेगा नहीं। कुछ बोला तो मैं रुकूंगा नहीं। मरता विक्रम क्या न करता। चल दिया उसे लादे लादे। देख विक्रम देख। वो शव वाहन जा रहा है। पीछे देख। ढेर सारी बाईक्स, फिर कारें... लगता है किसी बड़े आदमी का टिकिट काट बैठे है यम इस दफा। और फिर दोनों अदृश्य होकर शव यात्रा पे उड़ने लगे थे। चक्रतीर्थ घाट पे पहुंच कर सभी यात्री अपनी सुविधा से झुंड में इधर उधर जगह देख के टिक गए थे। बस कमी थी तो एक मीठी आवाज की जो कहे कृपया यात्री गण ध्यान देवे शव दाह क्रिया की ताजा स्थिति इस प्रकार है......। उड़ते हुए वेताल और विक्रम ने शव यात्रियों का मुआयना करना शुरू किया और चुपचाप उनकी आपस की बातें सुनने लगे थे..



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

अच्छा! अब तुम हमको लकड़ी जमाना बताओगे? कितने साल से हर बार यह काम हमीं करवाते है यहां आके। हमको मत सिखाओ तुम्हारे पिताजी के बख्त भी हमीं जमाए थे.....।

आता हूं थोड़ा सा काम है। यहां तक आया ही हूं तो सोचता हूं वो भी निपटा ही दूं। पास में ही है। बस यूं गया और यूं आया। मै लेट हो जाऊं और यहां सब निपट जाए तो तो बस एक मिसकॉल मार देना.

और क्या लोगे यार। आजादी मिलने के दस साल में ही विश्व गुरु बना दिया। अब क्या प्राण लोगे बच्चे के...

अरे! सब फ्री का चाहिए। टैक्स हम भरे। फ्री फोकट का गरीब गुरबे खाए। सबको कामचोर बना दिया है सरकार ने।

अबे! भूतनी के कुछ दिन महंगा खा लेगा तो मर नहीं जाएगा.... पहले अपना धर्म बच जाए फिर साहब सब सम्हाल लेंगे.ङ्क।

उन लोगों की तो ढिबरी टाइट कर देनी है.... कीड़े मकोड़ों की तरह मसल के रख देना है...।

कुछ समझ में नहीं आया। कैसे हो गया इतनी जल्दी। जरूर कुछ गड़बड़ तो है ये लोग बता नहीं रहे। खैर हमको क्या करना। पता चला तो आ गए...।

दद्दा। पिछली बार भी मेरी गाड़ी से ही आए थे। अगली बार आपकी गाड़ी से आयेंगे। हर बार ऐसा नहीं चलेगा पेट्रोल कितना महंगा हो गया है...!

वमार्जी नहीं दिख रहे। तुमको दिखे। घर से तो साथ ही चले थे। अरे। बहुत चालाक आदमी है वो। रास्ते में ही धीरे से सरक लिए..। शक्ल दिखाने आए थे....'

मेरे साढू की लड़की के लिए लड़के देख रहे है। कोई हो तो बताना। ढेर सारे है मेरे पास। चलो उधर पेड़ के उधर चलते है। वही बात करेंगे। यहां लोग सुनेंगे। अच्छा नहीं लगेगा।

शादी का काम अच्छा मानता हूं मैं तो। मेरे खपें में तीन छुट्टियां खराब होती है यार। बहुत अखरता

आज जो अम्बेडकर अम्बेडकर जप रहे है। लाखों लोगों के साथ जब वो बौद्ध बने थे तब जो इक्कीस वचनों की शपथ उन्होंने ली थी। ये लोग पढ़ भर ले। धोती फट के गले का रुमाल बन जाएगी इन की। आए बड़े मान देने वाले....।

ये तीसरा चक्कर है साल में इनके यहां। आते आते थक गए अब तो। अगली बार मैं तो नहीं आऊंगा। बुरा लगे तो लगे।

देख तो! कैसी चिरौरी कर रहा है दादा की। शोक सभा करवाने के लिए। जानता है और कोई तो बोलेगा नहीं.... उसको ही मौका मिलेगा अपनी साहित्यगिरी झाड़ने का...। बाहर चले मामाजी। सुबह से कुछ खाया नहीं। सुबह तो कुछ खाने का मन ही नहीं हुआ। चलते है चाय वाय पी के आते है अभी तो पंचाग्नि में देर है...।

# सेहत के लिए किसी वरदान से कम नही है नीम

आयुर्वेद में नीम को हमेशा से सेहत का खजाना माना जाता है इसकी छाल, पत्तियां और बीज का सेवन सेहत को बहुत फायदा पहुंचाते हैं। आयुर्वेद की कई दवाओं में नीम का इस्तेमाल किया जाता है।

### नीम में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण

नीम का जूस, काढ़ा और गोली खाने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है। इसके अलावा नीम में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे बैक्टीरियल इंफेक्शन खत्म हो जाते हैं। नीम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अगर आप भी निरोग रहना चाहते हैं तो नीम की पत्तियों का जूस बनाकर रोज उसका सेवन करें। ऐसा करने से न केवल आपके शरीर की फिटनेस बढ़ती है बल्कि अनेक प्रकार के हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया से भी आपका बचाव होता है।

### जानें नीम का जूस बनाने का तरीका

नीम की पत्तियों से जूस बनाने के लिए आपको 15 से 20 नीम की पत्तियां लेनी होंगी। उन्हें धोने के बाद मिक्सी के जार में डाल दें। अब इसमें आधा गिलास पानी डालकर पीस लें। इसके बाद उन्हें छानकर पी लें। ऐसा करने से



आपको अपने शरीर में धीर-धीरे फर्क दिखने लगेगा।

### शरीर को अंदर से करता है साफ

नीम में कई औषधीय गुण होते हैं। अगर आप नीम के जूस पीते हैं तो इससे आपका शरीर अंदर से साफ होता है। नीम सभी विषाक्त पदार्थों और रसायनों को शरीर से बाहर निकाल देता है। नीम का सेवन करने से सूजन और वजन की समस्या से भी छुटकारा मिल जाता है।

### वजन कम होने लगता है

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं को आप एक्सरसाइज के अलावा नीम का जूस भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। इससे नैचुरल तरीके से आपका वजन कम होगा। नीम का जूस पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है और लंबे समय कर भूख नहीं लगती है। ऐसे में आप ओवर ईटिंग से बचते हैं। आपका वजन कम करने में मदद मिलती है।

### फाइबर से होता है भरपूर

नीम के पत्ते और जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। अगर आप नियमित रुप से नीम का जूस पीते हैं तो इससे आपकी पाचन प्रक्रिया अच्छी रहती है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। आपको जल्दी भूख नहीं लगती और जमा चर्बी पिघलने लगती है।

### कैलोरीज बर्न करने में करता है मदद

रोज नीम का जूस पीने से आपका मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। नीम का जूस मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का काम करता है। इसके अलावा नीम में कई तरह के एंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जिससे कैलोरीज बर्न करने में मदद मिलती है। लगातार नीम का जूस पीने से आपका वजन तेजी से कम होता है।

धर्म-आस्था

# जैसी करनी वैसी भरनी–मृत्यु का सत्य और आत्मा का अंतिम पथ

मनुष्य जीवन का सबसे गूढ़ और साथ ही सबसे सुनिश्चित सत्य है–मृत्यु। यह वह क्षण है, जहाँ सभी भेद मिट जाते हैं, सभी अहंकार समाप्त हो जाते हैं और केवल कर्मों का लेखा-जोखा शेष रह जाता है। जैसी करनी वैसी भरनी यह केवल कहावत नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु का शाश्वत सिद्धांत है। मृत्यु का स्वरूप भयावह नहीं, बल्कि अत्यंत सूक्ष्म और रहस्यमय है, जिसे समझना ही धर्म और आस्था का वास्तविक उद्देश्य है।

हम जिस इंद्रिय के माध्यम से जीवन जीते हैं, उसी इंद्रिय के माध्यम से मृत्यु का द्वार खुलता है। किसी की मृत्यु नेत्रों से होती है, तो नेत्र खुले रह जाते हैं। किसी की मृत्यु वाणी के मार्ग से होती है, तो मुख खुला रह जाता है। यह केवल शारीरिक घटना नहीं, बल्कि जीवन की दिशा का संकेत है। मनुष्य का संपूर्ण जीवन जिस आसक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है, मृत्यु उसी का प्रतिबिंब बन जाती है।

आज का मनुष्य अधिकांशतः इंद्रिय सुखों में उलझा रहता है, विशेषतः निम्न प्रवृत्तियों में। यही कारण है कि उसकी चेतना ऊर्ध्वगामी नहीं हो पाती। जननेंद्रिय को शास्त्रों में सबसे निम्न द्वार कहा गया है, जो मनुष्य को पृथ्वी और देह से जोड़ता है। इसके विपरीत सहस्त्रार, जो मस्तिष्क में स्थित है, सर्वोच्च द्वार है–जो आत्मा को आकाश और परमात्मा से जोड़ता है।

साधारण व्यक्ति मृत्यु को अंत मानता है, परंतु साधक उसे एक परिवर्तन के रूप में देखता है। जो व्यक्ति जीवन में ध्यान, साधना और आत्मचिंतन के मार्ग पर चलता है, उसकी मृत्यु साधारण नहीं होती–वह समाधि बन जाती है। इसी कारण संतों और फकीरों की मृत्यु को समाधि कहा जाता है, जबकि सामान्य व्यक्ति के लिए कब्र या श्मशान शब्द प्रयुक्त होता है। जब किसी मृत शरीर का अंतिम संस्कार किया जाता है और कपाल क्रिया की जाती है, तो वह केवल एक प्रतीक है। वास्तविकता यह है कि प्राण तो पहले ही निकल चुके होते हैं। यह क्रिया उस आशा का प्रतीक है कि जीव उच्चतम द्वार से प्रस्थान करे, परंतु यह द्वार जीवन में ही साधना से खुलता है, मृत्यु के बाद नहीं। मृत्यु के क्षण में जो घटनाएं घटित होती हैं, वे अत्यंत सूक्ष्म होती हैं। सबसे पहले वाणी मन में विलीन हो जाती है–व्यक्ति बोलने में असमर्थ हो जाता है। फिर दृष्टि और श्रवण इंद्रियां भी शांत हो जाती हैं। इसके बाद मन स्वयं प्राण में लीन हो जाता है। उस समय व्यक्ति न सोच सकता है, न समझ सकता है–केवल श्वास चलती रहती है। इसके पश्चात प्राण सूक्ष्म शरीर के साथ हृदय से निकलने वाली नाड़ियों में प्रवेश करता है। शास्त्रों में वर्णन है कि हृदय से एक सौ एक नाड़ियां निकलती हैं, जिनमें से किसी एक मार्ग से जीव देह त्याग करता है। जो जीव मोक्ष के अधिकारी होते हैं, वे उस नाड़ी से प्रस्थान करते हैं जो मस्तिष्क तक जाती है। अन्य जीव अपनी-अपनी वृत्तियों और कर्मों के अनुसार भिन्न मार्गों पर अग्रसर होते हैं।

भारतीय दर्शन में मृत्यु के बाद के दो प्रमुख मार्ग बताए गए हैं–देवयान और पितृयान। जो व्यक्ति भक्ति, साधना और सत्कर्मों में जीवन व्यतीत करता है, वह देवयान मार्ग से जाता है। यह मार्ग अग्नि, ज्योति, दिवस, शुक्ल पक्ष और उत्तरायण से होकर ब्रह्म तक पहुंचाता है, जहाँ से पुनर्जन्म नहीं होता।

इसके विपरीत पितृयान मार्ग उन लोगों के लिए है, जिन्होंने सामान्य जीवन जिया, परंतु आत्मज्ञान प्राप्त नहीं किया। इस मार्ग में धूम, रात्रि, कृष्ण पक्ष और दक्षिणायन के माध्यम से चंद्रलोक की प्राप्ति होती है, जहाँ से पुनः जन्म का चक्र चलता रहता है।

जो लोग केवल भोग-विलास में जीवन बिताते हैं, न भक्ति करते हैं, न परोपकार, उनकी गति न तो देवयान में होती है और न ही पितृयान में। वे अपनी वासनाओं के अनुसार पुनः जन्म लेते हैं, कभी मनुष्य, कभी पशु योनि में। और जो अत्यधिक पाप करते हैं, दूसरों को कष्ट देते हैं, उनकी गति निम्न लोकों में होती है, जहाँ उन्हें अपने कर्मों का दंड भुगतना पड़ता है।

मृत्यु वास्तव में जीवन का दर्पण है। यदि किसी को मृत्यु को पढ़ने की कला आ जाए, तो वह व्यक्ति के संपूर्ण जीवन को समझ सकता है। मृत्यु वह क्षण है, जहाँ जीवन का सार निचुड़कर सामने आ जाता है।

इसलिए धर्म और आस्था का मूल संदेश यही है कि जीवन को सजगता से जिया जाए। केवल बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भीतर की शुद्धता आवश्यक है। ध्यान, साधना, सेवा और सत्कर्म ही वह मार्ग हैं, जो मनुष्य को ऊर्ध्वगामी बनाते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,51,200, रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,33,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## न्यूज कालम




## पूर्व सरपंच की पुत्र वधू प्राची पटेल परीक्षा उत्तीर्ण कर बनी बैंक अधिकारी

**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम लीमाचौहान के पूर्व सरपंच रमेश पप्पु कलमोदिया की पुत्र वधु प्राची पटेल ने अपनी कड़ी मेहनत और लग्न से आइबीपीएस आरआरबी पीओ परीक्षा में पहली ही प्रयास में सफलता हासिल कर बैंक अधिकारी का पद प्राप्त कर परिवारजनों का नाम गौरांवित किया है। प्राचीन की कहानी मेहनत और धैर्य की प्रेरणादायक मिशाल है। प्राची ने बताया कि उन्होंने कोविड के बाद लगातार बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी की और आखिरकार अपनी बेहतर का फल प्राप्त किया। गांव में रहते हुए उनके पिता उन्हें बेटे जैसा सहयोग दिया और शादी के बाद ससुराल वालों ने भी समाज की बातों की परवाह किए बिना उनका पुरा साथ निभाया, जिससें आज वह सफल हुई है।

## भारतीय जनता पार्टी महिदपुर नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निदेर्शानुसार एवं उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ की सहमति से महिदपुर नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमा पाण्डे ने मण्डल कार्यकारणी घोषित की। नवीन कार्यकारणी जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष - सतीश यादव , बजेसिंग पंवार, बहादुरसिंह आंजना, निर्भयसिंह भाटी, शरद परमार, वीरेन्द्र नवलखा, मण्डल महामंत्री- दिनेश ग्रोवर, निलेश सोलंकी, मण्डल मंत्री - प्रदीप पण्ड्या, वीरेन्द्रसिंह , श्रीमती दीपा बामनिया, श्रीमती सोना मालवीय , श्रीपाल राठी , श्रीमती ललिता परमार, कोषाध्यक्ष - श्रीमती आरती रावल , सह-कोषाध्यक्ष हरिश बैरागी , कार्यालय मंत्री अर्जुन गरासिया, मण्डल मीडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर , सह मीडिया प्रभारी सोनू बैरागी , आईटी संयोजक चांदमल माली , आईटी सह-संयोजक विजय चौधरी सहित कार्यसमिति सदस्यो को नियुक्त किया।महिदपुर नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजेश धाकड़ एवं नगर मंडल अध्यक्षा श्रीमति उमा पाण्डेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी नवनियुक्तो को बधाई दी । जानकारी मंडल मिडिया प्रभारी अर्जुनसिंह ठाकुर द्वारा दी गई ।

## जगोटी सहित क्षेत्र के ग्रामों में हनुमान जन्मोत्सव पर हुए धार्मिक आयोजन

**जगोटी ।** हनुमान जन्मोत्सव जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में श्रध्दा व आस्था के साथ मनाया गया । गुरुवार अल सुबह श्री चैतन्य हनुमान मंदिर, चारधाम मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आरती कर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। प्रतिमा का श्रृंगार पंडित राजेश शर्मा ने किया। श्मशान के समीप श्री आनंद मूर्ति हनुमान मंदिर व खेडाखजूरिया मार्ग पर स्थित बाल हनुमान मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुए। समीपस्थ ग्राम खुरचनिया प्रताप के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रति वषानुसार धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। श्री चैतन्य हनुमान भक्त मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर गांव में शोभायात्रा निकाली व प्रसाद वितरण किया।



## सुदामा धाम नारायणा में गुरुवार को चैत्र पूर्णिमा पर भव्य ध्वजारोहण

**महिदपुर।** श्रीकृष्ण सुदामा धाम, नारायणा में गुरुवार को चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर भव्य ध्वजारोहण हुआ। सुबह भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा का अभिषेक व श्रृंगार किया गया। 10 बजे ध्वज यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ गांव में निकली, जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ। 11.30 बजे यात्रा मंदिर पहुंची, जहां लाभार्थी नरेंद्र सिंह पंवार का सम्मान हुआ। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में ध्वजारोहण, महाआरती, प्रसादी वितरण व भंडारा हुआ। इस अवसर पर पंवार जी ने भगवान को सवा तोले सोने की बांसुरी अर्पित की।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन, भजनों पर झूमे भक्तगण



**सारंगपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में मोहल्ला पंडित वाडी के निवासियों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्री राम मंदिर पंडित वाडी पर किया गया। पंडित नीरज द्विवेदी द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम सुंदरकांड की टीम शाजापुर से आई थी। मोहल्ले के सभी नागरिकों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला उपस्थित थे।

## परीक्षा और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है -मिश्रा

**सारंगपुर।** परीक्षा और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और हमारे विद्यार्थी इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पुरस्कार पाने से बच्चों का उत्साह बढ़ेगा। वहीं हर बच्चा में स्कूल आने की उत्सुकता बढ़ेगी और बच्चे प्रतिदिन स्कूल आएंगे। बच्चों के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। इससे उनका विश्वास बढ़ेगा और स्कूल आएंगे। यह बात शासकीय माडल स्कूल सारंगपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के स्वागत के साथ उनके पालकों के सम्मान के लिए आयोजित सम्मान समारोह किया संबोधित करते हुए माडल स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा ने व्यक्त की।

# आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ने से जनता का बजट बिगड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर



केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ गया है। बिजली, पेट्रोल-डीजल, राशन और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ रही हैं और जनता के बजट पर भारी असर डाल रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई ने दबाव डाला है।

भाजपा सरकार की आर्थिक योजनाएं गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी नहीं हैं। शहर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को जनता से जुड़े मुद्दो पर भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार के विरुद्ध राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार गौपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने यह आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महंगाई की यह समस्या केवल सारंगपुर या मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है और सरकार की उदासीन नीतियों के कारण इसका कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी आवाज उठाएं और सरकार से मांग करें कि महंगाई कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

शुक्रवार दोपहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और बढती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर अनुविभाग मुख्यालय पर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी अपरिपक्व नीतियों के कारण आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड दिया है। क्षेत्र में गैस की अनुपलब्धता के कारण चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर हैं, जिससे शादी वाले परिवारों और भंडारा समितियों के सामने भी संकट खडा हो गया है। किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने कहा कि किसानों को पारंपरिक रूप से केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब उपलब्ध नहीं है, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में बाधा आ रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इस दौरान गेहूं खरीदी, गैस की किल्लत, अघोषित कटोती, मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में अनियमितता आदि मुद्दे उठाए गए।

### क्या बोले कांग्रेसजन

किसानों के गेहूं की खरीदी नहीं हो रही है। जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में आवेदन नहीं लेकर हितग्राहियों को परेशान किया जा रहा है। गैस की किल्लत एवं अघोषित विद्युत कटोती से आमजन परेशान है और स्मार्ट मीटर से 4 गुना बिजली के बिल दिए जा रहे है। इससे जनता का बजट बिगड़ रहा है। सरकार को मंहगाई कम करने, किसानों की उपज का दाम बढ़ाने और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर ध्यान देना होगा।

**घनश्याम मालवीय, जनपद सदस्य, सारंगपुर।**

विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में वर्तमान में किसान गेहूं की फसल निकालकर सरकार की खरीदी का इंतजार कर रहा है। किसान अपनी फसल ओने-पोने दाम मे बेचने को मजबुर है। लेकिन भाजपा सरकार ओर प्रदेश के मुखिया सिर्फ मंच से बडी-बडी डीगें हांनने ओर कर्ज लेकर घी पीने में मस्त है उनको किसानो ओर आमजनों की वास्तविक समस्या से कोई लेना-देना नहीं है इसलिए खरीदी की तिथि बढ़ाई जा रही है। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किसनो के पक्ष में बहुत सारे बादे किय थे। जो आज तक पूरे नहीं किये है, जिससें किसानो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय काचरिया में सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महिदपुर



शासकीय प्राथमिक विद्यालय काचरिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक मोहम्मद रफीक नागोरी अर्द्धवार्षिक पूर्ण होने पर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग, मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य किशोर कुमार परमार विशेष अतिथि श्यामसिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ मुख्य वक्ताओं के रूप में किशोर कुमार परमार, नवीन कुमार गर्ग, श्याम सिंह चौहान, नारायण सिंह चौहान जुझारसिंह पंवार, सत्य नारायण शर्मा ने संबोधित किया।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है उसका दायित्व और अधिक हो जाता है। विद्यालय परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत किया गया जिसका वाचन घनश्याम रूईवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य विष्णुकांत शर्मा, तहसील सचिव मेहरबानसिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्रीराम गोपाल जोशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गोविंदसिंह चौहान, सेवानिवृत शिक्षक जसवंत सिंह तंवर, दयाराम बागनिया, झारड़ा से जनशिक्षक ईश्वर सिंह राजपूत, भूपेंद्र कुमार त्रिवेदी, श्याम जोशी, दिनेश पोरवाल, संतोष सोनी, विजय पालीवाल, कीर्ति कुमार पालीवाल, भागीरथ राठौर, रणायारापीर से सुभाषचंद्र कारपेंटर, बद्रीलाल कालेरिया, दिनेश कुमावत, गोकुल चौहान, महिदपुर से संजय त्रिवेदी, चतुर्भुज सेन, हीरालाल परमार, इरफान नागोरी, अब्दुल हमीद नागोरी, लालजी राम जाट, असलम नागोरी, राजू नागौरी, महेश कारपेंटर,आदि उपस्थित थे।

## 4 से 11 अप्रैल तक श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम सरदार धाम नारायणपुर कोलू खेडा सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निमार्णाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान परिसर में आज से ११ अप्रैल सप्त दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा व मां उमिया मां अंबे तथा मां खोडियार नवीन मंदिर के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नवीन मंदिर का रंग रोगन सहित यज्ञशाला का निर्माण की तैयारी पुरजोर लोगों के द्वारा की जा रही है।

सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निमार्णाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान के समस्त ट्रस्टी सदस्य दानदाता एवं सहयोगी श्रद्धालुओं एवं समस्त क्षेत्रवासी के तत्वाधान आयोजित इस कार्यक्रम में आज शनिवार को हेमाद्री स्नान प्रायश्चित होम पंचांग पूजा कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ होगा। 5 अप्रैल रविवार अग्नि स्थापना यज्ञ आरंभ, सम्मान समारोह श्रीमद् भागवत कथा, 6 अप्रैल से 9 अप्रैल यज्ञ हवन पूजन सम्मान समारोह एवं श्रीमद् भागवत कथा 10 अप्रैल शुक्रवार माताजी की प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ हवन सम्मान समारोह एवं श्रीमद भागवत कथा 11 अप्रैल शनिवार यज्ञपूणार्हुति सम्मान समारोह एवं महाप्रसादी होगी। इसके साथ ही यज्ञ का समय सुबह 7 से 11 बजे एवं शाम 4.30 बजे से 6.45 तक रहेगा तथा श्रीमद्भागवत कथा सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक चलेगी। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम पत्रिका का वितरण किया गया है। आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सहित गुजरात राजस्थान हरिद्वार सहित अन्य प्रान्तों के दानदाता विभिन्ना सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख राजनैतिक उद्योगपति किसान भाई सहित अन्य ट्रस्टों के अध्यक्षों सहित बडी संख्या में इस होने वाले कार्यक्रम में लोग सम्मिलित होंगे नारायणपुर गांव के दानदाता के द्वारा लाखों रुपए के मंदिर निर्माण के साथ करोडों रुपए की लागत से निर्माणाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है।

## प्रशासन ने 5 करोड़ की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महिदपुर

स्थानीय प्रशासन ने भू-माफियाओं और अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम पंचायत कढ़ाई में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। तहसीलदार संतुष्टि पाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने गौशाला के लिए आरक्षित ५.३ हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण कारियों के चंगुल से मुक्त कराया।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस बेशकीमती जमीन पर पिछले 20 से 25 वर्षों से कंचन बाई पति बापू ओर राजू बाई इन दो महिलाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। बार-बार चेतावनी के बावजूद भूमि को खाली नहीं किया जा रहा था। गुरुवार को तहसीलदार संतुष्टि पाल स्वयं राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और कड़े विरोध के बीच अतिक्रमण हटवाया।

तहसीलदार संतुष्टि पाल ने बताया कि मुक्त कराई गई इस भूमि का कुल क्षेत्रफल 5.3 हेक्टेयर है, जिसकी वर्तमान बाजार दर के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए है। तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराना हमारी प्राथमिकता है। इस भूमि को मुक्त कराकर अब आधिकारिक रूप से पंचायत विभाग को सौंप दिया गया है, ताकि इसका उपयोग गौशाला और जनहित में किया जा सके।

कार्रवाई के तुरंत बाद राजस्व विभाग ने भूमि का सीमांकन कर कब्जा पंचायत विभाग के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक, पटवारी और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रेमप्रसंग में एक 25 वर्षीय दीवाना शराब पीकर मोबाइल टावर पर चढ़

**सारंगपुर।** सारंगपुर अनुविभाग के लीमाचौहान थाना अंतर्गत शुक्रवार को एक तरफा प्रेमप्रसंग में एक 25 वर्षीय दीवाना शराब पीकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। जानकारी मिलने के बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे टीआई और पुलिस बल ने एक घंटे तक समझाइश दी और युवती से फोन पर बात की जब युवती ने जानने से साफ मना कर दिया तब पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा और थाने ले गए।दीवाना युवक अनिल वर्मा पास के निपानिया तुला गांव का रहने वाला है और मिस्त्री का काम करता है। शुक्रवार को सुबह से ही शराब पी रहा था। युवक के अनुसार नशे में उसे सिर्फ वही युवती दिख रही थी उसके बाद शौले फिल्म के अंदाज में प्यार का इजहार करने के लिए शराब के नशे में टावर पर चढ़ गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, आरक्षक राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को करीब एक घंटे समझाया। संबंधित युवती से बात की तो ज्ञात हुआ की उसका कोई संबंध ही नहीं है और न ही उसे जानती है। इसके बाद पुलिस ने युवक को प्रेम से समझाया और नीचे उतार कर थाने ले गए जहां उसे समझाईश दी जा रही है।

## आदर्श गुजराती बलाई समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

### 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महिदपुर

सामाजिक एकता और सादगी का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए आदर्श गुजराती बलाई समाज द्वारा आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन ऐतिहासिक भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के 20 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन की शुरूआत की।

समाज के अध्यक्ष बालाराम भाटिया ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची को रोकना और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करना था। उन्होंने कहा कि हमने विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा कि विवाह की रस्में पूरी गरिमा और परंपरा के साथ हों, लेकिन अनावश्यक आडंबर और खर्च से बचा जाए। समाज को एक नई दिशा देने की यह हमारी पहली और सफल कोशिश है। इस मांगलिक अवसर पर वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, तराना विधायक महेश परमार,पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान,हर्षिता परमार, जितेंद्र मंडोर, विशेष रूप से उपस्थित हुए। उनके साथ कई प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी पहुंचे। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आयोजक समिति के प्रयासों की सराहना की। उपस्थित अतिथियों ने समाज के इस संगठित स्वरूप को अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का संचालन नारायणसिंह ने किया।

## पौधे लगाना प्रकृति के लिए अनुकूल उपहार -त्रिकार

**सारंगपुर।** जन्मदिन पर पौधा लगाना, चाहे वह औषधिय पौधे हो या फल, फूलदार पर्यावरण, प्रकृति के लिए अनुकूल उपहार माना गया है जो आने वाली पीढी को प्रेरित करता है। यह बात पर्यावरण प्रेमी दल सदस्य लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने महादेव मित्र मंडल पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेश पाटीदार के 52 वसंत पूर्ण कर जीवन के 53 वे बसंत जन्मदिन अवसर पर श्री खेडापति सरकार के पावन प्रांगण में ट्री गार्ड लगाकर नीम एवं कनेर के पौधों का रोपण करते वक्त कही। त्रिकार ने यह भी बताया पौधारोपण प्रकृति और पर्यावरण के लिए पुण्य एवं प्रकृति के लिए अनुकूल कार्य है इससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य बढता है बल्कि आध्यात्मिक शांति और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान भी करता है। नीम को सकारात्मक ऊर्जा का रक्षक और संजीवनी माना गया है। पर्यावरण जनक विष्णु प्रसाद जोशी ने बताया जन्मदिन पर नीम का पौधा लगाना अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना गया है।

## व्यापारी माहेश्वरी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन कर चांदी की गदा भेंट की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर



हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रणवीर संकट हरण हनुमान मंदिर पाडल्यामाता में किराना व्यापारी सुनिल पिता बाबूलाल माहेश्वरी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन कर चांदी की गदा भेंट की गई। संध्या आरती के पश्चात मंदिर परिसर में स्थानीय सुंदरकांड समिति पाडल्यामाता द्वारा सुंदरकांड किया गया।

मंडली द्वारा सुमधुर भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जूना अखाडा से मंदिर महंत स्वामी यतिजी महाराज द्वारा दान का महत्व बताया और साधु की परिभाषा बताते हुए कहां गया कि हमारे संत महान पुरुषों ने साधु की व्याख्या हर तरह से अलग-अलग बताया परंतु साधु उसे कहते हैं जो परमात्मा की खोज करें जैसे गिद्ध जटायु जब गिद्द जटायु रावण की तलवार से मरणासन अवस्था में पहुंच गया, उस समय उसका शरीर काम नहीं दे रहा था, तो वह आत्मा से कहता है ऐ आत्मा तेरा मेरा संबंध है यदि दुख हुआ है तो इस शरीर को हुआ है यदि रावण ने पंख काटे तो इस शरीर को दर्द हो रहा है शरीर को तेरे को क्या है। जिसका शस्त्रों से भेदन नहीं किया जा सके शास्त्रों से वर्णन नहीं किया जा सके वह तो आत्मा है परंतु तुझे उस परमात्मा की सौगंध है। ऐ आत्मा जब तक वह परमात्मा स्वरुप राम ना आ जावे और में इन नेत्रों से उनका दर्शन न कर लू तब तक तू इस शरीर को मत त्यागना तुझे उस परमात्मा की सौगंध है। इस दौरान पंडित विनोद उपाध्याय द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजन-अर्चना करवाई गई। मंदिर पुजारी शुभानन्द यति महाराज द्वारा आरती की गई। ग्रामीणजनों ने आरती में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।


### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार प्रजापत, एडव्होकेट, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड़ उज्जैन के द्वारा श्री पुरूषोत्तम चौहान आत्मज चतुर्भुज चौहान की ओर से दैनिक अवन्तिका दिनांक 30.03.2026 की जाहिर सूचना का प्रतिवाद करते हुए सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री देवेन्द्र मिश्रा आत्मज विष्णु मिश्रा के स्वामित्व व आधिपत्य भूखण्ड 634, वैशाली नगर, उज्जैन, का है । उक्त भूखण्ड पूर्व में देवेन्द्र मिश्रा की माताजी श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा ने वैशाली नगर कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था, और उनकी मृत्यु उपरांत उनका विधिक उत्तराधिकारी मेरा पक्षकार देवेन्द्र मिश्रा हुआ है। उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई अधिकार, हित प्राप्त नहीं है। दिनांक 04.04.2026

**चिराग बांठिया, एडवोकेट**
**कार्यालय - 7/1, अलखधाम**
**नगर उज्जैन**
**मोबाईल नं. 94245-42043**



### माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नागदा जिला उज्जैन म.प्र.

**प्रकरण कमांक - 0080 / अपील 25-26**

**सोहन पिता तुलसीराम** -अपीलार्थी

**विरुद्ध**

**अजयसिंह आदि** -प्रत्यर्थीगण

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा आप महोदय श्रीमती सीमा बाई पुत्री तुलसीराम पति वरदीचंद आयु 30 वर्ष, निवासी ग्राम नयाखेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन को सूचित किया जाता है कि, न्यायालय तहसीलदार तहसील उन्हेंल जिला उज्जैन के प्रकरण कमांक 2678/अ-6/2024-25 अजयसिंह विरुद्ध कमलाबाई आदि में पारित आदेश दिनांक 31.07.2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में एक अपील सोहन पिता तुलसीराम निवासी ग्राम परोलिया पदमा तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में प्रस्तुत की हैं, जिसका प्रकरण क्रमांक 0080/अपील/2025-26 होकर जिसमें नियत पेशी दि. 17.04.2026 हैं। उक्त अपील में आप महोदय सीमाबाई को भी प्रत्यर्थी के रूप में पक्षकार बनाया गया हैं उक्त प्रकरण में आप महोदय की उपस्थिति हेतु दिनांक 17.04.2026 नियत है।

अतः उक्त पेशी दिनांक पर इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17.04.2026 को न्यायालयीन समय प्रातः 11 बजे आप स्वयं अथवा अपने प्लिडर/अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील मे सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जावेगा। सूचित हो। दिनांक -01.04.2026

**श्रीमती रंजना पाटीदार**
**अनुविभागीय अधिकारी,अनुविभाग**
**नागदा जिला-उज्जैन**

## नवनियुक्त अजा विभाग जिला ध्यक्ष पारछे का स्वागत

**शाजापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति (अजा) विभाग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश पारछे का शहर के वार्ड नंबर 5 महूपुरा क्षेत्र में शुक्रवार को वार्डवासियों द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह पार्षद शोएब मेव और पूर्व विधायक प्रतिनिधि सरदार मूसा आजम खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश पारछे को शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय सम्मान किया और नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वाजिद अली शाह, कासिम बाबा, साजिद कुरैशी, एजाज खान, फिरोज खान, मोईन पठान, भोला खान आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर हादसा खाई में गिरी कार

**शाजापुर।** जिले से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में गाड़ी में सवार प्रदीप शर्मा, अशोक व्यास और शैलेंद्र घायल हो गए। ये तीनों नसरुल्लागंज से नलखेड़ा मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2.14 बजे यह हादसा भैरव डूंगरी के समीप हुआ। बताया जा रहा है कि कार सवार श्रद्धालु नलखेड़ा की ओर जा रहे थे, तभी अचानक चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया। इससे पहले कि चालक कार को संभाल पाता, कार सड़क से नीचे उतरकर सीधे खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। स्टाफ में तैनात आरक्षक शैलेंद्र शर्मा और वाहन पायलट कमलेश बड़कनिया ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने घायलों को कार से सुरक्षित बाहर निकाला और बिना समय गंवाए सीधे शाजापुर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया।

## महाकाल ढाबे के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा इलाके में सड़क हादसा हो गया। यहां महाकाल ढाबे के समीप एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम के वक्त कमल अपनी पत्नी जमुना बाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान सुनेरा क्षेत्र में स्थित महाकाल ढाबे के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े और उन्हें चोटें आईं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 10 अप्रैल

**आगर मालवा।** भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, महू द्वारा अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पूर्व निर्धारित तिथि के स्थान पर अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर (पुरुष) के विभिन्न पदों — जनरल ड्यूटी , एसकेटी, टेक्निकल एवं ट्रेड्समेन (8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण) — सहित महिला सैन्य पुलिस तथा स्थायी पदों जैसे नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 10 अप्रैल 2026 तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन से पूर्व पात्रता संबंधी दिशा-निर्देशों का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष नंबर 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन कर अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## भारत को मिली तीसरी परमाणु सबमरीन

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना में शुक्रवार को तीसरी परमाणु सबमरीन INS अरिदमन कमीशन की गई। इससे पहले INS अरिहंत (2016) और INS अरिघात (अगस्त 2024) को नौसेना में शामिल किया जा चुका है। अरिदमन को कई महीनों के ट्रायल के बाद केरल स्थित नौसैनिक अड्डे पर नौसेना को सौंपा गया। अरिदमन को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में तैयार किया गया है। इससे न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। यह देश के गोपनीय न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन कार्यक्रम स्स्क्न्न का हिस्सा है। इस कैटेगरी की सबमरीन परमाणु हथियार ले जाने और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रहने में सक्षम होती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल के नौसैनिक अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। हालांकि इस संबंध में नौसेना या रक्षा मंत्रालय की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान नहीं आया है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है ।

## फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60त्न सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60त्न सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

### गेहूं खरीदी में लेटलतीफी और 3000 के वादे पर गरमाई सियासत .....

# शुजालपुर में फूटा किसानों का गुस्सा, किया चक्काजाम

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



मध्यप्रदेश में रबी फसल की खरीदी को लेकर किसानों के सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव में 3000 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी का संकल्प और वर्तमान में उपार्जन केंद्रों पर पोर्टल-सर्वर की तकनीकी खामियों से परेशान अन्नदाताओं ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर हुंकार भरी।

शाजापुर जिले के शुजालपुर स्थित जेठड़ा जोड़ पर कांग्रेस के नेतृत्व में हुए किसानों के उग्र चक्काजाम से हालात बेकाबू हो गए। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने और जाम खुलवाने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन (पानी की बौछार) का इस्तेमाल करना पड़ा।

### सर्वर का बहाना और तपती धूप में परेशान किसान

फसल कटकर तैयार है, लेकिन सरकारी उपार्जन केंद्रों की सुस्त रफ्तार ने किसानों को रुला दिया है। शुक्रवार दोपहर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता जेठड़ा जोड़ पर एकत्रित हुए और राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह सिसोदिया और ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राजपूत के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में आरोप लगाया गया कि सर्वर डाउन होने और पोर्टल न चलने का हवाला देकर किसानों को भीषण गर्मी में मंडियों के बाहर कई दिनों तक इंतजार कराया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि चुनाव के दौरान किया गया 3000 प्रति क्विंटल खरीदी का वादा सरकार अविलंब पूरा करे और तुलाई प्रक्रिया तेज की जाए। किसानों के चक्काजाम के कारण व्यस्त रहने वाले शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने पहले तो समझाइश देकर जाम खुलवाने की कोशिश की, लेकिन जब आक्रोशित किसान सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए, तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए वॉटर कैनन से पानी की तेज बौछारें छोड़ दीं। इसके बाद ही भीड़ तितर-बितर हुई और मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रचना जैन ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, चुनाव के समय सत्ता हासिल करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जब किसान को उसके खून-पसीने का दाम देने का वक्त आता है, तो पूरी सरकार और प्रशासन सर्वर के पीछे छिप जाते हैं। कांग्रेस नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि खरीदी व्यवस्था जल्द सुचारू नहीं की गई और किसानों को उनका हक नहीं मिला।

## भारत आने वाला ईरानी तेल टैंकर चीन की तरफ मुड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा निविदा संख्याः MCOMPR-AIRPIPE-SMPYD-26 के विरुद्ध अंतिम तिथि 31.03.2026 15:00 बजे तक (खुली निविदा एकल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थानः** रतलाम डिवीजन के शंभूपुरा स्थित वैगन रिपेयर डिपो के यार्ड में वायु दाब पाइपलाइन की आपूर्ति, स्थापना और चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 26,04,500/- (सभी कर, ड्यूटीज एवं जी. एस. टी. सहित)। **निविदा फार्म की कीमतः** समस्त निविदाकार के लिए ई-निविदा फार्म निः शुल्क। **अग्रिम धनः** रु. 52,100/-. **समापन अवधिः** 120 दिन एलओए जारी होने की तारीख से। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगीः** कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै. वै.), रतलाम मंडल (प.रे)। **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम समयः बंद होने का समयः** 15:00 Hrs on 23.04.2026. **निविदा फार्म खुलने का समयः खुलने का समयः** 15:30 Hrs. on 23.04.2026. निविदायें IREPS की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **SPAN/3/1/527**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं: PARKING-RTM-01, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM-UJN-FW-88-26-1 (Ujjain FW),** अनुबंध की अवधि 3 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 16.04.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **SPAN/4/1/530**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्याः M247_MECH_TENDER_25-26_31, दिनांक 01.04.2026. कार्य का नामः** रोलिंग स्टॉक कारखाना, दाहोद में BG वैगन की पेंटिंग का कार्य, मात्रा-425808 वर्ग मीटर। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 महीने। **कार्य की अंदाजित लागतः** रु.60,34,685.71. **बयाना राशिः** रु.1,20,700/-. **परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समयः** दिनांक 22.04.2026 को 15:00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 15:30 बजे को खोलना। निविदायें IREPS की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **SPAN/3/1/528**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**EL-2025-26-44R, 51, 52 & 53** **ई-टेण्डरिंग नोटिस** **दिनांकः 01.04.2026**

मण्डल रेल प्रबंधक (बिजली / पॉवर) शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है- **क्र.सं.: 1. ई-टेंडरिंग संख्याः EL-2025-26-44R. कार्य का नामः** Ratlam Division - Electrical Work in connection with (1) Ujjain - provision of Ballast less track on PF no.1 (DN main), PFno.3/4 (loop), PF no.5 (Loop) & PFno.6 (loop) line of Ujjain station. (2) Chittourgarh - provision of Ballast less track at PF Line no. 2 (DN ML), PF line no. 4(Common Loop line) and PF no. 5(UP Loop line). (3) Ratlam provision of Ballast less track on PF No.4 (Common Loop line), PF No. 5 (Common Loop line) and PF No. 6 (Common Loop line) at Ratlam. **अनुमानित लागतः** रु. 1,35,72,524.26. **बयाना राशिः** रु. 2,71,500/-. **कार्य समापन अवधिः** 12 माह। **क्र.सं.: 2. ई-टेंडरिंग संख्याः EL-2025-26-51. कार्य का नामः** Annual Maintenance Contract for RMPUs fitted on AC coaches (Conventional & LHB) of IND & DADN Coaching depot of Ratlam Division for a period of two years. **अनुमानित लागतः** रु. 8,81,81,233.89. **बयाना राशिः** रु. 17,63,600/-. **कार्य समापन अवधिः** 24 माह। **क्र.सं.: 3. ई-टेंडरिंग संख्याः EL-2025-26-52. कार्य का नामः** Ratlam Division - Chintaman Ganesh Electrical work in connection with Provision of Cover shed on PF 01 and PF 02 at Chintaman Ganesh station (Simhastha 2028). **अनुमानित लागतः** रु. 46,99,334.23. **बयाना राशिः** रु. 94,000/-. **कार्य समापन अवधिः** 12 माह। **क्र.सं.: 4. ई-टेंडरिंग संख्याः EL-2025-26-53. कार्य का नामः** Ratlam Division - Electrical work in connection with provision of Replacement of Air Conditioners and Water Coolers under passenger amenities at various stations/locations PH-53. **अनुमानित लागतः** रु. 66,91,811.98. **बयाना राशिः** रु. 1,33,800/-. **कार्य समापन अवधिः** 06 माह। **ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथिः 31.03.2026. ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए निविदा खुलने की तिथिः 28.04.2026.** विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा फार्म की लागत शून्य है। **SPAN/7/1/529**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


# शाजापुर के पत्रकार विजय जोशी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



संगठन को धारदार बनाने और मीडिया में पार्टी का मजबूती से पक्ष रखने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी में अहम नियुक्तियां की हैं। इसी क्रम में शाजापुर जिले के खाते में एक बड़ी उपलब्धि आई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिले के तेजतर्रार युवा नेता और जाने-माने पत्रकार विजय जोशी के सांगठनिक कौशल पर मुहर लगाते हुए उन्हें मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। गुरुवार देर रात इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया और जनसंपर्क के क्षेत्र में जोशी के व्यापक अनुभव को देखते हुए, प्रदेश स्तर पर दी गई इस जिम्मेदारी को संगठन के नजरिए से एक मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।

विजय जोशी पिछले लंबे समय से भाजपा की विचारधारा और उसकी विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों में पूरी सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इससे पूर्व वे शाजापुर में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी के तौर पर भी सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। जिला स्तर पर मीडिया प्रबंधन में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और उनकी जमीनी पकड़ को देखते हुए ही प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें राज्य स्तर पर पार्टी की आवाज बनने का यह अहम जिम्मा सौंपा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो ग्रामीण गंभीर घायल

**शाजापुर।** सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मदन पिता पार्वती बागड़ी निवासी नारायणगढ़ तथा भागीरथ पिता रुग्गाजी उम्र 60 वर्ष निवासी पिपलोदा दर्शन कर बूम तलाई माताजी से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों व्यक्ति घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक 253 बैजनाथ सिंह गुर्जर एवं पायलट सुरेश बरेठा ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को मौके से उठाकर जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

## 8 माह की गर्भवती की मौत, पोस्टमार्टम में देरी पर परिजनों में नाराजगी

**शुजालपुरल।** मंडी स्थित सिविल अस्पताल में गुरुवार को 8 माह की गर्भवती महिला पुष्पा वर्मा पति रितेश वर्मा 36 वर्ष निवासी जगन्नाथपुरी कॉलोनी शुजालपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्हें अचानक पेट दर्द होने पर पहले निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया।

जहां से सिविल अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में जांच के दौरान महिला का शुगर लेवल 559 पाया गया। करीब डेढ़ घंटे तक जांच और उपचार चला, लेकिन अचानक सांस लेने में तकलीफ बढ़ने पर स्थिति गंभीर हो गई। चिकित्सकों ने सीपीआर सहित प्रयास किए पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस महिला के शव को परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर में रखा गया। जहां शुक्रवार की सुबह पीएम होना था, लेकिन गुडफ्राइडे का अवकाश के कारण डॉक्टर देर से पहुंचे, जिससे दोपहर करीब 2 बजे पोस्टमार्टम हो सका। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा गया। देरी को लेकर परिजनों ने नाराजगी जताई। परिजनों का कहना है कि मृतका को पहले शुगर की कोई समस्या नहीं थी।


**जाहिर सूचना का खण्डन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 01.04.2026 के दैनिक अवंतिका के समाचार पत्र के पृष्ठ क्रमांक 08 के कालम नंबर 02 में श्री अनिषेक सिंह सिकरवार एडवोकेट सिटी कार्यालय 15 कलालसेरी चौक उज्जैन, कार्यालय डी-3 भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र उज्जैन मोबाईल नंबर 8827765533, 7000192470, के द्वारा उनके अनाम पक्षकार की ओर से 01. शमा बी पिता हिसामउद्द्दीन 02, अकीला बी पति मोहम्मद इदरीस पिता हिसामउद्दीन 03, शाकिरउद्दीन पिता हिसामउद्दीन निवासीगण 03, भद्रभाउ मार्ग पथ क्रमांक 01, उज्जैन, 04 शबाना बी पति तॉज मोहम्मद पिता हिसामउद्दीन निवासी 03 हरसिद्धि दरवाजा उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति भवन क्रमांक 03. 04 रामघाट मार्ग उज्जैन स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफीट हैं जिसके पूर्व में रास्ता गली आम, पश्चिम में रास्ता गली आम, उत्तर में रास्ता गली ओम, दक्षिण में मकान घीसे खाँ का है, के विक्रय सबंधी जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई गई है जिसका खण्डन मेरे पक्षकारगण 01 शमशाद बी पति स्व. फय्याजउद्दीन निवासी रामघाट मार्ग उज्जैन 02. शबीना बी पत्ति इरशाद मोहम्मद पुत्री स्व. फय्याजाउद्दीन निवासी आगर नाका उज्जैन 03, अजहरउद्दीन पिता स्व. फय्याजउद्दीन निवासी आगर नाका उज्जैन 04. सलमान पिता स्व फय्याजउद्दीन निवासी आगर नाका उज्जैन 05. रजिया बी पति अजीज शेख पुत्री स्व. फय्याजउद्दीन निवासी आगर नाका उज्जैन 06, रियाजउद्दीन पिता स्व. फय्याजउद्दीन निवासी गणेश कॉलोनी जयसिंहपुरा उज्जैन की और से घोषित किया जाता हैं कि, उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति जिसका फुल क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट हैं में मेरे उक्त पक्षकारगण का भी स्वत्व हित अधिकार व सुखाधिकार निहित हैं क्योकि उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति स्व. हिसामउद्दीन पिता स्व. इमामउददीन के स्वाामित्व की रही है उक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति पैतृक सम्पत्ति होकर उसमें मेरे पक्षकारगण शमशाद बी पति स्व. फय्याजउद्दीन एंव स्व. फय्याजउद्दीन की उपरोक्त वर्णित संतानो का हक व हिस्सा निहित चला आ रहा हैं तथा अकेले शमा बी आदि को उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति जिसका भाग 3200 वर्गफीट लिखा गया है जो अविभाजित मुस्लिम परिवार की सम्पत्ति है को परभारे तौर पर विक्रय करने का अधिकार नहीं हैं। तथा उक्त सम्पत्ति में मेरे उपरोक्त वर्णित पक्षकारगण का भी स्वत्व हित अधिकार व सुखाधिकार निहित है तथा उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने के लिये मेरे उक्त पक्षकारगण से किसी भी प्रकार की सहमती व स्वीकृति नहीं ली गई है जबकि, उक्त सम्पत्ति में मेरे पक्षकारगण के हित निहित हैं ऐसी स्थिति में सूचित किया जाता हैं कि, कोई भी व्यक्ति आदि उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति व उसके भाग को मेरे पक्षकारगण की बिना लिखित सहमती व स्वीकृति के क्रय नहीं करे अन्यथा ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकारगण के निहित स्वत्चो के मुकाबले गलत निर्थरक एंव शून्य मान्य किया जावेगा। तथा खण्डन सूचना से अवगत हो इस संबंध में मेरे पक्षकारगण अलग से न्यायालयीन कार्यवाही व पुलिस कार्यवाही करने हेतु कटिबद्ध हैं, सूचित हो। -इति दिनांक-3.4.26

**जी.एच. शेख, हाईकोर्ट एडव्होकेट,**
**जी.एफ. शेख, ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**123, बेगम बाग चौराहा मस्जिद जामा-ए-शकेब के पास उज्जैन**
**मो. 9300647361,9303040316**
**8103674189**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण एवं समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार हफीसा बी पति अमजद पटेल निवासी ग्राम जेतपुरा तहसील सांवेर जिला इंदौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे न. 280 रकबा 0.42 हेक्टर सर्वे न. 281 रकबा 0.17 हेक्टर, सर्वे न. 284 रकबा 0.42 हेक्टर सर्वे न. 285 रकबा 0.58 हेक्टर सर्वे न. 286 रकबा 2.02 हेक्टर कुल किता 05 कुल रकबा 3.61 ग्राम कचनारिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि के संबंध में, मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 31-10-2025 को 1. श्री दीपक राव चव्हाण पिता अजय राय चव्हाण निवासी 185 वार्ड नंबर 04 पुरानी तहसील भोई मोहल्ला अक्य आलोट 2. श्री शाहरुख पटेल पिता तेज मोहम्माद पटेल निवासी आजाद नगर रतलाम के साथ एक नोटरी अनुबंध-पत्र निष्पादित किया गया था। उक्त अनुबंध को आपसी सहमति से दिनांक 26-03-2026 तथा नोटरी द्वारा प्रमाणित दिनांक 03-04-2026 को विधिवत निरस्त अनुबंध-पत्र के माध्यम से पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अतः उक्त अनुबंध अब पूर्णतः निरस्त, निष्प्रभावी एवं शून्य हो चुका है तथा उसका कोई विधिक अस्तित्व शेष नहीं है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को आगाह किया जाता है कि, उक्त कृषि भूमि के संबंध में पूर्व में किए गए उक्त निरस्त अनुबंध के आधार पर कोई भी व्यक्ति यदि किसी प्रकार का दावा, अधिकार, बयाना, विक्रय, अनुबंध अथवा अन्य कोई लेन-देन करता है, तो वह पूर्णतः अवैध एवं अमान्य होगा तथा उससे उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद हानि के लिए मेरे पक्षकार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहूंगा। विशेष सूचनाः यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर लिखित रूप प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि, भविष्य में उक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी लेन-देन केवल मेरे पक्षकार द्वारा विधिसम्मत रूप से किया जाएगा। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा या अनुचित लेन-देन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति स्वय उत्तरदायी होगा।

दिनांक 03/04/2026

**गुलनाज़ मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9907101111**

**जाहिर सूचना का प्रतिवाद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक अवंतिका समाचार पत्र के पृष्ठ क्रमांक 08 पर दिनांक 29-03-2026 को अपने पक्षकार श्री सज्जन सिंह आंवलिया पिता श्री मोहन लाल आंवलिया, निवासी एन.आर.आई. सिटी के सामने का मार्ग, 77, बड़िया खिमा, दुधिया, इंदौर (म.प्र.) द्वारा अभिभाषक अजय कुमार एडवोकेट कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने, उज्जैन म.प्र मो. न. 9993364312 की ओर से एक जाहिर सूचना सौदा चिट्ठी के आधार पर क्रय किया प्रकाशित की गई थी। मेरे पक्षकार हफीसा बी पति अमजद पटेल निवासी ग्राम जेतपुरा तहसील सांवेर जिला इंदौर के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे न. 280 रकबा 0.42 हेक्टर सर्वे न. 281 रकबा 0.17 हेक्टर, सर्व न. 284 रकबा 0.42 हेक्टर सर्वे न. 285 रकबा 0.58 हेक्टर सर्वे न. 286 रकबा 2.02 हेक्टर कुल किता 05 फुल रकबा 3.61 ग्राम कचनारिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि के संबंध में, मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 31-10-2025 को 1. श्री दीपक राव चव्हाण पिता अजय राव चव्हाण, निवासी 185 वार्ड नंबर 04 पुरानी तहसील भोई मोहल्ला अक्य आलोट, 2. श्री शाहरुख पटेल पिता तेज मोहम्माद पटेल, निवासी आजाद नगर रतलाम के साथ एक नोटरी अनुबंध-पत्र निष्पादित किया गया था। उक अनुबंध को आपसी सहमति से दिनांक 26-03-2026 तथा नोटरी द्वारा प्रमाणित दिनांक 03-04-2026 को विधिवत निरस्त अनुबंध-पत्र के माध्यम से पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अतः उक्त अनुबंध अब पूर्णतः निरस्त, निष्प्रभावी एवं शून्य हो चुका है तथा उसका कोई विधिक अस्तित्व शेष नहीं है। उपरोक्त अनुबंध पत्र को आपसी सहमति से विधिवत रूप से निरस्त (रद्द) कर दिया गया है। अतः पुनः यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त निरस्त अनुबंध पत्र के आधार पर श्री सज्जन सिंह अथवा अन्य कोई व्यक्ति किसी प्रकार का विक्रय, हस्तांतरण, बंधक, दावा अथवा अधिकार प्रस्तुत करता है तो यह पूर्णतः अवैध एवं अमान्य होगा। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपति या दावा प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करे। भविष्य में उत्पन्न किसी भी विवाद के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा।

दिनांक 03-04-2026

**गुलनाज मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9907101111**

**माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय नागदा जिला उज्जैन म.प्र.**
**प्रकरण क्रमांक-0080 / अपील 25-26**

**सोहन पिता तुलसीराम, ....अपीलार्थी**
**विरुद्ध**
**अजयसिंह आदि..... प्रत्यर्थीगण**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा आप महोदय श्रीमती सीमा बाई पुत्री तुलसीराम पति वरदीचंद आयु 30 वर्ष, निवासी ग्राम नयाखेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन को सूचित किया जाता है कि, न्यायालय तहसीलदार तहसील उन्हेल जिला उज्जैन के प्रकरण क्रमांक 2678/31-6/2024-25 अजयसिह विरुद्ध कमलाबाई आदि में पारित आदेश दिनांक 31.07. 2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में एक अपील सोहन पिता तुलसीराम निवासी ग्राम परोलिया पदमा तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में प्रस्तुत की हैं, जिसका प्रकरण कमांक 0080/अपील/2025-26 होकर जिसमें नियत पेशी दिनांक 17/4/26 हैं। अपील में आप महोदय सीमाबाई को भी प्रत्यर्थी, के के रूप में पक्षकार बनाया गया है, उक्त प्रकरण में आप महोदय की उपस्थिति हेतु दिनांक 17/4/26 नियत हैं। उक्त अतः उक्त पेशी दिनांक पर इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17/4/26को न्यायालयीन समय प्रातः 11: 00 बजे आप स्वयं अथवा अपने प्लिडर/अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील में सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जावेगा। सूचित हो।

**श्रीमती रंजना पाटीदार**
**अनुविभागिय अधिकारी, नागदा जिला उज्जैन म.प्र.**

## प्रशासन ने 17 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रुकवाया

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में नीमच जिले में बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत जावद क्षेत्र के गांव रामदेव नगर में एक बाल विवाह को रुकवाया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि विकासखंड जावद के ग्राम रामदेवनगर में 17 वर्षीय बालिका का विवाह 7 अप्रैल को होने वाला है; बारात मंदसौर जिले से आएगी। सूचना प्राप्ति पर परियोजना अधिकारी जावद श्रीमती आभा पाटीदार ने संपूर्ण जानकारी की तस्दीक की गई और सूचना सही पाएं जाने पर प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल द्वारा बालिका के घर जाकर ,परिवार को समझाया गया। समझाइश के आधार पर बालिका के पिता व परिवार द्वारा लिखित में दिया गया कि वे बालिका सोना(परिवर्तित नाम) का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ही करेंगे और यदि उसके पूर्व विवाह किया जाता है तो किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही उनके विरुद्ध की जा सकेगी। प्रशासन एवं पुलिस की तत्परता से एक बाल विवाह की रोकथाम की जा सकी है।

## स्मृति बैंक का शुद्ध एनपीए शून्य

**मंदसौर।** स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्या. मंदसौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट परिणाम घोषित करते हुए बैंकिंग क्षेत्र में अपनी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति का परिचय दिया है। बैंक ने इस वर्ष 1280 करोड़ रु. के कुल व्यवसाय का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसमें 14 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका शुद्ध एनपीए शून्य प्रतिशत रहना है, जो इसकी विश्वसनीयता को दशार्ता है। बैंक के सीईओ सुनील पंजवानी ने बताया कि विगत वर्ष में बैंक की जमा राशि में 106 करोड़ और ऋण वितरण में 53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। 31 मार्च 2026 तक बैंक की कुल जमा राशि 775.26 करोड़ रुपये और अग्रिम ऋण राशि 504.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। बैंक के संस्थापक एवं मार्गदर्शक नरेन्द्र नाहटा ने बताया कि स्मृति बैंक मध्य प्रदेश का एकमात्र सहकारी बैंक है।

# रतलाम में हाटकेश्वर जयंती पर हुए अभिषेक, पूजन, शोभायात्रा के आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

## बड़ी संख्या में नागर जनों ने की सहभागिता

ओम त्रिवेदी

**रतलाम** । मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद की रतलाम शाखा के तत्वाधान में भगवान हाटकेश्वर के प्रगट उत्सव पर अनेक धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इसी क्रम में 3 अप्रैल को राधा कृष्ण गार्डन में नागर मिलन समारोह एवं भोजन प्रसादी का आयोजन सम्पन्न हुआ।

हाटकेश्वर जयंती पर मठ मंदिर एवं नागर वास स्थित हाटकेश्वर मंदिरों में रुद्राभिषेक पूजन ,अर्चन ,आरती का आयोजन हुआ ।समाज के वरिष्ठ प्रदीप रावल ने परिवार सहित अभिषेक कर धर्म लाभ लिया। शाम को मठ मंदिर से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई ।आगे बैंड की मधुर भजनों एवं गरबा धून पर महिलाओं ,पुरुषों ने गरबा नृत्य किया । सजी हुई बग्गी में भगवान हाटकेश्वर को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया ।साथ में बड़ी संख्या मे सौम्य





वस्त्रों में सुशोभित महिलाओं ,पुरुषों ने चल समारोह को शोभायमान बना दिया। समारोह कॉलेज रोड ,नाहरपुरा, डालू मोदी बाजार, पैलेस रोड होते हुए नागर वास स्थित मठ मंदिर पहुंचा ,जहां महा आरती एवं प्रसादी आयोजन का समाज जनों ने लाभ लिया ।हाटकेश्वर जयंती के आयोजनों में समाज अध्यक्ष जितेंद्र नागर एवं महिला शाखा अध्यक्ष मीनाक्षी रावल सहित ओम त्रिवेदी, नवनीत मेहता, संजय दवे ,संदीप जोशी ,विवेक नागर ,सतीश मेहता ,भुवनेश दवे ,गोपाल नागर, निर्मल व्यास बबलू ,धर्मेंद्र नागर ,हेमंत भट्ट, दिलीप मेहता, सत्येंद्र मेहता ,महेश रावल, राजेंद्र रावल, चंद्रकांत मेहता, सुशील नागर ,हरिश मेहता ,योगेश नागर ,शैलेंद्र मेहता ,शरद मेहता अशोक मेहता ,अलका मेहता अमिता मेहता, अनुराधा दवे ,प्रमिला त्रिवेदी ,ज्योति मेहता सहित अनेक नागर जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाया। सचिव संदीप जोशी ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

## एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य आरोपी दो साथियों सहित गिरफ्तार, 1.245 कि.ग्रा. अफीम भी जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने गरोठ के ग्राम सुरजना में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी प्रधान सिंह को उसके दो साथियों के साथ अवैध अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 245 ग्राम अवैध अफीम जप्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2,49,000 रुपये आंकी गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति रेलवे ग्राउंड शामगढ़ के पास खड़े हैं और ट्रेन के जरिए अवैध मादक पदार्थ लेकर दिल्ली या पंजाब की ओर निकलने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय के निर्देशन में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर प्रधान सिंह (२८) पिता मदन



सिंह निवासी नलखेड़ा, भगवान सिंह उर्फ बबलू सिंह (२७) पिता चन्दर सिंह निवासी नलखेड़ा और दिलीप सिंह (33) पिता मदन सिंह निवासी खेजड़िया मेघा को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से प्लास्टिक की थैली में अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया मुख्य आरोपी प्रधान सिंह शातिर और आदतन अपराधी है। वह ग्राम सुरजना में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य आरोपी है और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस जांच में यह सामने आया था कि प्रधान सिंह द्वारा सप्लाई किए गए केमिकल्स से ही फैक्ट्री में 12 किलो 610 ग्राम एमडी का गाढ़ा मिश्रण और 102 ग्राम तैयार एमडी बनाई गई थी। आरोपी के विरुद्ध झालावाड़ जिले के इकलेरा थाने में भी तस्करी के मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस प्रधान सिंह से ड्रग्स फैक्ट्री मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों और अफीम के स्त्रोतों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है।





## संत पीपाजी महाराज के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट द्वारा संत शिरोमणि श्री पीपाजी महाराज का 703 वां जन्मोत्सव पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के दौरान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण और अभिषेक के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजन पारंपरिक सफेद वस्त्र और साफा पहने हुए शामिल हुए, वहीं महिलाएं लाल चुनरी पहनकर भजन गाती हुई चलीं।शोभायात्रा पशुपतिनाथ पुलिया और सदर बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची, मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज पंवार, राजेश मकवाना, गोपाल चावड़ा, हीरालाल चौहान, संतोष परमार, पप्पू सोलंकी, ललित कनेरिया, विक्रम कनेरिया व देव कनेरिया ने दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा ललित, विक्रम और देव कनेरिया ने बांसुरी व सैक्सोफोन की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान पीपा जी महाराज की बड़ी छवि की अंकित चावड़ा द्वारा 31 हजार रु. एवं छोटी छवि की विक्रम कनेरिया पिपलियामंडी द्वारा 7101 रुपए में घर पर साल भर की पूजा अर्चना के लिए बोली लगाई गई।समारोह में आगामी कार्यकाल के लिए गोपाल चावड़ा को नवीन अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष आनंद भाटी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, कोषाध्यक्ष रमेशचंद पालीवाल, सचिव मुकेश सोलंकी, सहसचिव महेश पंवार उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



## आर्यिका समर्थ माताजी एवं सार्थक श्री माताजी का गृह नगर में कल मंगल प्रवेश

**मन्दसौर।** स्थानीय जैन समाज के लिए गौरव का क्षण है कि दिगंबर जैन आर्यिका 105 श्री समर्थ श्री माताजी एवं 105 श्री सार्थक श्री माताजी का ससंघ मंगल प्रवेश कल 5 अप्रैल को 8.30 बजे से नूतन स्कूल के मुख्य द्वार से मंदसौर नगर में होने जा रहा है। विशेष बात यह है कि मंदसौर ही आर्यिका द्वय की जन्मभूमि होकर आप सामाजिक कार्यकर्ता स्व. डॉ. अजित कुमार जैन के परिवार की सांसारिक सदस्य रही हैं। गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज से 25 अक्टूबर 2015 को अजमेर में दीक्षा ग्रहण करने के लगभग 11 वर्षों के अंतराल के बाद आर्यिका द्वय का अपने गृहनगर में यह प्रथम आगमन हो रहा है। डॉ. एस.एम. जैन के अनुसार, दीक्षा के बाद माताजी ने सलुम्बर, उदयपुर, ईडर, विजयनगर, हिम्मतनगर, अहमदाबाद, महुआ पार्श्वनाथ, इचलकरंजी और रतलाम जैसे स्थानों पर चातुर्मास कर धर्म की प्रभावना की है। आपने मालवांचल के उन दूरस्थ गांवों में भी पदविहार कर जैन सिद्धांतों का अलख जगाया है, जहां अब तक दिगंबर संतों का प्रवास नहीं हुआ था।

## उत्तरमुखी बालाजी मंदिर में आज सुंदरकांड और कल भंडारा होगा

**मंदसौर।** रामघाट स्थित श्री उत्तरमुखी बालाजी रामेश्वरम महादेव मंदिर पर प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन आज 4 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष पार्षद कमलेश सिसौदिया ने जानकारी दी कि महोत्सव का शुभारंभ आज शनिवार को सायं 7.30 बजे से होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अरुण सोनी और रोहित शर्मा द्वारा भक्तिमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के दूसरे दिन कल रविवार को सायं 5 बजे मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल भंडारा आयोजित होगा। श्री उत्तरमुखी बालाजी मंदिर सेवा समिति ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।



## लायंस क्लब द्वारा पेट्रोल पंप के समीप जल मंदिर का लोकार्पण

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा सीतामऊ फाटक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप नवनिर्मित जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। यह जल मंदिर जगदीश चौधरी परिवार के सौजन्य से स्व. श्रीमती सज्जन देवी एवं श्री बद्रीनारायण चौधरी की स्मृति में स्थापित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है। व्यस्त चौराहे पर शीतल जल की यह व्यवस्था राहगीरों के लिए बड़ी राहत बनेगी। क्लब अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार ने स्वागत उद्बोधन में क्लब की सेवा परंपरा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बलजीतसिंह नारंग, सुरेंद्र नाहटा, जगदीश चौधरी, दीपक चौधरी, जितेंद्र मित्तल, सुभाष बग्गा, परमानंद अग्रवाल, इंद्रमोहन सैनी, सुरेंद्र फरक्या, ओम चौधरी, मारुति पोरवाल, राजेंद्र पामेचा, डॉ. के.सी. श्रीमाल, गौरव रत्नावत, पंकज पोरवाल, मनोहर नाहटा एवं नारायण सिंह चौहान सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश धनोतिया ने किया एवं आभार सचिव लायन डॉ. विक्रांत भावसार ने व्यक्त किया।

## मेव वेलफेयर सोसायटी का 24वां इज्तिमाई 12 को होगा विवाह समारोह

**जावरा ।** सामाजिक एकता और सादगीपूर्ण विवाह परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेव सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा 24वां इज्तिमाई शादी सम्मेलन का भव्य आयोजन 12 अप्रैल रविवार को दरगाह गैब शाह वली, सोनगरी (जिला मंदसौर) में आयोजित होगा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुस्लिम बिरादरी के जोड़ों का निकाह एक साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में फिजूलखर्ची को रोकना, गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना तथा भाईचारे और एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के आयोजक असगर खान मेव (अध्यक्ष मेव वेलफेयर सोसायटी) एवं तौफीक खान मेव (अध्यक्ष इज्तिमाई शादी सम्मेलन) एवं मोबीन खा मेव (मीनाक्षी बस) ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां व्यापक स्तर पर चल रही हैं और बड़ी संख्या में जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। समाज के सभी लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही बताया गया है कि रजिस्ट्रेशन के लिए दूल्हा-दुल्हन के आधार कार्ड एवं दो-दो फोटो अनिवार्य रूप से लाना होगा। सम्मेलन में पंजीयन के लिए जावरा में मोबीन खा मेव (मीनाक्षी बस) व आसिफ अनवर से संपर्क किया जा सकता है।

## 5 अप्रैल से आमजन के लिए प्रारंभ होगा स्विमिंग पुलतैयारी अंतिम चरण में

**नीमच।** नगर पालिका नीमच का स्विमिंग पूल 5 अप्रैल से आमजन के लिए प्रारंभ हो जाएगा। स्विमिंग पूल प्रारंभ करने के लिए पुल की साफ-सफाई व अन्य तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। स्विमिंग पूल में प्रवेश की व्यवस्था परिषद संकल्प अनुसार गत वर्ष की तरह मासिक पासधारियों के लिए ही रहेगी। मासिक पास का शुल्क एक माह का एक हजार रुपये रहेगा। कोई भी व्यक्ति मासिक पास बनवाकर स्विमिंग पूल में तैराकी कर सकेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्विमिंग पूल प्रभारी उपयंत्री श्री अरविंद सिंह ने बताया कि स्विमिंग पूल में प्रतिदिन महिलाओं के लिए प्रातः 6 से 7 एवं पुरुषों के लिए प्रातः 7 से 8, 8 से 9 से एवं 9 से 10 तथा इसी प्रकार दोपहर में पुरुषों के लिए 4 से 5 एवं 5 से 6 तथा महिलाओं के लिए सायंकाल 6 से 7 बजे का समय निर्धारित किया गया है। सोमवार को स्विमिंग पूल का रखरखाव का दिन होने से अवकाश रहेगा। स्विमिंग पूल प्रभारी ने बताया कि तैराकी के इच्छुक महिला-पुरुषों को मासिक पास का फॉर्म भरने के साथ ही शपथ पत्र भी देना होगा कि उसके द्वारा स्विमिंग पूल के सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

# विप्लव जैन के मनोनयन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दायित्व पर युवा नेतृत्व श्री विप्लव जैन के मनोनयन की घोषणा होते ही कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस गौरवपूर्ण अवसर पर न्यू रोड स्थित कार्यालय पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की।

कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विप्लव जी जैन का मनोनयन रतलाम जिले के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है साथ ही कार्यकताओं ने एक समर्पित, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता पर विश्वास व्यक्त करने के लिए भाजपा संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व आभार व्यक्त किया



इस दौरान भाजपा जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार (हॉस्टल), युवा मोर्चा जिला महामंत्री रविन्द्र पाटीदार,जिला उपाध्यक्ष जलज सांखला, यादवेंद्र सिंह, सिद्धार्थ कटारिया, जिला मंत्री संजय पांचाल, राहुल जाधव, शुभम चौहान,राहुल पाटीदार, जिला कार्यालय मंत्री सत्यजीत राजावत, शिवम मूणत, प्रतीक विजयवर्गीय, मंडल अध्यक्ष राहुल रांका,आयुष पढि?ार,जयेश जाजोरिया, दीप सिंह देवड़ा, चिराग असरानी, संदीप पोरवाल, गौरव टांक, तेजस्व गांधी, लक्ष्य लालवानी, केशव सिंह, लवीश अग्रवाल, चेतन, राजू चौधरी, गजेंद्र पडियार, दिनेश गुर्जर, पुनीत भंडारी, सौरभ चपरोत, विनीत, महावीर भरगट, विवेक, अंकित एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब घर-घर पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन से टीवी की होगी जांच

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

सिविल हॉस्पिटल को दूसरी पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन प्राप्त हुई है । अब संभावित टीबी रोगी के घर पर ही एक्स रे हो जाएगा ।जिससे जावरा को टीबी मुक्त बनाये जाने का प्रयास किया जाएगा। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल में विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयास से डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध हुई थी।,लेकिन मरीजो की संख्या में बढ़ोतरी होने व टीबी मुक्त अभियान चलाए जाने के कारण एक्सरे मशीन की मांग की जा रही थी ।जिस पर विधायक डॉ पांडेय ने उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से चर्चा कर कठिनाई से अवगत कराया ।डॉ पांडेय के आग्रह को स्वीकार करते हुए सिविल हॉस्पिटल के लिए पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन स्वीकृत की गई है।



उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी, सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया के निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम जिला रतलाम के तहत 24 मार्च से 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है, ।इस अभियान को गति देने लिए संभावित रोगीयो की टीबी की जांच हेतु स्वीकृत पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन का उपयोग किया जाएगा। जिसकी लागत लगभग सत्ताईस लाख रुपए है ।इस मशीन से चेस्ट एक्सरे से शहरी क्षेत्र के वार्डो में तथा ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डो में घर घर जाकर टीबी स्क्रीनिंग करने में आसानी होगी। टीबी संभावित रोगी का घर पर ही एक्स रे हो जाएगा, अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा ।शहरी क्षेत्र में गुरुवार से आने वाले 100 दिनों तक वार्ड वार सुक्ष्म कार्य योजना अनुसार प्रत्येक वार्ड में पोर्टेबल मशीन द्वारा एक्स रे सुविधा का लाभ दिया जायेगा। शहरी क्षेत्र वार्ड नंबर 4 में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 32 मे शिविर लगाया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा संपन्न

**नीमच।** शहर सहित जिले भर के मंदिरों पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिनभर विभिन्न आयोजन संपन्न हुए। जिसमें शहर के हनुमान भक्त श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। हनुमान मंदिरों पर एक दिन पूर्व सुबह से ही साज सज्जा एवं भजन कीर्तन और भंडारे की तैयारी की गई 2 अप्रैल गुरुवार को शहर के विराट वारा बालाजी मंदिर ग्वालटोली चेक करना बालाजी स्टेशन रोड खेड़ापति बालाजी मंदिर जयसिंहपुरा रोड विद्यापति बालाजी मंदिर नीमच बालाजी धाम मंदिर बगाना गोदाम बालाजी पुराने नगर पालिका सहित विभिन्न मंदिरों पर सुबह से ही दर्शन हेतु लोग कतारबध नजर आए द्य इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई।

# जे.के.सीमेंट द्वारा पशुधन विकास अंतर्गत बछड़ा बछड़ी रैली का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच /निंबाहेड़ा

राजस्थान निंबाहेड़ा के जे.के. सीमेंट वर्क्स के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कार्यरत संस्था जे.के. ट्रस्ट के माध्यम से समेकित पशुधन विकास परियोजना संचालित की जाती है। यह परियोजना जे.के. सीमेंट लिमिटेड के निबाहेड़ा व मांगरोल प्लांट के समीपवर्ती 25 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित है।

इस योजना के अंतर्गत पशु नस्ल सुधार, चिकित्सा शिविर, टीकाकरण, हरा चारा उत्पादन एवं महिला पशुपालकों के प्रशिक्षण के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना जे.के. सीमेंट लिमिटेड का मुख्य उद्देश्य है। कई वर्षों से जे. के. ट्रस्ट, निम्बाहेड़ा द्वारा कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से उन्नत नस्ल की नई



पीढ़ियों द्वारा दूध उत्पादन में सुधार किया जा रहा है, जिससे पशुपालकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। फाचर अहीरान में जे.के. सीमेंट वर्क्स लिमिटेड, निंबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, एच. आर हेड प्रभाकर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संचालित पशुधन विकास परियोजना के अंतर्गत उत्पन्न बछड़ा बछड़ी रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली फाचर अहिरान ग्राम पंचायत के 105 पशुपालकों ने भाग लिया। सभी पशुपालकों ने पूर्व में ही नामांकन कर अपने पशुओं पंजीकरण कराया था।

पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. ओ.पी. मेहरा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी लड्सरावन डॉ. पुरषोत्तम गुप्ता एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मांगरोल डॉ. अनिल मौर्या की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिन्होंने मुर्रा नस्ल की भैंसों, गिर नस्ल की गायों एवं होलस्टीन फ्रीजियन (एचएफ) नस्ल के बछड़ा बछड़ी का मूल्यांकन किया। इसके पश्चात तीनों नस्लों के बछड़ा बछड़ी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु पशुपालको का चयन किया गया।

इस पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। जे.के. सीमेंट निबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने सभी पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह कोरोना कल के संकट के सभी ने मिलकर सामना किया अब देश में ऊर्जा भंडार का संकट आने वाला है पशुपालक गोबर गैस बना कर इस संकट की घडी से लड़ सकते हैं।



## हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव –छात्र भविष्य के भविष्य निर्माता आयोजन में बोले मंडल अध्यक्ष चौहान

**महिदपुर रोड।** नगर के शासकी य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन सत्र 2026 -27 के लिये प्रवे श उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जि ला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमन दीप सिंह गुर , जनपद सदस्य प्रति निधि बाबू दास बैरागी ,सरपंच ऋतु पाटीदार, विशेष अतिथि उप सरपंच मांगीलाल आंजना, समाजसेवी राजे श कांठेड़ ,मंडल उपाध्यक्ष रमेश मीणा ,मोर्चा उपाध्यक्ष भूपेश कसेरा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान ने की। चौहान ने कहा आज के छात्र हमारे भविष्य के भविष्य निर्माता है, शासन विभिन्न योजनाओं के तहत छात्रों को निशुल्क शिक्षा, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क साइकिल के साथ-साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान करता है 'इसका फायदा सभी छात्र उठाएं और मन लगाकर अच्छी पढ़ाई करें और अपना नाम एवं अपने परिवार का नाम रोशन करें'अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेश उत्स व का शुभारंभ किया नवीन प्रवेशी छात्रों को अतिथियों ने तिलक ल गाकर माला पहना कर स्वागत किया तथा निशुल्क पाठ्यपुस्तक पात्र छात्रों को वितरित की। अतिथि स्वागत प्रभारी प्राचार्य शिवनारायण बाम निया , गीता रावत, संगीता पासी ने किया शिक्षक अनुपम त्रिवेदी, सुजाता राय, श्रद्धा सूर्यवंशी, शांतिलाल सूर्यवंशी,, सरि ता पालीवाल, हरीश सौलंकी, दश रथ बामनिया ,सूरज पोरवाल ,वैभव सूर्यवंशी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोर वाल ने किया तथा आभार शिक्षक बंसीलाल सौलंकी ने माना।

## हनुमान जयंती के अवसर पर इक्यावन सौ हनुमान चालीसा का वितरण



**देवास।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी रही श्रीमती विनोदिनी रमेश व्यास के द्वारा एमजी रोड स्थित खेड़ापति सरकार के मंदिर पर 5100 सो हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रमेश व्यास ने कहा कि हनुमान चालीसा वितरण करने का उद्देश्य है कि सब हनुमान चालीसा का पाठ करें एवं अपने जीवन में खुशहाली समृद्धि लाय वहीं शहर की एकता और भाईचारा बनी रहे इसके लिए हम प्रयास कर रहे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर मनोज राजानी प्रदीप चौधरी वरिष्ठ नेता भगवान सिंह चावड़ा सुधीर शर्मा दिनेश मिश्रा संतोष मोदी अनिल गोस्वामी रोशन रायकवार राहुल पंवार पंकज वर्मा समीर शर्मा अशोक पेशवानी स्थापक जी दीपक जोशी मुरलीधर गुप्ता राजा पड़ियार चंद्रभूषण शुक्ला राजकमल जोशी कल्याण भूतड़ा अनिल तालरेजा हेमंत शर्मा निरंजन कानून गो,,,,,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री डा. गौतम टेटवाल ने बुधवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ऑपरेशन थियेटर में सफल सीजर ऑपरेशन के माध्यम से सुरक्षित डिलीवरी कराने वाली डॉक्टरों की टीम को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही नवजीवन को जन्म देने वाली मातृशक्ति हेमलता दीपक पुष्पद को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री डा. गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें। जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द ही अस्पताल में एटीएम एवं डायलिसिस सुविधा प्रारंभ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिससे क्षेत्रवासियों को और अधिक सुविधा मिल सके। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुधीर श्रीमाल, आनंद सक्सेना, डा. अंकित यादव, डा. सरिता यादव सहित अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

## न्यायालय में 6 माह से न्यायाधीश का पद रिक्त, न्याय के लिए तरस रहे सैकड़ों पक्षकार

**सुसनेर।** स्थानीय न्याय व्यवस्था इन दिनों संकट से गुजर रही है। सुसनेर स्थित न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का पद पिछले छह महीनों से रिक्त पड़ा है, जिसके कारण न्यायिक प्रक्रिया पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। इसको लेकर क्षेत्र की जनता के साथ अभिभाषक संघ की और से रिक्त पद की पूर्ति हेतु मांग की है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान के अनुसार न्यायाधीश की अनुपस्थिति में कई गंभीर मामले लंबित हैं। दर्जनों बंदी 'अंडर ट्रायल' (विचाराधीन) अवस्था में जेलों में बंद हैं और उनकी सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके अलावा, विशेष न्यायालय विद्युत के प्रकरण और महिलाओं से संबंधित सैकड़ों संवेदनशील मामले भी विचाराधीन हैं। न्याय में देरी होने से पक्षकारों को आर्थिक बोझ के साथ-साथ भारी मानसिक प्रताड़ना का भी सामना करना पड़ रहा है। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु उच्च न्यायालय जबलपुर और प्रधान जिला न्यायाधीश को पूर्व में कई बार मेमोरेंडम सौंपे जा चुके हैं।

# नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के बल पर ही जीवन को आदर्श बनाएं- दिनेश जैन बोस

### उत्कृष्ट विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ प्रवेशोत्सव मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




शा.यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में प्रवेशोत्सव बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनायास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिनेशचन्द्र जैन बॉस उपस्थित रहे,विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतापसिंह आर्य,नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती उमा पांडे, पार्षद प्रतिनिधि मो. इकबाल नागोरी, एवं जाकिर मंसूरी, पार्षद श्रीमती आशा राठौर, श्रीमती नेहा सकलेचा, पत्रकार अरुण बुरड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बैग, मनोहर आंजना, मॉडल स्कूल प्राचार्य रामेश्वर सोनी सहित अभिभावकगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक दिनेशचंद्र जैन बॉस द्वारा छात्रो को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के बल पर ही जीवन को आदर्श बनाया जा सकता है क्योंकि आज का परिश्रम ही कल की सफलता बनता है।ह्वश्रीप्रताप सिंह ने संघर्ष का महत्त्व बताते हुए छात्रो से कहा कि संघर्ष की आग में तपकर ही इंसान सोना बनता है इसलिए संघर्ष से मत घबराओ यही तुम्हें शिखर तक पहुँचाएगा। श्रीमती उमा पांडे ने अनुशासन जैसे जीवन मूल्य का महत्व बताते हुए छात्रो से कहा कि अनुशासन कोई बंधन नहीं, ये आपकी सबसे बड़ी ताकत है और आज का अनुशासन ही कल की पहचान बनेगा।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण, साईकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं के पात्र छात्रों को साइकिलें भी प्रदान की गई । बैंड की अगुवाई में अतिथियों का सत्कार शैलेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व संपन्न हुआ एवं स्वागत भाषण विद्यालय के शिक्षक नईम अहमद नागोरी द्वारा प्रस्तुत किया स कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश कमलकर एवं विजय मालवीय द्वारा किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य किशोर कुमार परमार द्वारा व्यक्त किया गया।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत- शास. मा.वि. बैजनाथ में शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बैजनाथ के सरपंच कैलाशपुरी गौस्वामी तथा विशेष अतिथि गोविन्दसिंह उपस्थित रहे। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर व फूल माला पहनाकर किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तकें भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रदीप बडेजा, संजय शर्मा, श्रीमती सुनीता कानड़ी उपस्थित रहे।

#### नारायणा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया

शासकीय उ.मा.वि. नारायणा में शिक्षारंभ 2026-27 हेतु प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शुरूआत की गई। प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को तिलक एवं पुष्प-मालाओं से स्वागत किया गया। प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं निःशुल्क पुस्तक वितरण की गई। इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य ओपी पाठक द्वारा विद्यालय में शिक्षारंभ की समस्त गतिविधियों से छात्रों एवं उपस्थित पालकों को अवगत कराया गया।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावियों का सम्मान

**सुसनेर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीया तक एवं तृतीय, चतुर्थ, षष्ठम, सप्तमी, नवमी एवं एकादशी कक्षाओं के विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल माली रहे तथा अध्यक्षता दिलीप राठौर ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील सोनी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। बच्चों की सफलता पर अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन मनोज सोनी द्वारा किया गया, जबकि अतिथियों का स्वागत जितेंद्र कुशवाह ने किया। आयोजन में विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार का विशेष सहयोग रहा। अंत में अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय के इस प्रयास को विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु सराहनीय बताया।


## 5 अप्रेल का डॉ. तोगड़िया महिदपुर में

**महिदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राम जन्म भूमि के प्रेरणा स्त्रोत तथा देश में जागृति पैदा करने वाले डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का 5 अप्रेल को महिदपुर आगमन हो रहा है। हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल महिदपुर के सानिध्य में पुराने बस स्टेण्ड पर सायं 4 बजे विशाल आमसभा को सम्बोधित करेंगे। विश्व हिन्दू परिषद एवं बरजंग दल ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आमसभा में भाग लेकर आमसभा को सफल बनाने की अपील की है।



## 91 वर्ष की उम्र में जैन का निधन

**सुसनेर।** जैन समाज के अत्यंत सम्मानित और वयोवृद्ध सदस्य मोहन लाल जैन का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना से स्थानीय जैन समाज और उनके परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई है। जैन अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे समाज में अपनी सादगी, धर्मपरायणता और सेवाभावी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जैन धर्म के सिद्धांतों और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित किया। गुरूवार को सुबह शुक्रवारिया बाजार स्थित उनके निवास से शवयात्रा निकाली गई जो कंठाल नदी स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां पर उनके पूत्र पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद महावीर जैन,प्रेमचंद जैन ने मुखाग्नि दी। बाद में शोकसभा में गणमान्य नागरिकों ने मोहनलाल जैन के जीवन पर प्रकाश डालते हुवें उन्हे श्रद्वांजली अर्पित की। अन्तिम यात्रा में सर्वसमाज के बडी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधीगण शामिल हुए।



## शासकीय विद्यालय जीरापुर में प्रवेशोत्सव एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर में प्रवेशोत्सव अंतर्गत निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा माध्यमिक खंड एवं कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सकारात्मक परिणाम स्वरूप शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है और परीक्षा परिणामों में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है।

इसके पश्चात प्राचार्य देव शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय द्वारा 100% नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत प्रयासों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील भी की।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. रामकुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तोमर, मंडल महामंत्री दीपक मालवीय, मंडल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शीतल दांगी, ग्राम सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि, जनशिक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोड़िया

श्रीराम के अनन्य भक्त संकटमोचक, रुद्रावतार, अंजनी कुमार भगवान हनुमान महाराज का जन्म उत्सव क्षेत्र एवं नगर में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा से मनाया गया। प्रातः काल से हनुमान जी के मंदिरों में भक्तों का आना प्रारंभ हो गया। मंदिरों को विविध तरह के पुष्प एवं मालाओं से सजाया गया। नगर में रामलीला चौक पर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर, नाका चौक दास हनुमान मंदिर, चौकी के सामने हनुमान मंदिर एवं गांव मलवासा आदि का आकर्षक श्रृंगार किया गया। शाम को विद्युत रोशनी से जगमगा रहा सभी मंदिरों और साथ ही क्षेत्र के आस-पास के गांवों में भी हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों द्वारा रामलीला चौक से हनुमान मंदिर से चल समारोह झंडा निकाला गया। श्रीराम जानकी मंदिर में भंडारा व आतिशबाजी के साथ महाआरती प्रसादी का आयोजन हुआ। तो मां गायत्री मंदिर व खेड़ापति हनुमान मंदिर में हवन-पूजन व रुद्राभिषेक व सुंदरकांड,भंजन किर्तन कर महाआरती की गई।

### हनुमान जन्मोत्सव पर गूंजे जयकारे, मंदिरों में दिनभर हुए धार्मिक अनुष्ठान

# मठ-मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड, श्रद्धालुओं की भारी भीड़







दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान का आकर्षक श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के विभिन्न मंदिरों में अभिषेक, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन एवं महाआरती जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में प्रातः 6 बजे अभिषेक के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके बाद सुबह 8 बजे श्रृंगार दर्शन हुए और 9 बजे से हवन-पूजन के साथ संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान लखन भावसार एवं श्रीराम सुंदरकांड समिति के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड की चौपाइयों का संगीतमय पाठ किया गया। भजनों की मधुर प्रस्तुति के माध्यम से हनुमान जी की महिमा का बखान किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

वहीं सोयत रोड स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में भी सुबह 8 बजे श्रृंगार दर्शन के साथ सुंदरकांड का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे विशेष पूजा-अर्चना तथा शाम 6 बजे भक्तों के लिए प्रसादी वितरण किया गया। इसके अलावा नगर के अन्य मंदिरों में भी दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रजिला पंचायत सदस्य कालुसिंह गणेशपुरा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चतुर्भुज दास भूतड़ा, लक्ष्मणसिंह कावल, गोवर्धन शुक्ला, कैलाश नारायण बजाज, विष्णु भावसार, पार्षद राकेश कानूड़िया, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन, पवन शर्मा, जितेंद्र सांवला, ईश्वरसिंह कांवळ, युगलकिशोर परमार एवं राहुल सिसोदिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण के कार्यक्रमों से वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहा।

**सारंगपुर**

सारंगपुर नगर में गुरूवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई है। इस अवसर पर हनुमान मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। मंदिरों को आकर्षक फूल से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए छप्पन भोग और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया।

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में नगर के ब्लाक कालोनी, सुदर्शन नगर कालोनी मंदिर में हनुमान बाबा का अभिषेक किया गया। चोला और श्रृंगार के बाद मंदिरों के पट दर्शनों के लिए खोल दिए गए। इन मंदिरों में देर शाम तक हनुमानजी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। पंडित ओपी शर्मा कहा कि हनुमान जी का स्मरण और प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। उन्होंने हनुमान जी को सबसे बडा परोपकारी बताया और कहा कि भगवान राम ने स्वयं उनकी प्रशंसा की थी। शर्मा ने यह भी बताया कि राम और हनुमान का स्मरण करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

#### 'जय-जय बजरंग बली गीत नगर में गुंजे

मंदिरों को आकर्षक ढंग से झालरों और फूलों से सजाया गया था। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन के लिए कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दर्शनार्थियों की भारी भीड देखी गई और 'जय-जय बजरंग बली₹ गीत नगर में गुंजे। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सुदर्शन नगर हनुमान मंदिर पर हनुमानजी का आकर्षक श्रंगार किया व महा आरती के पश्चात प्रशाद वितरण किया।

इसी प्रकार ग्राम पाडल्यामाता में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अल सुबह से मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड पडा। श्रीखेडापति हनुमान मंदिर बजरंगधाम व रणवीर संकट हरण मन्दिर को आकर्षक विद्युत साज सज्जा फूलों के गुलदस्ते फूल मालाएं गुब्बारे झिलमिलाती हुई रोशनी आकर्षक रंगोली से मनमोहक सजाया गया। मन्दिर महंत श्रीप्रमोद वैष्णव गुरुजी द्वारा हनुमानजी महाराज का महाअभिषेक व मनमोहक आकर्षक श्रृंगार कर चोला चढाया गया। एक दिवसीय रामायण पारायण का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ रामायण पारायण की पूणार्हूति की गई। पंडित मनोज उपाध्याय द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजन अर्चना हवन शान्ति इत्यादि कार्य करवाए गए। कन्या हाईस्कूल प्राचार्य बीपी पाटीदार द्वारा छप्पन भोग का आयोजन किया गया। हनुमानजी महाराज को छप्पन पकवानों का भोग लगाया गया। हनुमान मंदिर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हनुमान भक्त प्राचीन श्रीखेडापति हनुमान मंदिर पहुंचे व मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना की गई।



# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- हमारे मस्तिष्क का लगभग 80% भाग किससे बना है?
उत्तरः पानी
- वायु की गति मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
उत्तरः एनीमोमीटर
- 'स्टार्स एंड स्ट्राइप्स' किस देश के झंडे का उपनाम है?
उत्तरः संयुक्त राज्य अमेरिका
- कंप्यूटर द्वारा डेटा को प्रोसेस करने के लिए किस भाषा का उपयोग किया जाता है?
उत्तरः बाइनरी भाषा
- पृथ्वी की सतह का लगभग 71% भाग किससे ढका है: भूमि या जल?
उत्तरः पानी
- पृथ्वी पर उपलब्ध सबसे कठोर पदार्थ कौन सा है?
उत्तरः हीरा
- विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन सा है?
उत्तरः सहारा रेगिस्तान
- किस देश ने संयुक्त राज्य अमेरिका को स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी उपहार में दी?
उत्तरः फ्रांस
- संगीत के ग्रीक देवता का नाम क्या है?
उत्तरः अपोलो
- सिम कार्ड में "सिम" का क्या अर्थ है?
उत्तरः सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल
- तत्वों की आवर्त सारणी में पहला तत्व कौन सा है?
उत्तरः हाइड्रोजन
- विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान कौन सा है?
उत्तरः भारत
- मानव शरीर का सबसे बड़ा जोड़ कौन सा है?
उत्तरः घुटना

ऑटिज्म एक न्यूरो-डेवलपमेंटल समस्या है जो दिमाग के विकास के तरीके को प्रभावित करता है। दुनिया भर में लगभग 1% बच्चों में ऑटिज्म पाया जाता है। कहीं आपका बच्चा भी तो इसका शिकार नहीं है?

# किन बच्चों में होता है ऑटिज्म का खतरा, कैसे करें इसकी पहचान?

क्या आपके बच्चे को भी लोगों से आई कॉन्टैक्ट करने में दिक्कत होती है? देर से बोलता है या एक ही व्यवहार को दोहराता रहता है? अगर ये समस्या कुछ समय से बनी हुई है तो समय रहते डॉक्टरी सलाह जरूर ले लें, कहीं आपका बच्चा ऑटिज्म का शिकार तो नहीं है?

ऑटिज्म वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती एक न्यूरो-डेवलपमेंटल समस्या है जो दिमाग के विकास के तरीके को प्रभावित करती है। बचपन के शुरूआती वर्षों में ही इसके लक्षणों की आसानी से पहचान हो सकती है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनिया भर में लगभग 1% बच्चों में ऑटिज्म हो सकता है, हर 60-65 में से एक बच्चा इस समस्या का शिकार देखा जा रहा है। सभी माता-पिता के लिए शुरूआती दिनों में बच्चों के व्यवहार और उनकी गतिविधियों पर ध्यान देते रहना जरूरी होता है।

## ऑटिज्म है क्या, इसे समझ लीजिए

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर लोगों के सामाजिक मेलजोल और व्यवहार को प्रभावित करती है। क्लीवलैंड क्लिनिक की रिपोर्ट में विशेषज्ञ कहते हैं, ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं है। यही कारण है कि इसमें डॉक्टर बच्चे को उनकी क्षमताओं का अधिकतम लाभ उठाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद करने के तरीके समझाते हैं।



ऑटिज्म को स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक अलग-अलग स्तर पर दिखाई दे सकते हैं।

- कुछ बच्चे सामान्य रूप से स्कूल जा सकते हैं, जबकि कुछ को विशेष सहायता की जरूरत होती है।
- थेरेपी के माध्यम से लक्षणों में सुधार किया जा सकता है।

## बच्चों में ऑटिज्म की पहचान क्या है?

ऑटिज्म कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकता है, बच्चों में इसके संकेत स्पष्ट तौर पर देखे जा सकते हैं। ऑटिज्म के शिकार बच्चों को सामाजिक रूप से बातचीत और मेल-जोल में कठिनाइयां होती हैं। बच्चे के व्यवहार में अगर कुछ असामान्य सा नोटिस होता है तो आपको अलर्ट हो जाना चाहिए।

- नाम लेने पर बच्चा कोई खास प्रतिक्रिया नहीं देता है।
- अकेले खेलता है, साथ के बच्चों के साथ मेलजोल नहीं बना पाता।
- बात करते समय आंखें झुकाए रहता है।
- एक ही शब्द को या फिर एक ही गतिविधि को बार-बार करता रहता है।
- एक काम से दूसरे काम की तरफ शिफ्ट होने में परेशानी होती है।

## किन बच्चों को ज्यादा खतरा?

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि कुछ बच्चों में ऑटिज्म होने का खतरा अधिक रहता है। समय से पहले जन्मे (प्री-मैच्योर) बच्चे, जन्म के समय कम वजन वाले शिशुओं या जिनके परिवार में पहले से किसी को ऑटिज्म रहा है ऐसे बच्चों में ऑटिज्म होने का जोखिम ज्यादा रहता है।

अध्ययन की रिपोर्ट में पाया गया है कि जिन बच्चों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें ऑटिज्म होने का खतरा अधिक रहता है।

ऑस्ट्रेलिया में 1000 से अधिक मां और शिशुओं पर किए गए अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि जो बच्चे कम सोते हैं या जिनकी नींद की गुणवत्ता खराब होती है, उनमें ऑटिज्म विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है।

शिशुओं में नींद की समस्या न्यूरोडेवलपमेंटल विकारों का कारण बन सकती है जिसके कारण उनके सामाजिक कौशल में कमी आ सकती है।

## बच्चे को ऑटिज्म हो जाए तो इसे कैसे ठीक किया जाता है?

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि ऑटिज्म को पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन शुरूआती पहचान और थेरेपी से बच्चे की सामाजिक और शैक्षणिक क्षमता में बड़ा सुधार हो सकता है। बच्चों में इस समस्या के खतरे को कम करने के लिए गर्भावस्था में नियमित जांच, संतुलित आहार, संक्रमण से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना जरूरी है।

2-3 साल की उम्र में बच्चे के व्यवहार में असामान्यता दिखे तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लें, क्योंकि जितनी इसका इलाज होगा बच्चे के जीवन की गुणवत्ता में उतना सुधार होने के चांसेज होते हैं।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रनों से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इससे पहले हैदराबाद को आरसीबी के खिलाफ हार मिली थी।

## जीत की पटरी पर लौटी हैदराबाद, 2012 के बाद पहली बार कोलकाता सत्र के लगातार दो ओपनिंग मैच हारी

**नई दिल्ली।** हेनरिक क्लासेन (52), अभिषेक शर्मा (48) और ट्रेविस हेड (46) की तूफानी पारियों के बाद घातक गेंदबाजी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उनके घर में 65 रनों से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज कर ली। गुरुवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम 16 ओवर में सिर्फ 161 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। वहीं, हैदराबाद की तरफ से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिए जबकि ईशान मलिंगा और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो सफलताएं मिलीं। इसके अलावा हर्ष दुबे ने एक विकेट अपने नाम किया।

### लगातार दूसरा मैच हारी केकेआर

केकेआर 2012 के बाद पहली बार लगातार दो ओपनिंग मैच हारी है। हैदराबाद से पहले उसे मुंबई इंडियंस ने सत्र के शुरूआती मुकाबले में ही हराया था। वहीं, सनराइजर्स की 2020 के बाद कोलकाता के खिलाफ खेले 14 मुकाबलों में सिर्फ चौथी जीत है। वहीं, इडेन गार्डन्स पर खेले 12 आईपीएल मैचों में भी हैदराबाद की यह चौथी जीत है।



### हैदराबाद की धमाकेदार बल्लेबाजी

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद को ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 5.4 ओवरों में 82 रन जुटाए। ट्रेविस हेड 21 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए, उनकी इस पारी में तीन छक्के और छह चौके शामिल रहे। इनके अलावा, अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में चार छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 48 रन टीम के खाते में जोड़े।

सलामी जोड़ी के टूटने के बाद टीम ने तेजी से विकेट गंवाए। 9.2 ओवरों तक एसआरएच का स्कोर 118/4 था। यहां से हेनरिक क्लासेन ने नितीश रेड्डी के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन जोड़कर टीम का दोहरा शतक पूरा कराया। क्लासेन 35 गेंदों में एक छक्के और चार चौकों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए, जबकि नीतीश रेड्डी ने 39 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से ब्लेसिंग मुजरबानी ने सर्वाधिक चार विकेट हासिल किए, जबकि वैभव अरोड़ा ने दो विकेट निकाले। कार्तिक त्यागी और अनुकूल रॉय के नाम पर एक-एक विकेट रहा।

### रघुवंशी का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक, फिर भी हारी केकेआर

227 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की बल्लेबाजी निराशाजनक रही। फिन एलन ने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ 1.3 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एलन महज सात गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में दो छक्के और चार चौके शामिल रहे।

यहां से अंगकृष रघुवंशी ने कप्तान के साथ दूसरे विकेट के लिए 21 गेंदों में 37 रन की साझेदारी की। रहाणे ने टीम के खाते में 8 रन का योगदान दिया। अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। रिंकू ने 35 रन जुटाए, जबकि अंगकृष ने 29 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों के साथ 52 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। यह रघुवंशी का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई के खिलाफ मैच में भी अर्धशतक लगाया था।

## दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले मुंबई को राहत, टीम से जुड़े मिचेल सैंटनर; प्लेइंग-11 का होंगे हिस्सा?

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान मिचेल सैंटनर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच से पहले मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़ गए। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम शनिवार दोपहर को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। सैंटनर और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स ही मुंबई इंडियंस से जुड़ने वाले आखिरी दो खिलाड़ी बचे थे। मुंबई इंडियंस ने पिछले रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपना पहला मैच शानदार तरीके से जीता था।

पिछले महीने संपन्न हुए टी20 विश्व कप में अपनी-अपनी टीमों के लिए अहम भूमिका निभाने वाले इन दोनों विदेशी खिलाड़ियों ने मुंबई इंडियंस से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था। टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने पुष्टि की थी कि उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को निजी कारणों से कुछ और समय दिया है। केकेआर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर जयवर्धने ने संवाददाताओं से कहा था, जो खिलाड़ी देर से टीम में शामिल होंगे वे मिचेल सैंटनर और विल जैक्स हैं। दोनों ने निजी कारणों से थोड़ा और समय मांगा था और हमें इसमें कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन वे बहुत जल्द टीम में शामिल हो जाएंगे।



### केकेआर के खिलाफ मुंबई को खली थी सैंटनर की कमी

हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूनामेंट के अपने पहले मुकाबले में केकेआर को छह विकेट से हराया था। केकेआर से मिले 221 रनों के लक्ष्य को मुंबई ने 19.1 ओवर में सिर्फ चार विकेट खोकर हासिल कर लिया था। यह आईपीएल में मुंबई का अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज भी रहा। मुंबई की ओर से रेयान रिकेल्टन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों में 81 रनों की दमदार पारी खेली थी, जबकि रोहित शर्मा ने 38 गेंदों का सामना करते हुए 78 रन बनाए थे। दोनों ने पहले विकेट के लिए मिलकर 11.5 ओवर में 148 रन जोड़े थे और मैच को पूरी तरह से एकतरफा कर दिया था।

### फखर जमां की अपील खारिज

**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तान सुपर लीग की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति ने फखर की अपील खारिज कर दी है जिस कारण उन पर लगा दो मैचों का निलंबन जारी रहेगा। लाहौर कलंदर्स के ओपनर फखर जमां पर गेंद से छेड़छाड़ करने के लिए दो मैचों का निलंबन लगा है, लेकिन इस बल्लेबाज ने फैसले को चुनौती दी थी।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### फार्म हाउस पर पुलिस की रेड, पिस्टल-कारतूस बरामद, संचालक पर भी कार्रवाई

**इंदौर।** शहर के पास खुडैल थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए एक फार्म हाउस पर छापा मारकर अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। डीएसपी उमाकांत चौधरी के मुताबिक 3 अप्रैल की रात ग्राम गढ़ी स्थित अनुभूति फार्म हाउस में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम रात करीब 1.15 बजे मौके पर पहुंची तलाशी शुरू की। यहां जांच में सामने आया कि फार्म हाउस की संचालक अर्चना सिंह द्वारा वहां ठहरे लोगों की सूचना थाने में नहीं दी गई थी। साथ ही आने-जाने वाले व्यक्तियों की एंट्री के लिए कोई विजिटिंग रजिस्टर भी नहीं रखा गया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी सुरजभान सिंह (38) पुत्र प्रेमपाल सिंह राघव राजपुत निवासी किराडी सुलेमान नगर थाना अमन विहार दिल्ली को पकड़ा। उसकी स्कॉर्पियो कार की तलाशी ली। इसमें से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए। इस मामले में फार्म हाउस संचालक अर्चना सिंह पर भी नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की गई है।

### नवविवाहिता ने जहर खाने के बाद तोड़ा दम, पिता ने लगाए गंभीर आरोप

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। 25 वर्षीय दीक्षा मकवाना ने घर में जहर खा लिया, जिसके बाद अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक श्रृद्वासबूरी कॉलोनी निवासी दीक्षा पत्नी जीत मकवाना ने गुरुवार को घर में जहर खा लिया। पति उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता राजकुमार, जो देपालपुर क्षेत्र के सगदोड़ गांव के निवासी हैं, ने पति जीत मकवाना, सास-ससुर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी में कम दहेज मिलने और अन्य मांगों को लेकर दीक्षा को लगातार ताने दिए जाते थे। पिता के अनुसार, चार दिन पहले भी विवाद हुआ था, जिसके बाद वह बेटी को समझाने इंदौर आए थे। उन्होंने ससुराल पक्ष को समझाइश दी थी, लेकिन गुरुवार को बेटी के जहर खाने की सूचना मिल गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दीक्षा को जबरन जहर खिलाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। दीक्षा की शादी 2022 में हुई थी। परिवार में पति, सास-ससुर, दो ननद और डेढ़ साल का बेटा है।

### पिगडंबर रोड पर फर्नीचर व्यापारी को लूटा, वारदात के बाद बाइक सवार फरार

**इंदौर।** इंदौर के पिगडंबर रोड पर एक फर्नीचर कारीगर के साथ देर रात लूट की वारदात हो गई। बाइक से महू से लौट रहे युवक पर तीन बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया और मोबाइल-पर्स लूटकर फरार हो गए। घटना राऊ-किशनगंज मार्ग की बताई जा रही है। बालदा कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय संजय यादव महू के यादव मोहल्ला से रात करीब 11 बजे इंदौर लौट रहे थे। रास्ते में तीन बदमाशों ने सामने से डंडा मारकर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद मारपीट कर उनका मोबाइल और पर्स छीन लिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण संजय करीब दो घंटे तक सड़क पर बेहोश पड़े रहे। देर रात करीब 1.30 बजे होश आने पर किसी तरह घर पहुंचे और पत्नी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई और इलाज कराया गया। पीड़ित के मुताबिक तीनों आरोपी बाइक पर थे। हमला अचानक हुआ, जिससे वह आरोपियों को पहचान नहीं पाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी थाना क्षेत्र में 5 दिन पहले भी कार सवार युवकों-युवतियों के साथ लूट की वारदात हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है।

### विवाद में युवक पर चाकू से हमला आरोपी को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को उधारी के विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। घायल युवक को गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल और बाद में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीआई तिलक करोले के मुताबिक 2 अप्रैल को जिला अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक युवक चाकू के हमले में घायल होकर उपचार के लिए पहुंचा है। इस पर चंदन नगर पुलिस टीम तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंची और घायल मोहम्मद फैजान (21), निवासी केशव नगर से पूछताछ की। फैजान ने पुलिस को बताया कि तनवीर कुरैशी उर्फ तन्नु मंजरा से उसका उधारी को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात पर आरोपी ने गुस्से में आकर उस पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी तनवीर को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया गया है। उसने रहवासियों के सामने कान पकड़कर माफी मांगी। उसने उठक-बैठक लगाते हुए भविष्य में इस तरह का अपराध नहीं करने की शपथ भी ली। तनवीर के खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास और मारपीट के मामले दर्ज हैं।

### कार सहित पांच गाड़ियों में लगाई थी आग, सीसीटीवी कैमरे से हुई पहचान

**इंदौर।** बाणगंगा में एक कार और दो बाइक में आगजनी के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। इस मामले में शिवा गौंड को हिरासत में ले लिया है। रहवासियों ने बताया कि आरोपी के साथ उसके साथी भी थे। उसने तीन नही पांच गाड़ियों में आग लगाई। दो मामले में एफआईआर नहीं हुई। शिवा के अपराधिक रिकार्ड पुलिस खंगाल रही है। बाणगंगा के वृंदावन कॉलोनी में रविन्द्र पाल की शिकायत पर आगजनी के तीन मामले में एफआईआर दर्ज की थी। अलसुबह 5 बजे बदमाश ने पहले उनकी कार में आग लगाई। इसके बाद शेफ भागवत राव और प्रेमसिंह की खड़ी बाइक में आग लगा दी। आरोपी ने इसके बाद दो ओर लोगों की बाइक को भी आग के हवाले किया था। लेकिन पुलिस ने मामले में तीन आगजनी को लेकर ही एफआईआर दर्ज की है। शिवा आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ था।

### आसाराम ने डॉक्टरों से भूख कम लगने की शिकायत की

**इंदौर।** दुष्कर्म का आरोपी आसाराम बापू गुरुवार को शहर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में गुपचुप तरीके से लाया गया। इस बार उसकी एंट्री मुख्य गेट की बजाय साइड गेट से कराई गई, ताकि भीड़ और गहमागहमी से बचा जा सके। सुबह करीब 10 बजे उसके 10 से 15 अनुयायी पहले ही साइड गेट से अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ से चर्चा कर तैयारियां शुरू कर दीं। करीब 11 बजे कार साइड गेट पर पहुंची। पहले अनुयायी उतरे, फिर आसाराम को बाहर निकाला गया। उसे व्हीलचेयर दी गई, लेकिन उसने इनकार कर दिया और रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे अंदर गया। अस्पताल में करीब एक घंटे तक उसका चेकअप किया गया। इसमें न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट सहित पांच सुपर स्पेशिएलिटी डॉक्टरों की टीम शामिल रही। डॉक्टरों के अनुसार यह रूटीन फॉलोअप चेकअप था, क्योंकि वह लंबे समय से जांच के लिए नहीं आया था। प्रारंभिक जांच में उम्र से जुड़ी समस्याओं पर फोकस रहा। कार्डियोलॉजिस्ट की जांच में हृदय से जुड़ा कुछ संकेत मिला है, हालांकि किसी गंभीर बीमारी की पुष्टि नहीं की गई। क्रिएटिनिन बढ़ने या आंखों से संबंधित कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई। भूख कम लगने की शिकायत जरूर आई। इस दौरान अस्पताल की यूनिट को पूरी तरह सीमित रखा गया। डॉक्टरों और इमरजेंसी स्टाफ के अलावा किसी भी व्यक्ति को अंदर आने की अनुमति नहीं थी। सभी गेट पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहे और हर गतिविधि पर नजर रखी गई।

### इंदौर में गैस की किल्लत के बीच बाणगंगा क्षेत्र से ठगी का अनोखा मामला सामने आया

# नंबर आ गया कहकर 30 घरों से खाली सिलेंडर लेकर कर्मचारी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में गैस की किल्लत के बीच बाणगंगा क्षेत्र से ठगी का अनोखा मामला सामने आया है। एक गैस एजेंसी से जुड़ा कर्मचारी करीब 30 घरों से खाली सिलेंडर लेकर फरार हो गया। आरोप है कि उसने ये सिलेंडर ब्लैक में बेच दिए। मामले में एजेंसी संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक वल्लभ नगर निवासी 65 वर्षीय संतोष मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है। उनका गैस पाइंट नाम से गोदाम है, जहां मुकेश सोनोने पिछले 15 साल से काम कर रहा था।



आरोप है कि मुकेश घर-घर जाकर ग्राहकों को भरोसे में लेता था और कहता था कि उनका नंबर आ गया है, वह जल्द भरा सिलेंडर दे देगा। इस बहाने उसने करीब 30 ग्राहकों से खाली टंकियां ले लीं।

#### न सिलेंडर लौटाया और न फोन उठाया




सिलेंडर लेने के बाद आरोपी ने किसी भी ग्राहक को भरी टंकी नहीं दी। जब ग्राहकों की शिकायतें आने लगीं तो एजेंसी संचालक ने मुकेश से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। घर पर भी वह नहीं मिला। बताया जा रहा है कि 22 मार्च से ही वह एजेंसी पर आना बंद कर चुका था।

#### ब्लैक में बेचने का आरोप

शिकायत में आरोप है कि आरोपी ने एजेंसी से जुड़े सिलेंडरों को अन्य लोगों को ब्लैक में बेच दिया। करीब 30 पीड़ितों से जानकारी जुटाने के बाद एजेंसी संचालक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

#### एजेंसी के बाहर हंगामा

गैस नहीं मिलने पर कुछ दिन पहले पीड़ित ग्राहक एजेंसी के गोदाम पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद एजेंसी ने अपने ही कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी मुकेश सोनोने के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## एलपीजी की किल्लत : नाश्ता 10 रुपए तक महंगा

### सराफा-56 दुकान व अन्य चौपाटी पर पोहे, कचोरी, समोसे, पेटीज के दाम बढ़े, थाली भी महंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में एलपीजी की किल्लत और पीएनजी के रेट बढ़ने का असर अब आम लोगों की थाली पर साफ दिखने लगा है। 56 दुकान, सराफा बाजार और अन्य चाट-चौपाटियों पर खाने-पीने की चीजों के दाम 1 से 10 रुपए तक बढ़ गए हैं। पोहा, चाय, समोसा, कचोरी से लेकर चाइनीज आइटम तक महंगे हो गए हैं। इसका सीधा असर ग्राहकी पर भी पड़ा है।

शहर के फूड हब 56 दुकान और सराफा बाजार में रेट बढ़ोतरी के बाद दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। होटल और स्टॉल संचालकों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण दाम बढ़ाना मजबूरी हो गया है।



**400 का खाना अब 800 तक पहुंचा-** ग्राहकों के मुताबिक, जहां पहले 400-500 रुपए में दो लोगों का खाना हो जाता था, अब वही खर्च 700-800 रुपए तक पहुंच गया है। मिडिल क्लास परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। पहले जहां लोग हफ्ते में 2-3 बार बाहर खाना खाते थे, अब यह घटकर एक बार या उससे भी कम हो गया है।

- 56 दुकान स्थित विजय चाट हाउस के संचालक मृदुल ठाकर ने बताया कि इस बार रॉ मटेरियल के दाम में तेजी के कारण हमें खाने की चीजों के दाम 1 से 3 रुपए तक बढ़ाना पड़े हैं।
- मधुरम स्वीट्स के संचालक श्याम शर्मा ने कहा कि सभी वस्तुओं के दाम बढ़ने के कारण हमें अपने यहां 5 से 7 प्रतिशत तक दाम बढ़ाने पड़े हैं।
- जॉनी हॉट डॉग के संचालक ने बताया कि पहले हॉट डॉग 30 रुपए में दे रहे थे, लेकिन अब इसके दाम बढ़ाकर 35 रुपए किये गए हैं। 56 दुकान पर जो पानी पुरी 30 रुपए प्लेट मिल रही थी, उसके दाम बढ़कर 40 रुपए हो गए हैं।

### कलेक्टर की कार्रवाई

## झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक सील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पाटनीपुरा मेन रोड स्थित एक कथित क्लिनिक पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यहां बिना मेडिकल डिग्री के मरीजों का इलाज करने और खासतौर पर बवासीर के मरीजों से पैसे वसूलने का आरोप था।

पाटनीपुरा स्थित राव दवाखाना के खिलाफ पहली शिकायत 2023 में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को की गई थी। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में भी मामला उठाया गया, लेकिन करीब तीन साल तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। करणी सेना के संगठन मंत्री मानसिंह राजावत ने बताया कि हमारे कार्यालय पर शिकायतकर्ताओं ने आकर पूरी जानकारी दी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह दीक्षित, प्रदेश महासचिव मनीष सिंह सिसौदिया सहित अन्य कार्यकर्ता यहां पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा को मौके से कॉल लगाया इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दवाखाने को सील कर दिया। करणी सेना का दावा है कि डॉक्टर ने फर्जी रजिस्ट्रेशन करा रखा था। हालांकि प्रशासन ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

## सिमरोल में सरकारी नाले पर अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

डॉ. अंबेडकर नगर (महू) तहसील के सिमरोल गांव में सरकारी भूमि और प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली पर कथित अतिक्रमण को लेकर इंदौर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर इस रिट याचिका में सर्वे नंबर 890 पर दर्ज सार्वजनिक भूमि के संरक्षण के लिए कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। गुरुवार को मामले में सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने कॉलोनाइजर सहित अन्य को नोटिस जारी कर तलब किया गया है।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार सर्वे नंबर 890 सरकारी नाले/प्राकृतिक जल मार्ग के रूप में दर्ज है, जो क्षेत्र की प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मानसून के दौरान इस मार्ग से भारी मात्रा में वर्षा जल बहता है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कॉलोनाइजर राजू पेंड्रावाला, अनुराग पांडिया और उनकी फर्म पेंड्रावाल एस्टेट ने सर्वे नंबर 889 स्थित अपनी निजी भूमि पर विराज ग्रीन्स नामक आवासीय कॉलोनी विकसित करते समय उससे सटी सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया। आरोप है कि प्राकृतिक जल निकासी मार्ग में मिट्टी और निर्माण का मलबा डालकर उसे संकरा कर दिया गया, जिससे पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है।

## महू में हनीट्रैप गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महू क्षेत्र में बड़गोंदा पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को फंसाकर वसूली करने वाले एक हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दरअसल, यह गिरोह खासतौर पर नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को निशाना बनाता था। उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूलता था।

पुलिस जांच में सामने आया कि इंदौर की रहने वाली भावना भार्गव अपने साथियों साधना और बिजय के साथ मिलकर इस गिरोह को चला रही थी। ये आरोपी पहले सोशल मीडिया या फोन के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे, फिर उन्हें मिलने के लिए बुलाकर अपनी साजिश को अंजाम देते थे।

गिरोह ने महू के एक पूर्व सैन्यकर्मी को भी अपना शिकार बनाने की कोशिश की। भावना ने उसे बातों में उलझाकर बेरछा रोड स्थित एक फार्म हाउस पर बुलाया। वहां पहले से मौजूद उसके साथी अचानक कमरे में घुस आए और खुद को रिश्तेदार बताकर पूर्व सैन्यकर्मी पर गलत आरोप लगाने लगे। इसके बाद पुलिस केस की धमकी देकर 2 लाख रुपए की मांग की गई। हालांकि, फार्म हाउस कर्मचारियों की सतर्कता के कारण पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरी साजिश का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी पता चला कि इसी गिरोह ने उसी दिन इंदौर के एक व्यापारी को भी फंसाया था। उसे किराए के मकान पर बुलाकर हंगामा किया गया और दबाव बनाकर 28 हजार रुपए वसूल लिए थे। पुलिस ने भावना (25), साधना (37) और बिजय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com